e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 92

गुरुवार

04.04.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

यदि आप कुछ नया नहीं कर रहे हैं, तो आप सफलता प्राप्त नहीं कर सकते।

ताजा खबरों के लिए देखें

**रोजा का समय**

इफ्तार (04.03.24): शाम 06:07 बजे

सेहरी (05.04.2024) सुबह 04 : 15 बजे

Sreeleathers

66 K-ROAD, BISTUPUR

## क्विक न्यूज

### छत्तीसगढ़ : बीजापुर में 13 नक्सलियों के शव बरामद



**बीजापुर** : छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच बड़ी मुठभेड़ हुई है। 2 अप्रैल को हुई इस मुठभेड़ में कई नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। ताजा खबर ये है कि इस मुठभेड़ के बाद अब तक 13 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं।मिली जानकारी के मुताबिक, ये मुठभेड़ 2 अप्रैल को गंगालूर थानाक्षेत्र के कोरचोली के जंगलों में हुई है। मुठभेड़ में कई नक्सली घायल भी हुए हैं। सुरक्षाबलों द्वारा उन्हें ढूंढने के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है और इलाके को चारों तरफ से घेर लिया गया है। मारे गए नक्सलियों के पास से इंसास एलएमजी जैसे ऑटोमैटिक हथियार भी बरामद किए गए हैं।

### राहुल गांधी ने वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से दाखिल किया नामांकन

**नई दिल्ली** : कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने से पहले उन्होंने वायनाड में रोड शो किया। इस दौरान उनका जोरदार स्वागत किया गया। रोड शो में करीबन हजारों की संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। बता दें कि 2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी ने वायनाड से चार लाख से अधिक मतों के भारी अंतर से जीत हासिल की थी। राहुल गांधी का रोड शो सुबह के 11 बजे शुरू हुआ। उन्होंने लोगों को संबोधित भी किया। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा,आपका सांसद सदस्य होना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं आपको मतदाता के तौर पर नहीं देखता हूं। मैं आपके साथ वैसा ही व्यवहार करता हूं और आपके बारे में वैसा ही सोचता हूं जैसा मैं अपनी बहन के लिए करता हूं। क्योंकि वायनाड के घरों में मेरी मां, बहन, भाई और पिता रहते हैं।उन्होंने आगे कहा,हम न्याय के नए युग में कदम रख रहे हैं। मैं पूरी निष्ठा से जनता की सेवा करना चाहता हूं।

### लोकसभा चुनाव के लिए जल्द जारी हो सकता है भाजपा का घोषणा पत्र

**नई दिल्ली** : लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी का घोषणा पत्र अगले सप्ताह जारी हो सकता है.19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान से पहले बीजेपी का घोषणा पत्र जारी हो सकता है. इस घोषणापत्र की थीम मोदी की गारंटी और विकसित भारत 2047 हो सकती है. माना जा रहा है कि घोषणा पत्र में ज्ञान पर फोकस किया जाएगा. ज्ञान यानी गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी शक्ति (महिला).पीएम मोदी कई बार कह चुके हैं कि उनके लिए देश में केवल चार सबसे बड़ी जातियां हैं- गरीब, युवा, किसान और महिलाएं. ऐसे में यह माना जा रहा है कि बीजेपी अपने घोषणा पत्र में इन चार वर्गों के लिए कई महत्वपूर्ण वादे कर सकती है.घोषणा पत्र के लिए बीजेपी ने 27 सदस्यीय टीम का भी गठन किया है. इसके अध्यक्ष केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हैं. इस घोषणा पत्र में पिछले 10 सालों में सरकार के कामकाज का ब्यौरा और पूरे किए गए वादों का जिक्र किया जा सकता है.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $35^0$ |
| न्युनतम | $20^0$ |

**लोकसभा चुनाव के मद्देनजर स्वास्थ्य सचिव ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के साथ की बैठक**

# सभी मतदान केंद्रों पर तैनात रहेंगे पारा मेडिकल स्टाफ : के. रवि कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : लोकसभा चुनाव 2024 में सभी मतदान केन्द्र स्थल से मतदान दिवस के एक दिन पहले से ही मेडिकल टीमें संबद्ध रहेंगी। मतदान केंद्र भवनों में तैनात स्वास्थ्यकर्मियों के पास मतदाताओं और निर्वाचन कार्य में लगाये गये पदाधिकारी, कर्मियों एवं सुरक्षा बलों के लिए जरूरी दवाएं ,ओआरएस घोल इत्यादि सहित प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध रहेगी। संबंधित प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र के चिकित्सा पदाधिकारी अपने क्षेत्राधीन एंबुलेंस या किसी अन्य वाहन से पारा मेडिकल स्टाफ के साथ सभी मतदान केन्द्रों पर चलायमान रहेंगे। 108 एंबुलेंस की सुविधा मतदान के एक दिन पहले से ही पुख्ता रहेगी। किसी भी आकस्मिकता की स्थिति में निर्वाचन कर्मियों के लिए कैशलेस इलाज की सुविधा रहेगी। सभी सिविल सर्जन संबंधित जिला निर्वाचन पदाधिकारी की सहमति से अपने क्षेत्रधिन सरकारी, गैर सरकारी एवं उच्चतर सुविधा वाले अस्पतालों की सूची तैयार कर उनकी मैपिंग करा लें। आकस्मिक स्थिति में सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों में इलाज हेतु ससमय रेफरल की व्यवस्था रहे, ताकि निर्वाचन कर्मियों के लिए तत्काल बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध रहे। विशेष परिस्थितियों के लिए एयर एंबुलेंस की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा सहित स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक को संबोधित करते हुए उक्त बातें कहीं। नेपाल हाउस स्थित सभागार में आयोजित इस बैठक से राज्य के सभी जिलों के सिविल सर्जन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

**मेडिकल किट के साथ सभी मतदान भवन में तैनात रहेंगे स्वास्थ्य कर्मी**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने लोकसभा निर्वाचन को लेकर चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों को अलर्ट मोड में रहने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में लगे पोलिंग पार्टी, चुनाव कर्मी, सुरक्षाकर्मी, मतदान के दिन आये मतदाताओं के लिए प्रत्येक मतदान भवन में प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध रखी जानी हैं। इसके लिए मतदान केंद्र भवन में मेडिकल किट के साथ स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती की जाएगी। स्थानीय सरकारी अस्पतालों, स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती रहेगी। साथ ही गैर सरकारी अस्पतालों एवं राज्य के बाहर के उच्चतर सुविधा वाले अस्पतालों को भी चिन्हित किया जा रहा है।



**बैठक में इनकी रही उपस्थिति**

उक्त बैठक में अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, आलोक त्रिवेदी, निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएं, डॉ चंद्र किशोर शाही, विशेष सचिव, जय किशोर प्रसाद, मुख्य निर्वाचन पदधिकारी कार्यालय की ओएसडी गीता चौबे सहित स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे।

**चुनाव के दिन जरूरतमंदों का होगा इलाज**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान भवन में स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती से मतदान कार्य में लगे पदाधिकारी, कर्मी के साथ-साथ यहां आने वालें मतदाताओं का इलाज एवं जरूरतमंदों को आवश्यक दवाईयां उपलब्ध कराई जा सकेगी। उन्होंने लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान केंद्रों पर स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति, एम्बुलेंस, एयर एम्बुलेंस, पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती जैसे स्वास्थ्य से संबंधित अन्य विषयों पर बिंदुवार समीक्षा की।

**मतदान के दिन स्वास्थ्य कर्मी पोस्टल वैलेट से अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें नेहा अरोड़ा**

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने पीपीटी के माध्यम से सभी जिलों के सिविल सर्जनों को भारत निर्वाचन आयोग के पैरामेडिकल स्टाफ एवं मेडिकल कीट संबंधी गाइडलाइंस के बारे में विस्तृत जानकारी दी। एयर एम्बुलेंस, एम्बुलेंस आकस्मिक सुविधा आदि विषयों पर जानकारी देते हुए सजग रहने की बातें कही। स्वास्थ्य सेवा से जुड़े सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मियों के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध कराई गयी है। मतदान के दिन ड्यूटी पर तैनात स्वास्थ्य कर्मी पोस्टल वैलेट से अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा से जुड़े पदाधिकारी एवं चिकित्सक मतदाता जागरूकता में सहयोग करें। उन्होंने विशेषकर चिकित्सकों से अपील किया कि अपने यहां आने वाले मरीजों के पर्चे में वहाँ के मतदान दिवस की तिथि एवं मतदान करने संबंधित स्टाम्प लगाकर अपील करें, ताकि सभी मतदाता मतदान के प्रति सजग हो सकें।

**हाई कोर्ट में सशरीर हाजिर हुए ट्रैफिक एसपी**

# रांची में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार दिखे, यह सुनिश्चित करें : हाई कोर्ट




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखंड हाई कोर्ट में राजधानी रांची में लचर ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई। कोर्ट के आदेश के आलोक में ट्रैफिक एसपी कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने उनसे मौखिक कहा कि रांची शहर में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार धरातल पर दिखे, यह सुनिश्चित करें। रांची शहर में खासकर महात्मा गांधी मार्ग (मेन रोड), लालपुर चौक, किशोरी यादव चौक पर यातायात व्यवस्था पर विशेष फोकस रखें। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें।

कोर्ट ने रांची नगर निगम से जानना चाहा कि मल्टी स्टोरेज पार्किंग की क्या व्यवस्था है। इस पर बताया गया कि हिनू, साधु मैदान कोकर, सुजाता चौक के पास मल्टी स्टोरेज पार्किंग व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए जमीन अधिग्रहण पर बातचीत चल रही है।

कोर्ट ने मौखिक कहा कि रांची शहर में ऐसा देखा जाता है कि सड़कों पर ऑटो चालक रास्ते का अतिक्रमण करते हैं, चौक-चौराहों पर बड़ी संख्या में ऑटो खड़े रहते हैं, जिससे जाम लोगों को समस्या होती है। रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने पैरवी की। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता गौरव राज ने पैरवी की।एसपी से कोर्ट ने जानना चाहा कि शहर में टेंपो चालकों के लिए क्या पार्किंग की व्यवस्था है? कोर्ट ने यह भी कहा कि मेन रोड में कई वाहन चालक बगैर हेलमेट के चलते हैं।

ऐसे में ट्रैफिक पुलिस को सघन चेकिंग अभियान लगातार चलाने की जरूरत है। रात में मेन रोड में फुटपाथ दुकानदार सड़कों पर बाजार लगाते हैं, जिससे लोगों का चलना दुर्लभ हो जाता है। ट्रैफिक एसपी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि हेलमेट चेकिंग अभियान लगातार चलती रहती है। सीसीटीवी के माध्यम से भी हेलमेट नहीं पहनने वालों का ऑनलाइन चालान काटता है। ट्रैफिक सिग्नल में लाइट के खराब होने पर उसे बदला जाता है। वाहनों में काला शीशा लगाने वाले, हेलमेट नहीं पहनने वालों के खिलाफ स्पेशल ड्राइव चलाकर चालान भी काटा जाता है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 23 अप्रैल निर्धारित करते हुए ट्रैफिक एसपी को निर्देश दिया कि वह अगली सुनवाई में रांची शहर में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए उठाए जा रहे कदमों के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करें। कोर्ट ने अगली सुनवाई में भी रांची ट्रैफिक एसपी को सशरीर उपस्थित रहने का निर्देश दिया है।

# परिवारवाद को बढ़ावा देना इंडी गठबंधन का मकसद : शाह



**एजेंसी**

**मुजफ्फरनगर** : भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को मुजफ्फरनगर में केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान के समर्थन में आयोजित जनसभा में विपक्ष पर निशाना साधा। अमित शाह ने कहा कि विपक्षी दलों के इंडी गठबंधन का मकसद परिवार के लोगों को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बनाना है। जबकि मोदी का मकसद देश के किसान, गरीब, मजदूर, दलित और आदिवासी को मजबूत बनाकर अपने पैरों पर खड़ा करना है। अमित शाह ने बुढ़ाना स्थित राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित जनसभा में कहा कि इस चुनाव में जो घमंडिया गठबंधन इकट्ठा हुआ है, उसमें 12 लाख करोड़ रुपये के घपले-घोटाले, भ्रष्टाचार करने वाले लोग एकत्र हुए हैं। जिस दिन मोदी ने मेरठ में रैली की उसी दिन विपक्षी गठबंधन ने भ्रष्टाचारी रैली आयोजित की और उसमें भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने की बात की। घमंडिया गठबंधन, जिसमें अखिलेश यादव की पार्टी और कांग्रेस है, ये कभी नहीं चाहते थे कि अयोध्या में राम मंदिर बने। कांग्रेस ने 70 साल तक राम जन्मभूमि के मुद्दे को अटका कर, लटकाकर और भटकाकर रखा। मोदी ने केस भी जीता, भूमि-पूजन भी किया और 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भी कर दी। गृहमंत्री शाह ने कहा कि मोदी ने गरीब एवं किसानों के उत्थान के लिए बहुत सारे कार्य किए हैं। मोदी ने गुड़ और गन्ने के इस क्षेत्र में गन्ने के लिए राष्ट्रीय नीति बनाकर ढेर सारे बदलाव किए हैं। बसपा शासन में 19 चीनी मिलें बंद हुई, अखिलेश के शासन में 10 चीनी मिलें बंद हुई लेकिन भाजपा के शासन में 20 से अधिक चीनी मिलों को शुरू किया गया और 5 नई चीनी मिलें बनाने का काम भी हमारी सरकार ने किया है।

# चुनाव से पहले गिरफ्तार कर पार्टी को खत्म करने की कोशिश : अरविंद केजरीवाल

*** अरविंद केजरीवाल की ओर से दायर याचिका पर दिल्ली हाइकोर्ट में हुई सुनवाई**

**केजरीवाल ने ईडी के हर समन का विस्तार से जवाब दिया है. गिरफ्तारी का एकमात्र उद्देश्य उन्हें अपमानित करना है.**



**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : शराब घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से दायर याचिका पर दिल्ली हाइकोर्ट में सुनवाई हुई. केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी और निचली अदालत की कस्टडी के खिलाफ हाइकोर्ट में याचिका दायर की थी. अदालत ने बुधवार को फैसला सुरक्षित रख लिया है. अगली सुनवाई की तारीख अभी तय नहीं हुई है. अदालत ने दोनों पक्षों से कहा है कि कल तक कुछ और लिखित में देना हो तो दे सकते हैं. अरविंद केजरीवाल की तरफ से अभिषेक सिंधवी ने कहा कि कोर्ट को यह देखना होगा कि चुनाव में सभी पार्टियों को बराबर का मौका मिले. इस केस में चुनाव से पहले गिरफ्तारी करके पार्टी को खत्म करने की कोशिश की गई है.केजरीवाल की तरफ से कहा गया कि गिरफ्तारी की टाइमिंग ही ईडी की मंशा पर सवाल उठाने के लिए पर्याप्त है. ईडी का पहला समन अक्टूबर में जारी किया गया था. गिरफ्तारी मार्च में जाकर होती है.टाइमिंग देखा जाए.पीएमएलए के तहत गिफ्तारी के लायक कोई सबूत ईडी के पास नही है. बिना किसी बयान को दर्ज किए इस केस मे गिफ्तारी की गई है. पीएमएलए के सेक्शन 15 और 19 में दिए गए प्रवधानों पर यह गिफ्तारी खरी नही उतरती है. पहले समन और गिफ्तारी के बीच केजरीवाल का बयान दर्ज नही किया गया. अभिषेक सिंधवी ने कहा कि क्या केजरीवाल के भागने की संभावना थी? क्या उन्होंने डेढ़ साल में किसी गवाह को प्रभावित करने की कोशिश की. क्या उन्होंने पूछताछ से इंकार किया? केजरीवाल ने ईडी के हर समन का विस्तार से जवाब दिया है. गिरफ्तारी का एकमात्र उद्देश्य उन्हें अपमानित करना है. गिरफ्तारी का असली उद्देश्य मुझे अक्षम बनाना है. ईडी - कह रही है कि उन्हें आगे चलकर सीएम की भूमिका का पता लगाना है. ये आज उनकी गिरफ्तारी का आधार कैसे हो गया. अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका का विरोध करते हुए ईडी की तरफ से कहा गया कि जब अभी हमने केजरीवाल के खिलाफ चार्जशीट फाइल नही किया तो बयान आधार की यहाँ जिक्र करने का क्या औचित्य है.

# कांग्रेस ने चलाया घर-घर गारंटी कैंपेन

**मोदी की गारंटी को नाकाम बताया**



**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को उत्तर पूर्वी दिल्ली से पार्टी के 'घर-घर गारंटी अभियान की शुरुआत की और दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'गारंटी तो लोगों को नहीं मिली, लेकिन उनकी पार्टी जो गारंटी दे रही है, उन पर वह अमल करेगी. पार्टी का यह चुनावी अभियान पांच 'न्याय और 25 गारंटी पर आधारित है.खरगे ने उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में इस अभियान की शुरुआत की. इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस के पांच न्याय और 25 गारंटी का उल्लेख किया.कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने संवाददाताओं से कहा, आज उत्तर पूर्वी दिल्ली में कांग्रेस अपना गारंटी कार्ड बांटने के लिए आई है. हमारा संदेश साफ है कि कांग्रेस के पांच 'न्याय के तहत हम 25 गारंटी पूरी करेंगे. कांग्रेस के कार्यकर्ता घर-घर जाकर गारंटी कार्ड बाटेंगे और लोगों से मिलकर उन्हें बताएंगे कि 'इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर हम जनता के लिए क्या-क्या करेंगे.उन्होंने दावा किया,मोदी जी अपनी गारंटी की बात करते हैं, लेकिन उनकी गारंटी कामयाब नहीं हुई. उनकी गारंटी लोगों को नहीं मिली. उन्होंने हर साल दो करोड़ नौकरियों की बात की, लेकिन लोगों को नौकरी नहीं मिली. उन्होंने 15-15 लाख रुपये देने का वादा किया, लेकिन यह गारंटी भी पूरी नहीं.उन्होंने कहा,मोदी सरकार राजनीतिक दलों को डरा रही है. कांग्रेस पार्टी के खाते से 135 करोड़ रुपये निकाल लिए गए. क्या लोकतंत्र में इस तरह से चुनाव होता है? क्या लोकतंत्र में सबको समान स्तर पर चुनाव लड़ने का अधिकार नहीं है? कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से घर-घर गारंटी अभियान की शुरुआत की. कांग्रेस कार्यकर्ता अगले कुछ हफ्तों में पूरे भारत में 8 करोड़ परिवारों को ये गारंटी कार्ड्स वितरित करेंगे, जो 14 अलग-अलग भाषाओं में प्रिंट किए गए हैं.

# भूकंप के भयंकर झटकों से दहला ताइवान

**एजेंसी**

**ताइपे** : ताइवान में बुधवार को 7.5 तीव्रता का भूकंप आया। इसके झटके जापान और फिलीपींस तक महसूस किए गए। ताइवान के फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक, 9 लोगों की मौत हुई है। 930 से ज्यादा लोग घायल हैं। मरने वालों का आंकड़े बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। इसका केंद्र धरती से 34 किलोमीटर नीचे था। भारतीय समय के मुताबिक सुबह 5ः30 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। कई इमारतें जमींदोज हो गई, लैंड स्लाइड भी हुई है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।ताइवान में भूकंप से मची तबाही पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दुख जताया। सोशल मीडिया पर पोस्ट में पीएम ने लिखा,भूकंप में घायल हुए लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हम इस मुश्किल घड़ी में ताइवान के लोगों के साथ हैं।भारत ने ताइवान में रहने वाले भारतीयों के लिए एडवाइजरी जारी की है।

**असर्फी हॉस्पीटल,धनबाद**

हर साल सिर्फ एक बार जाँच । रोग नहीं, रोकथाम जरूरी।।

Basic Health Check-up ₹999 Onwards 33 Tests

Master Health Check-up ₹2999 Onwards 57 Tests

Cardiac Care Package ₹4999 Onwards 61 Tests

Full Body Health Check-up ₹9999 Onwards 84 Tests

78083 68888 | www.asarfihospital.com

**संक्षिप्त खबरें**

## हुसैनाबादः 15000 किलोग्राम जावा महुआ व 250 लीटर महुआ शराब जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर उत्पाद विभाग द्वारा बुधवार को हुसैनाबाद थाना अंतर्गत घाघरा एवं हरईया में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान उत्पाद विभाग ने कुल 15000 किलोग्राम जावा महुआ तथा 250 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। इस दौरान इस कार्य में अवैध रूप से जुड़े उमेश रजवार, हरेंद्र यादव, सनोज यादव, विजय यादव, बंडोल यादव के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया। समाचार लिखे जाने तक छापेमारी जारी है। इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि उपायुक्त श्री रंजन के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टगत इस तरह का छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

# शाहपुर में जय श्री राम के जयकारे के साथ निकला मंगलवारी जुलूस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** शाहपुर मे श्री राम जय जय श्री राम के जयकारे के साथ मंगलवार कि रात महावीर नवयुवक दल जेनरल शाहपुर के तत्वाधान में मंगलवारी जुलूस गाजे-बाजे के साथ निकाला गया। इसमें पारंपरिक अस्त्र-शस्त्रों व महावीरी झंडा के साथ बड़ी संख्या में राम भक्त शामिल हुए। जुलूस विवेकानंद चौक से निकलकर पनेरीबांध रोड विवेकानंद नगर होते हुए शाहपुर बाजार मोहल्ला, कुम्हार मोहल्ला से निकलकर गढ़वा रोड हरिजन मोहल्ला से नगर भ्रमण करते हुए शाहपुर बाजार मोहल्ला स्थित महावीर मंदिर जूलुस पहुंचा और लाठी डंडे से लोगों ने एक से बढ़कर एक कर्तव्य दिखाएं उसके और पूजा पाठ के बाद समापन किया गया। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में राम भक्तो ने तलवार बाजी, लाठी डंडा आदि का खेल प्रदर्शन किया। इसे लेकर लोगों



में काफ़ी उत्साह भी देखा गया।इसे सफल बनाने में शाहपुर महावीर में युवक दल के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, भोला पांडे, अनिल जायसवाल, डब्ल्यू जायसवाल, सुनील गुप्ता, संजय जायसवाल, धीरज जायसवाल, राजेंद्र रवि, दिनेश पासवान, लवलेश प्रजापति, दीपक जायसवाल, राजेश गुप्ता, अनिल गुप्ता, लड्डू जायसवाल, मिशु जायसवाल, गणेश जायसवाल, पप्पू जायसवाल, उजाला सर धर्मेंद्र जायसवाल, भोला पांडे, सहित कई लोग शामिल थें।

# आरपी बिमला निकेतन में साइंस एग्जीबिशन आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** आरपी बिमला निकेतन फरठिया में साइंस एग्जीबिशन आयोजित किया गया। इस मौके पर बच्चों द्वारा बनाए गए साइंटिफिक उपकरणों को देखकर बच्चों की प्रतिभा और शिक्षकों के परिश्रम को सराहा गया। इस अवसर पर निदेशक सुशील केसरी ने बच्चों की प्रतिभा का हौसला आफजाई करते हुए कहा कि बच्चों में असीम प्रतिभा होती है। उन्होने कहा कि इसे निखारने में शिक्षकों के साथ-साथ माता-पिता का भी सहयोग आवश्यक होता है। बच्चों को कभी भी खाली पेट विद्यालय ना भेजें और उनके अध्ययन काल में उनका सहयोग भी करें। तभी बच्चे अच्छा कर पाते हैं। मौके पर सैलानिगार द्वारा प्रस्तुत किए गए सोलर सिस्टम एवं सोलर एक्लिप्स को प्रथम पुरस्कार, विकास कुमार को उनके हीटर के लिए सेकंड पुरस्कार एवं हिमानी कुमारी को डे एंड नाइट की प्रक्रिया की प्रस्तुति के लिए थर्ड पुरस्कार दिया गया। इसके अतिरिक्त बच्चों द्वारा सोलर सिस्टम, ट्री ग्रोथिंग सिस्टम, वॉटर डिस्पेंसर, पाचन तंत्र, लिफ्ट, बीज अंकुरण, चंद्रमा की कलाएं, मानव हृदय का मॉडल, वायु प्रदूषण, जल चक्र, वैक्यूम क्लीनर, चंद्रयान-3 आदि के मॉडल प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर प्राचार्य अनिरुद्ध कुमार समेंत बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।

## विधायक ने पलामू की बिजली व्यवस्था को लेकर केंद्रीय मंत्री को लिखा पत्र



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने केंद्रीय विद्युत मंत्री को पत्र लिख कर कहा है कि विगत दिनों आए आंधी- तूफान में झारखंड प्रदेश के पलामू प्रमंडल अंतर्गत सेंट्रल ग्रिड लहलहे-भगोडीह 220 केविए संचरण लाईन के चार टावर ध्वस्त हो जाने के कारण पलामू के कुछ भाग में विद्युत आपूर्ति की स्थिति चरमरा गई है। फलस्वरुप जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। उन्होंने कहा है कि पलामू जिले में भीषण गर्मी का प्रकोप शुरू हो चुका है। पारा 42 डिग्री से 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। ऐसे में विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर जनजीवन पर पड़ने वाले कुप्रभाव की सहज कल्पना की जा सकती है। विधायक ने झारखंड प्रदेश के पलामू प्रमंडल अंतर्गत सेंट्रल ग्रिड लहलहे-भगोडीह 220 केविए संचरण लाईन के सभी क्षतिग्रस्त टावर का युद्ध स्तर पर मरम्मति कराकर यथाशीघ्र निर्वाध विद्युत आपूर्ति बहाल कराने का आग्रह किया है। जब तक क्षतिग्रस्त टावर की मरम्मति नहीं हो जाती है, तब तक विद्युत आपूर्ति हेतु वैकल्पिक व्यवस्था कराने की मांग की है। जिससे इस भीषण गर्मी में राहत मिल सके।

## क्रेशर संचालक पर महिला ने लगाया छेड़खानी का आरोप

**भवनाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के मकरी पंचायत के बगहि टोला निवासी सैरून बीबी ने गांव के ही क्रेशर संचालक समशूदिन अंसारी पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए थाना में आवेदन दी है। आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। थाना को दिये आवेदन में सैरून बीबी लिखी है कि समसुद्दीन अंसारी मंगलवार की रात हमारे घर पर आए थे, और अकेला देखकर छेड़छाड़ करने लगे। मेरे साथ गंदी-गंदी हरकत करते हुए गलत काम करने का प्रयास करने लगे। मेरे द्वारा विरोध करने पर मारपीट भी की। इसी बीच शोरगुल करने पर हमारा बेटा पहुंच गया। इसके बाद वहां भाग गया।

# विधालय बना गौशाला, भवन अधूरा, बच्चा व शिक्षक कागजों में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** पलामू जिले के छतरपुर प्रखंड के हुटुकदाग पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विधालय टुकवाटांड में इकलौता विधालय है और वर्ष 2008-2009 में भवन निर्माण के लिए स्वीकृत प्राप्त हुई थी। सरकार के द्वारा भवन निर्माण, शौचालय ,किचन के आलावा विकास मद की लाखों रुपया मिला है लेकिन विधालय के प्रधानाध्यापक सह सचिव श्री प्रदीप कुमार पाठक के द्वारा विधालय भवन जैसे तैसे तो अधूरा भवन निर्माण कर पैसों की निकासी कर गबन कर ली गई है। आगे बताते चलें कि दुर्भाग्य की बात यह है कि विधालय मे आज भी बच्चें की हाजिरी कागज पर बनता है और विधालय मे पशु बंधा हुआ मिली। विधालय मे एक सप्ताह खुलती है और सरकार की मेनू के अनुसार कभी मध्यान भोजन नहीं दी जाती है। विकास मद की राशि निकासी कर डकार ली जाती है ,और विधालय भवन काफी जर्ज़र और खंडहर मे तब्दील हो चुकी है। शौचालय जर्ज़र और गंदगी से अम्बार भरा हुआ है। अध्यनरत छात्र उमेश कुमार, मालती कुमारी और अभिभावक रामराज कुमार, कौशल्या देवी, सविता देवी से पूछने पर बताया कि हमेशा स्कूल बंद रहता है,शिक्षक नहीं आते है और महीना एक सप्ताह खुला रहता है विधालय मे बच्चें कि ड्रेस ,बैग, कौपी किताब भी नहीं दिया जाता है और स्कूल मे शिक्षा नहीं मिलने से नाराज अभिभावक ने अपने बच्चे की बगल की स्कूल भेजनें के लिए विवश है। सहायक अध्यापक से पूछने पर संतोषजनक जबाब नहीं दिये। कौशल्या देवी ने बताया की शिकायत करने के बाद पदाधिकारी आते है और जाँच कर के चले जाते है अभी तक कोई करवाई नहीं होने के कारण विधालय मे कोई सुधार नही हुआ।

# विद्या मंदिर जपला में हवन यज्ञ के साथ सत्र आरंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में हवन यज्ञ व अनुष्ठान कार्यक्रम के साथ नए सत्र -2024-25 का शुभारंभ करते हुए आगामी सत्र के लिए पूरे विद्यालय परिवार की सुख शांति तथा समृद्धि की प्रार्थना की गई।* अनुष्ठान के दौरान कलश स्थापना की गई तथा सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा पाठ और पुरोहित सह आचार्य पुरुषोत्तम वैद्य द्वारा पुरे विधि-विधान के साथ पूजन कार्य संपन्न कराया गया। पूजन अनुष्ठान के लिए विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए हवन कुंड व उसके आस पास की अल्पना काफी मनमोहक रही। प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने विद्या भारती की कार्यप्रणाली व नए सत्र के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा हमारी परंपरा एवं मान्यता है कि कोई भी कार्य यदि हम ईश्वर की स्तुति के साथ करते हैं तो उसमें अवश्य सफलता मिलती है।नए सत्र में नए जोश, स्फूर्ति एवं नई संकल्प



के साथ किया गया कार्य से अवश्य अपने जीवन के लक्ष्य को आसानी से पूर्ण किया जा सकता है।हवन यज्ञ की पवित्र अग्नि में मन के विकार, शरीर की रुग्णता और वातावरण की अशुद्धता जलकर नष्ट हो जाती है। इसी को ध्यान में रखकर हवन यज्ञ का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें यहां उपस्थित भैया-बहन, अभिभावक, आचार्य-आचार्या ने गायत्री मंत्रोच्चार के साथ आहुति दी। प्रसाद वितरण के पश्चात शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी राजकुमार सिंह, अभिषेक पाठक, राजेश्वर सिंह यादव, मृत्युंजय प्रसाद, शशि कुमार, रंजीत मिश्र, मनोज सिंह, संजय सिन्हा, अभिषेक पाण्डेय, दीपक पाण्डेय, छाया कुमारी, उषा कुमारी, हर्षदा चौबे, सभी आचार्य, दीदी, अभिभावक व भैया-बहन उपस्थित थे।

## विद्यालय में हुआ सिलिंग पंखा की चोरी

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के दुलहर गांव के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर से दिनांक 31/3/24 को रात्रि में अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया वहीं दुलहर राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक शंकर राम एवं विद्यालय के प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष रवि कुमार सिंह ने अज्ञात चोरों के खिलाफ हुसैनाबाद थाना को एक लिखित आवेदन देकर प्राथमिक दर्ज कराई आवेदन लिखा गया कि दिनांक 1/4/24 को विद्यालय खुलने का समय 9 बजे पूर्वाह्न जब विद्यालय खुला तो शिक्षक एवं छात्र छात्राओं द्वारा बताया गया कि कक्षा आठवीं एवं पांचवी कक्षा में सिलिंग पंखा नहीं है आवेदन के अनुसार कहा गया कि इसके पूर्व में भी कई बार घटना घट चुकी है विद्यालय परिसर से पंखा चावल एवं किचन रुम से अन्य समाग्री अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी हुई थी लेकिन अभी इस मामले क़ानूनी कार्रवाई नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि अनावश्यक कुछ वहीं गांव युवक लोग रात्रि 9 बजे तक विद्यालय परिसर के छत चढ़कर पर मांश मंदिरा शराब का सेवन करते हुए पकड़े गए हैं किन्तु माने करने पर कोई असर नहीं पड़ रही वहीं शिक्षकों द्वारा कहा गया इस विद्यालय में इस घटनाक्रम से छात्र छात्राओं शिक्षक परिशान हैं वहीं हुसैनाबाद थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने कहा कि अज्ञात चोरों के खिलाफ छान बीन शुरू कर दी गई है।

## विकास बने रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनिका बाजार टांड़ देवी मंडप रामनवमी पूजा समिति का बैठक मंगलवार को संध्या देवी मंडप के प्रांगण में किया गया। बैठक में रामनवमी पूजा शांतिपूर्ण तरीके तथा धूमधाम से मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। वहीं पूजा कार्यक्रम सुचारू रूप से करने के लिए कमेटी का गठन किया गया। जिसमें विकास कुमार को सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाया गया वहीं दो उपाध्यक्ष राहुल कुमार एवं अखिलेश पासवान, दो सचिन अंकित कुमार गोलू, सत्यम कुमार, कोषाध्यक्ष राजीव कुमार शह कोषाध्यक्ष विनेश प्रसाद, एवं 21 सदस्य कमेटी का गठन किया गया। मौके पर उपस्थित पूजा समिति के नए अध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि जीस आशा विश्वास के साथ पूजा समिति के संरक्षक एवं सदस्यों ने जिम्मेवारी सौंपे हैं। कमेटी के सभी सदस्यों के सहयोग के साथ इस बार का पूजा हर वर्ष से बेहतर करने का हमारा प्रयास रहेगा। मौके पर पूजा कमेटी के संरक्षक सुरेंद्र पासवान, पश्चिमी जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह, विश्वनाथ पासवान, रोशन कुमार, छोटू राजा, बबन पासवान, चंद्रशेखर प्रसाद, जितेंद्र कुमार उर्फ़ बिट्टू, डॉ चंदन गुप्ता, दीपक कुमार, कुंदन कुमार, सुनील कुमार, अमित कुमार, शुभम कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

# बीडीओ ने आवास व मनरेगा कार्यो की समीक्षा की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी अदिति गुप्ता ने मनरेगा व अबुआ आवास कार्यो की समीक्षा बैठक किया। बैठक के दौरान उन्होंने आवास कर्मियों को उन सभी लाभुकों से प्लिंथ लेवल तक का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया, जिनके खाते में अबुआ आवास का प्रथम क़िस्त चला गया है। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द निर्धारित कार्य को पूरा करे। उन्होंने बिरसा कूप योजना का कार्य युद्ध स्तर पर पूरा करने का निर्देश मनरेगा कर्मियो को दिया। उन्होंने कहा कि अन्य योजनाएं जो चल रही है, उन्हें भी पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राजदीप कुमार, प्रखंड संवन्यक पंचायत राज कौशल कुमार, प्रखंड संवन्यक आवास स्नेहा सिंह, सहायक अभियंता उज्जवल कुमार, कनीय अभियंता जितेंद्र कुमार, रणधीर कुमार, अशोक कुमार, पंचायत सेवक वीरेंद्र सिंह, सीमा कुमारी, नंद कुमार मेहता, सरौती कुमारी, रोजगार सेवक आलोक कुमार, श्रवण राम, अम्बिका सिंह, ज्ञान रंजन चतुर्वेदी, आनंद विश्वकर्मा, रामचंद्र पांडेय सहित सभी आवास एवं मनरेगा कर्मी उपस्थित थे।

# तोलरा रामनवमी कमिटी के सदस्यो ने किया भिक्षाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर, पलामू :** देश भर में शुरु हो रहे पावन पर्व रामनवमी पूजा की तैयारी इन दिनों जोरो पर है जगह-जगह भिक्षाटन कमिटी द्वारा किया जा रहा है ।आज विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा गांव में विजयनाथ तिवारी सेवानिवृत शिक्षक के घर से ग्रामीण एवं कमेटी के लोगों ने सहयोग राशि लेकर शुरुआत किया। तोलरा में पूजा भव्य मनाने को लेकर ग्रामीण कृतसंकल्पीत हैं। अखंड पूजा शोभायात्रा भक्ती जागरण सहित भंडारा का आयोजन कमिटी द्वारा किया गया है। मौके पर भाजपा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष अमरेश तिवारी तोलरा पंचायत के उपमुखिया कुश तिवारी समाजसेवी गोखूल तिवारी संजय तिवारी भाजपा नेता धीरन तिवारी सूर्यकांत तिवारी रामानंद तिवारी दिलीप तिवारी मुकेश तिवारी राम निवास तिवारी उपस्थित थे।

# रेहला पुलिस ने एक व्यक्ति को देशी कट्टा के साथ किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** रेहला पुलिस ने मंगलवार की शाम एक व्यक्ति को देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है.थाना प्रभारी संतोष कुमार दास ने बताया कि लोस चुनाव के मद्देनजर लगातार एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है.इसी अभियान के तहत मंगलवार को देर शाम एनएच 75 पर कमता गांव के पास वाहन जांच चल रहा था.इसी बीच एक व्यक्ति पड़वा मोड़ की ओर से मोटरसाइकल द्वारा आ रहा था.पुलिस को देखकर वह वापस भागने का प्रयास करने लगा.संदेश होते ही पुलिस जवानों ने घेरकर उसे पकड़ लिया.शारीरिक सर्च के दौरान उसके कमर से एक देशी कट्टा मिला.गहन जांच के बाद एक जिंदा कारतूस भी उसके पास से बरामद किया गया.पुलिस ने उसकी सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकल (जेएच 03 एल 9003) को भी जप्त कर लिया.थाना प्रभारी श्री दास ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान विश्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत घरटिया गांव निवासी सुरेश सिंह के पुत्र अशोक सिंह (36) के रूप में हुई है। उस पर आयुध अधिनियम के रेहला थाना कांड संख्या 28/27-धारा 25 (1-बी) ए /26 दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है.जांच अभियान में कई पुलिस पदाधिकारी व जवान शामिल थे।

## चतरा संसदीय क्षेत्र के भावी प्रत्याशी व पूर्व उपायुक्त का बरवाडीह में दौरा



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जाना पहचाना नाम राजीव कुमार जो लातेहार जिले के उपायुक्त रह चुके हैं। जिन्होंने चतरा संसदीय क्षेत्र से अपनी उम्मीदवारी तय करने को लेकर संसदीय क्षेत्र के सभी 27 प्रखंडों का दौरा कर क्षेत्र की जनता के आगे रुबरु होने का मिजाज बनाया है। इसी क्रम में बुधवार को प्रखंड बरवाडीह के मुखिया संघ के अध्यक्ष आशीष कुमार सिंह के आवास पर प्रखंड के मानिंद लोगों से रुबरु होकर परिचय प्राप्त करते उनके सामने उम्मीदवारी का प्रस्ताव रखा। वहीं उन्होंने लातेहार जिले के अपने कार्यकाल के अनुभव को साझा करते क्षेत्र की समस्या , पलायन, कृषि सिंचाई अधारित कार्य, सड़क, महिलाओं से संबंधित रोजगार व अन्य समस्याओं को लेकर चर्चा की ।इस दौरान प्रबुद्ध लोगों ने उनकी जमकर तारीफ की और कहा कि इन्हें क्षेत्र की हर समस्या से अवगत हैं। इन्होंने अपने कार्यकाल में प्रखंड के सुदूरवर्ती इलाकों का दौरा उपायुक्त रहते बिना किसी सिक्योरिटी के किया। मौके पर लोगों ने अपनी राय रखते उनके साथ हर संभव खड़े रहने का विश्वास दिलाया। मौके पर मुखिया बेरोनिका कुजूर, सत्रओहन सिंह, ईश्वरी देवी, जगसहाय सिंह, मुखिया सावित्री देवी, जितेन्द्र सिंह, पूनम देवी, अरुण सिंह, मुन्ना सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

# श्रीरामनवमी पूजा महासमिति जेनरल कमिटि की बैठक संपन्न, समिति का किया गया विस्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** श्रीरामनवमी पूजा महासमिति जेनरल की बैठक वार्ड नंबर 16 स्थित शिव मंदिर में अध्यक्ष उमेश कश्यप की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कमिटि का विस्तार किया गया। बैठक में जेनरल के द्वारा किए गए अभी तक के कार्यों का चर्चा किया गया। उपस्थित सदस्यों ने अपनी बातें रखी तथा कहा कि इस वर्ष रामनवमी पूरे भव्य एवं दिव्य रुप में मनाया जाएगा। प्रभु श्रीराम 400 वर्षों के बाद अपने मंदिर में विराजमान हुए हैं। हम सभी अखाड़ा एवं राम भक्तों से अनुरोध करते हैं जो जहां पर हैं वहीं पर भव्य राम जन्मोत्सव को मनाये। इस मौके पर कमेटी का विस्तार करते हुए संरक्षक विनोद कमलापुरी, जवाहर पासवान, उमा तिवारी, अरविंद तूफानी, घूरन राम, दीपक तिवारी, ब्रजेश उपाध्याय, मुकेश निरंजन सिन्हा, मनोज केसरी, नंदकुमार गुप्ता, डा. ज्वाला प्रसाद सिंह, नंदलाल प्रसाद, विजय केसरी, दया शंकर गुप्ता, नंदकुमार गुप्ता, अनूप सोनी, संजय सोनी, अशोक पटवा, कार्यसमिति सदस्य में सोनू सिंह, रामाशिष तिवारी, मनोज गुप्ता, वीरेंद्र यादव, मनोज पाठक, दीपक शर्मा, विशाल गुप्ता, प्रमोद जायसवाल, मृत्युंजय गुप्ता, राहुल मोदनवाल, शुभम गुप्ता, चंदन मालाकार, भारदुल पासवान, श्याम कमलापुरी, उत्तम कमलापुरी, आशीष अग्निवर, लक्ष्मी पांडेय, विपुल दुबे, सुरेंद्र कश्यप, चंदन पासवान को कमेटी में शामिल किया गया। मोके पर संयोजक मुरली श्याम सोनी, निशांत कश्यप, कमल चौबे, रजनीश सिंह, पवन कश्यप आदि उपस्थित थे। बैठक का संचालन निशांत कश्यप के द्वारा किया गया।

# अनुसूचित जाति जनजातियों बाल विवाह विषय पर लेखन प्रतियोगिता संपन्न

## बाल विवाह का मूल कारण अशिक्षा है : प्रभारी प्राचार्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छत्तरपुर (पलामू) :** गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज सड़मा छतरपुर में लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें झारखंड के अनुसूचित जाति एवं जनजातियों में बाल विवाह विषय रहा जिसमें कॉलेज के शिक्षकों ने भी अपनी बात रखी कॉलेज की छात्राओं द्वारा अतिथियों को आरती, रोली चंदन, पुष्प वर्षा और स्वागत गान कर सभी का स्वागत की। कॉलेज के समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो राज मोहन ने विषय प्रवेश करते हुए कहा कि पलामू के सुदरवर्ती क्षेत्रों में अनुसूचित जाति एवं जनजातियों में अशिक्षा के कारण आज भी बाल विवाह हो रहे है। वही प्रभारी प्राचार्य प्रो जितेंद्र कुमार ने कहा कि बाल विवाह के प्रमुख कारणों में अशिक्षा एक प्रमुख कारण है। यहां शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता लाने की




जरूरत है। प्रो अमित कुमार ने ऐतिहासिक परिपेक्ष एवं इसके दुष्परिणाम पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता के परीक्षा परिणाम जारी किए गए जिसमें प्रथम-पूजा कुमारी, द्वितीय-प्रवीण कुमार ठाकुर तृतीय- वैशाली कुमारी ने स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा मेडल और प्रसस्ति प्रत्र प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में प्रो इंदु कुमारी, प्रो सुनीता कुमारी, प्रो मुन्नी देवी, प्रो अशोक अग्रवाल, प्रो रोहित कुमार, प्रो अखिलेश कुमार सिंह, प्रधान लिपिक योगेंद्र विश्ववकर्मा, अरबिंद, पंचम, सुनील, कृष्णनंदन सहित कॉलेज कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रो राज मोहन एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो राजकिशोर लाल ने किया। मौके पर राधिका कुमारी, कंचन कुमारी, रानी कुमारी, राधा कुमारी, सच्ची गुप्ता, रिशु कुमारी, युवराज आदि कॉलेज के छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

## इफ्तार पार्टी में शामिल हुए विधायक रामचंद्र सिंह

**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत गुलजार बाग मदरसा दारूल उलूम कादरी आबदालिया के सरपरस्त दाउदनगर खनकाह से सैयद शाह मोजीबुल्लाह अहमद कादरी उर्फ शबा कादरी के सरपरस्ती में इराकिने कमेटी और उनके चाहने वालों के जानिब से इफ्तार पार्टी का एहतमाम किया गया जिसमें मेहमाने खुसूसी इलाके के मोहतरम जनाब रामचंद्र सिंह की शिरकत हुई । इस मौके पर इराकिने कमेटी और हज़रत के चाहने वालों ने रोजे इफ्तार के लिए बेहतरीन तरीके से इंतज़ाम किया। वहीं इस मौके पर प्रखंड क्षेत्र के कोने कोने से हज़रत के चाहने वाले सैंकड़ों लोगों ने दावते इफ्तार में शामिल होकर तय समय पर सभी रोजेदार रोजे इफ्तार किया।

**संक्षिप्त खबरें**

## पूर्व सीएम हेमंत के खिलाफ ईडी की ओर से दर्ज शिकायतवाद में होगी 18 को सुनवाई

**रांची :** मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी की ओर से दर्ज शिकायत वाद पर रांची सिविल कोर्ट के सीजेएम केके मिश्रा की अदालत में बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने हेमंत सोरेन की ओर से कोई उपस्थित नहीं हुआ। इसके बाद कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 18 अप्रैल की तिथि निर्धारित की है। इससे पूर्व ईडी ने समन के आदेश का अनुपालन नहीं करने को लेकर अदालत में दाखिल शिकायतवाद पर अदालत ने समन जारी किया था। जारी समन के तहत हेमंत सोरेन को अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया था।इससे पूर्व मामले में बीते 4 मार्च को अदालत ने संज्ञान लिया था।

## चुनाव आयोग भी भाजपा के नियंत्रण में है : सुप्रियो

**रांची।** बुधवार को झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि देवघर में एसपी अजित पीटर डुंगडुंग को चुनाव आयोग के द्वारा हटाया गया है उससे यही लगता है कि अब चुनाव आयोग भी भाजपा के नियंत्रण में है। सुप्रियो ने कहा कि पुलिस अधिकारी को हटा कर क्या पुलिस या प्रशासन का अनुसंधान बंद हो जायेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का पावर या क्षमता 5 जून के बाद खत्म हो जाएगी। उसके बाद क्या होगा। कौन सी दिशा तय कर रहा है चुनाव आयोग। सुप्रियो ने कहा कि कोई भी पुलिस अधिकारी किसी अधिकारी या नेता के खिलाफ शिकायत करता है तो उसको हटा दिया जाता है। उन्होंने ईडी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जब ईडी की कार्रवाई चल रही थी तो ईडी के अधिकारी भाजपा के प्रवक्ता थे।

# नक्सली प्रभावित क्षेत्रों में एके 47 लेकर उतरे एसएसपी

**लोकसभा चुनाव को देखते हुए खुद एसएसपी चंदन सिन्हा और प्रभारी ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल एके 47 लेकर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भ्रमण करते नजर आये। और मतदाताओं को भी वोट डालने के लिए अपील कर रहे हैं।**



एजेंसी

**रांची।** लापुंग, बेड़ो, बुढ़मू, चान्हो के कुछ उग्रवादियों को हाल ही में गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया है। अब लोकसभा चुनाव है तो इन क्षेत्रों में खुद एसएसपी चंदन सिन्हा और प्रभारी ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल एके 47 लेकर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भ्रमण करते नजर आये। और मतदाताओं को भी वोट डालने के लिए अपील कर रहे हैं। फिलहाल रांची के ग्रामीण इलाकों में छिटपुट गुटों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। ये ऐसे समूह हैं जो उग्रवादी संगठन से अलग हो गए हैं और आगनजी जैसी हिंसा को अंजाम देकर लेवी रंगदारी वसूलते हैं। जवानों में उत्साह बनाए रखने के लिए रांची जिले में अब नक्सल प्रभावित इलाके नहीं के बराबर हैं। रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि रांची जिले में अब नक्सल प्रभावित इलाके नहीं के बराबर हैं। लेकिन कुछ जगहों पर उग्रवादियों के टूटे हुए गुटों का प्रभाव जरूर है लेकिन वे किसी भी तरह से चुनाव को प्रभावित नहीं कर पाएंगे, उनके खिलाफ जोरदार अभियान चलाया जा रहा है।

## झारखंड में बिजली और खनन में 50 हजार करोड़ का निवेश कर चुका है एनटीपीसी : अनिमेष जैन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय के सीइओ अनिमेष जैन ने कहा कि राज्य में एनटीपीसी बिजली और कोयला खनन के क्षेत्र में 50 हजार करोड़ से अधिक का निवेश कर चुका है। उन्होंने बताया कि एनटीपीसी कोयला खनन अब एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड के नाम से जाना जाता है, जो एनटीपीसी की स्वामित्व वाली कंपनी है। अनिमेष जैन एनटीपीसी मुख्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। एनएमएल द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में झारखंड, ओडिशा व छत्तीसगढ़ की कोयला खदानों से रिकॉर्ड 34.39 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) कोयले का उत्पादन किया गया है। इसमें 34:15 मिलियन मीट्रिक टन का डिस्पैच किया गया है। इसकी आपूर्ति एनटीपीसी के विभिन्न पावर प्लांटों में की गयी है। उन्होंने बताया कि झारखंड स्थित पकरी बरवाडीह कोयला खदान से 16.31 मिलियन मीट्रिक टन, चट्टी बरियातू कोयला




खदान से 3.30 मिलियन मीट्रिक टन व केरेडारी कोयला खदान से 0.24 मिलियन मीट्रिक टन का उत्पादन हुआ है। उन्होंने बताया कि एनटीपीसी कोयला खनन ने क्रमशः 1.8 एलएमटी और 1.29 एलएमटी का एक दिन का सबसे अधिक कोयला उत्पादन और प्रेषण हासिल किया। कोयला उत्पादन केरेनदारी कोयला खनन परियोजना से शुरू हो गया है, जो एनटीपीसी की पांचवीं कैप्टिव खान है।

एनटीपीसी की सभी पांच प्रचालनात्मक कोयला खदानों ने अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया है और उनसे अधिक कार्य कर लिया है तथा भविष्य में नए मानक स्थापित करने के लिए कमर कस ली है। उन्होंने बताया कि दुलंगा कोयला खनन परियोजना ने कोयला मंत्रालय, भारत सरकार से पांच स्टार रेटिंग हासिल की है और यह पिछले तीन वर्षों से देश की शीर्ष तीन खानों में से एक है। एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल), एनटीपीसी लि के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी को कोयला मंत्रालय द्वारा एनटीपीसी को पहले आबंटित छह कोयला खानों के लिए संशोधित आबंटन करार प्राप्त हुए हैं।

## श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति का भूमि पूजन संपन्न

**पूजा के सभी अनुष्ठान मंदिर के पुजारी सुभाष चंद्र मिश्रा की ओर से विधि विधान पूर्वक संपन्न कराए गये।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची के भुताहा तालाब स्थित श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति की ओर से चैती दुर्गा पूजा और चैत्र नवरात्र को लेकर पंडाल निर्माण के कार्य का शुभारंभ आज पूजा अर्चना के साथ शुरू हुआ। भूमि पूजन बुधवार को किया गया। पूजा के सभी अनुष्ठान मंदिर के पुजारी सुभाष चंद्र मिश्रा की ओर से विधि विधान पूर्वक संपन्न कराए गये।प्रवक्ता नमन भारतीय ने बताया कि इस साल पहले से बड़ा और आकर्षक पूजा पंडाल बनाया जाएगा। मां दुर्गा की बड़ी प्रतिमा स्थापित कर पूजा धूमधाम से की जाएगी।इस भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक किशोर साहू, राजकुमार गुप्ता, रमेश सिंह, उदय साहू, अध्यक्ष शंकर दुबे, महामंत्री गोपाल पारीक,कोषाध्यक्ष संजय सिंह (लल्लू सिंह),दीपू सिंह, महेश चन्द्रा,नमन भारतीय,राहुल रजक, संजय तिवारी, करण सिंह, मोहित रजक, आयुष रजक (पवन), आकाश रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, आशीष रजक, अभिषेक रजक(बाबू), प्रियांशु वर्मा, सौरभ रजक, शेखर रजक, आयुष वर्मा, यश वर्मा के अलावा कई अन्य भक्त भूमि पूजन में शामिल हुए। इस मौके पर मां भवानी की पूजा - अर्चना कर आरती कर भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

# आरपीएफ ने शराब के साथ एक आरोपित को किया गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने ऑपरेशन सतर्क के तहत हटिया स्टेशन से शराब ज़ब्त किया है। मामले में आरोपित उमेश सिंह को गिरफ्तार किया गया है। वह उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद का रहने वाला है।

इसके बैग से 64 शराब की बोतल बरामद की गई है। बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार रांची मंडल में आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर स्टेशनों और ट्रेनों में विशेष चौकसी बरती जा रही है। इसी क्रम में ऑपरेशन सतर्क के तहत आरपीएफ हटिया और फ्लाइंग टीम



रांची ने संयुक्त रूप से हटिया रेलवे स्टेशन पर जांच अभियान चलाया। इसी दौरान ट्रेन संख्या 18623 में एक व्यक्ति को बड़े बैग के साथ संदेहास्पद अवस्था में देखा गया। बैग की तलाशी लेने पर बैग से 64 बोतल शराब बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि शराब को ट्रेन से बिहार ले जाकर अधिक दाम में बेचने का काम करता था। उप निरीक्षक रवि शेखर ने बताया कि जब्त माल और आरोपित को आगे की कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को सौंप दिया गया।

## डिग्री बेचकर निजी विवि हो रहे मालामाल स्थानीय युवा हो रहे बेहाल : आजसू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य के निजी विश्वविद्यालयों की मनमानी से स्थानीय युवाओं की हो रही हकमारी के खिलाफ युवा आजसू ने महामहिम राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन। युवा आजसू के प्रतिनिमण्डल में शामिल रांची जिला के सह प्रभारी नीरज वर्मा ने बताया कि प्रदेश की निजी विस्वविद्यालयों में पढ़ाई नहीं डिग्री की खरीद-बिक्री हो रही है। फर्जी डिग्री हासिल करने के बाद छात्र फिर स्थानीय युवाओं के हक की नौकरी पर भी दावा करते हैं जिससे उनकी नौकरी की संभावनाएं भी कम हो जाती है। मौके पर उपस्थित युवा आजसू के रांची जिला के सह प्रभारी अभिषेक झा ने कहा कि निजी विश्वविद्यालयों में चल रहे अनैतिक कार्यों की उच्च स्तरीय जांच करने और शैक्षणिक संस्थान ईमानदारी तथा उत्कृष्टता के उच्चतम मानकों को कायम रखने के लिए इन संस्थानों से भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने की मांग की है। इस अवसर पर नीरज वर्मा, अभिषेक झा, प्रशांत पाठक, अभिषेक शुक्ला, कैलाश, रित्विक, मन्नू, सुधांशु, सुमित, अभिराम, मोहित आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## रांची डीसी और एसएसपी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राजधानी के सुदूर ग्रामीण इलाकों के कई स्कूलों में मतदान केंद्र बनाये गये हैं। वोट डालने के लिए मतदान केंद्रों पर हर तरह की व्यवस्था की जा रही है। अधिक से अधिक वोट डलवाने के लिए डीसी और एसएसपी लगातार वहां का दौरा कर रहे हैं। रांची के लाखो इलाके के कई स्कूलों में बुधवार को डीसी और एसएसपी खुद पहुंचे और मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां कई बच्चे मिले, जिनसे एसएसपी ने पढ़ाई को लेकर कई सवाल पूछे, जिसका बच्चों ने सही जवाब दिया। इसके बाद एसएसपी की ओर से बच्चों को पुरस्कार के रूप में चॉकलेट दी गई। एसएसपी ने बच्चों से यह भी आग्रह किया कि वे अपने माता-पिता को बताएं कि वे मतदान अवश्य करें, वे निर्भय होकर मतदान करें। लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के संबंध में एसएसपी ने कहा कि राजधानी में अब नक्सल प्रभावित इलाके नहीं के बराबर हैं। कुछ जगहों पर उग्रवादियों के टूटे हुए गुटों का प्रभाव जरूर है लेकिन वे किसी भी तरह से चुनाव को प्रभावित नहीं कर पाएंगे। इनके खिलाफ जोरदार अभियान चलाया जा रहा है। लापुंग, बेड़ो, बुढ़मू और चान्हो जैसे इलाकों में सक्रिय कुछ उग्रवादियों को हाल ही में गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया है। रांची पुलिस हर दिन किसी सुदूर ग्रामीण इलाके को चिन्हित कर वहां का दौरा कर रही है। इस दौरान उन इलाकों में सुरक्षा में तैनात जवानों का उत्साह और मनोबल बढ़ाया जा रहा है। साथ ही ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें वोट डालने के लिए किसी भी तरह का भय या प्रलोभन तो नहीं दिया जा रहा है इसका भी पता लगाया जा रहा है।



## झारखंड के रोशन थापा ने राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में रजत पदक जीता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** चतुर्थ सीनियर मेंस नेशनल योगासन प्रतियोगिता मे झारखंड के रोशन थापा ने सीनियर बी ग्रुप में सिल्वर मेडल जीता एवम् जगदीश सिंह ने ऑल इंडिया लेवल पर 16वां स्थान प्राप्त किया। अन्य खिलाडियो ने दमदार प्रदर्शन करते हुए अंडर 10 में अपना नाम दर्ज कराया।रांची लौटने पर टीम का रेलवे स्टेशन में भव्य स्वगात हुआ जिसमें योगासन स्पॉट एसोसिएशन आफ झारखंड की पूजा सिंह शामिल थी।ज्ञात हो की चतुर्थ फेडरेशन नेशनल योगासन प्रतियोगिता पीएसएनए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, डिंडिगुल, तमिलनाडु मे 29 से 31 मार्च तक आयोजित थी। टीम 9 खिलाड़ियों के



साथ, कोच घनश्याम यादव ने उक्त प्रतियोगिता मे भाग लिया था।

पीएसएनए कॉलेज मैं आयोजित मेडल सेरिमनी में योगासन भारत के जनरल सेक्रेटरी डॉ जयदीप आर्य ने झारखंड के रोशन थापा को सिल्वर मेडल से नवाजा इस अवसर पर रचित कौशिक, जयती, पियूषकांत मिश्रा के अलावा योगासन भारत के सभी जज, टेक्निकल ऑफिशल मौजूद थे। योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन आफ झारखंड के प्रेसिडेंट संजय सिंह, सेक्रेटरी बिपिन पांडे, झारखंड महिला योगासन प्रशिक्षक पूजा सिंह ने शुभकामनाएं दी। टीम में करण कुमार, रेंजर सिंह सरदार, विक्रम, वैभव, पिंटू, जगदीश सिंह, जसपाल सिंह, झारखंड पुलिस से संदीप पांडे, रोशन थापा शामिल थे। इस प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागी आगे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत योगासना के तरफ से भाग लेंगे ।

# झारखण्ड को उड़ता झारखण्ड नहीं बनने देंगे : डॉ. प्रणव कुमार बब्बू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सामाजिक - वैचारिक संगठन रांची रिवोल्ट जन मंच के संयोजक, भाजपा नेता एवं अधिवक्ता डॉ. प्रणव कुमार बब्बू ने कहा है कि नशे की गिरफ्त में आकर झारखण्ड और रांची को उड़ता झारखण्ड नहीं बनने देंगे। डॉ. बब्बू ने कहा कि रांची के स्वभाव और यहाँ की प्रकृति के खिलाफ में जाकर अनेक असामाजिक एवं आपराधिक तत्वों के कारण आज रांची में स्थिति ऐसी हो गयी है कि ब्राउन शुगर के साथ ही अन्य नशीले पदार्थों का व्यापार धरल्ले से जारी है। डॉ. बब्बू ने कहा कि केवल पुलिस और प्रशासन के बलबूते पर इस गंभीर समस्या को दूर नहीं किया जा सकता और इसके लिये जागरूकता बहुत ज्यादा जरूरी है।डॉ. बब्बू ने कहा कि रांची रिवोल्ट जनमंच, लक्ष्य अकादमी और अन्य सामाजिक संगठनों की आज मोरहाबादी मैदान में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 5 अप्रैल शुक्रवार को होटल संस्कार के सामने स्थित फुटबॉल मैदान में सुबह साढ़े सात बजे से जन जागरूकता रैली का आयोजन किया जायेगा जिसमें विविध सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ ही युवा और छात्र-छात्रा भी नशे के खिलाफ दौड़ में भाग लेंगे। डॉ. बब्बू ने सभी से अपील की है कि नशाखोरी से अपने परिवार एवं समाज को बचाने के लिये इस अभियान में असामाजिक एवं आपराधिक तत्वों के साथ ही पेडलर्स को पकड़ने के लिये इस अभियान में सभी का शामिल होना बहुत जरूरी है। बैठक में डॉ. प्रणव कुमार बब्बू, सुनील टोप्पो, सुनील कुमार यादव, कमल सिंह, मुन्ना यादव, सूरज कुमार सिन्हा, संतोष दीपक, विजय दत्त पिन्टू, अभिषेक कुमार मिंकु, प्रभात सहाय सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## स्वीप के तहत मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा

**रांची :** रांची में स्वीप के तहत मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। आज दिनांक 03 अप्रैल 2024 को अटल स्मृति वेंडर मार्केट में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों से चुनाव से संबंधित सवाल पूछे गए और सही जवाब देने वालों को उपहार भी दिया गया। लोगों को बताया गया कि राँची लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को वोट डाले जाएंगे। निर्वाचन संबंधी जानकारी के लिए उपयोगी ऐप्स के बारे में भी लोगों को जानकारी दी गई।

# रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट राँची के द्वारा ऑपरेशन जन जागरण के तहत रेलवे परिसर में अभियान चलाया गया

**इस अवसर पर यात्रियों को जहरखुरानी से सावधान रहने व किसी भी अपरिचित या अनजान व्यक्ति द्वारा किसी भी प्रकार के खाद्य पदार्थ ग्रहण न करने की बात कही गई।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** पोस्ट कमांडर, राँची की अगुयायी में रेलवे सुरक्षा बल चौकी राँची के अधिकारी एवं स्टाफ द्वारा




राँची रेलवे स्टेशन परिसर में ज्वलनशील पदार्थ की रोकथाम, मानव तस्करी एवं ज़हर खुरानी को लेकर बृहद स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर यात्रियों को जहरखुरानी से सावधान रहने व किसी भी अपरिचित या अनजान व्यक्ति द्वारा किसी भी प्रकार के खाद्य पदार्थ ग्रहण न करने की बात कही गई। मानव तस्करी की रोकथाम कैसे हो इस सम्बंध में जागरूक किया गया। इसके अलावा यात्रियों को बताया गया कि आप यात्रा के दौरान कोचों के दरवाजों पर बैठकर यात्रा ना करें, ज्वलनशील पदार्थ साथ लेकर ट्रेन में यात्रा ना करें एवं बिना उचित कारण के अलार्म चैन पुलिंग ना करने की सलाह दी गयी। सुरक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की परेशानी या कठिनाई होने पर रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया।

# आंधी तूफान के बाद एक बार फिर से आपके लिए तैयार है ईद एक्सपो बाज़ार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** रिसालदार बाबा शाह दरगाह कमिटी और पुलिस पब्लिक रिपोर्टर द्वारा ईद एक्सपो बाज़ार रांची के डोरंडा उर्स मैदान में लगाया गया है। जिसे दरगाह कमिटी के सदर अय्यूब गद्दी, संरक्षक शाहरुख खान, मजार मस्जिद के ईमाम अब्दुल मोबिन, उपाध्यक्ष रिजवान हुसैन और बेलाल अहमद, उप सचिव जुल्फिकार अली भुट्टो, सदस्य नज्जू अंसारी, पुलिस पब्लिक रिपोर्टर के शाहिद खान, समीर हेजाज़ी, इबरार गद्दी द्वारा मेले का दोबारा बुधवार को फीता काटकर किया गया।

28 मार्च से 7 अप्रैल तक चलने वाले ईद एक्सपो बाज़ार पर 31 मार्च को आए भीषण आंधी तूफान ने एक्सपो बाज़ार को पूरी तरह बर्बाद कर दिया था , जिससे सभी दुकानदारों को काफी नुकसान हुआ था और ईद एक्सपो बाज़ार पर विराम लग गया था, परंतु दरगाह कमिटी और पुलिस पब्लिक रिपोर्टर ने निर्णय लिया कि दुकानदारों और आम जन के सहूलियत के लिए ईद एक्सपो बाज़ार को दोबारा बहाल किया जाए।



इसके बाद मेले को दोबारा चालू करने के लिए युद्ध स्तर पर काम कराया गया जिसके उपरांत 3 मार्च को इसका पुनः उद्घाटन कर मेला शुरू हो गया है। मेले मे बच्चे,बड़े, लेडीज़ ,जेंट्स सभी के कपड़े, कुर्ता, पायजामा, नक़ाब-हिजाब, बनारसी साड़ी, लखनवी और कश्मीरी शूट कुर्ती से लेकर हर तरह के कपड़े, क्रॉकरी, चूड़ी, कालीन, फूड स्टॉल, जूता चप्पल सैंडल, कॉस्मेटिक, चश्मा, बर्तन, खिलौना, कई स्कूल, टू व्हीलर के कई कंपनी, आर्ट एंड क्राफ्ट, ज्वेलरी, लेडीज़ कॉर्नर, खाने के नमकीन आइटम, ड्राई फूड, सेवई, बेड शीट, दस्तरखान, आयुर्वेद, लोहे के बर्तन के साथ,अंडरगार्मेंट सहित ईद की सभी जरूरतों के समान मेले मे उपलब्ध है।

## झामुमो के राहे प्रखंड समिति का हुआ पुनर्गठन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने राहे प्रखण्ड समिती का पुनर्गठन करते हुए नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। मौके पर रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से राहे प्रखण्ड समिती का पुनर्गठन किया गया है। आशा करता हूं की सभी पदाधिकारी पार्टी संविधान के दायरे मे रहकर संगठन को मजबूत बनाएंगे साथ ही सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को दिलाने मे अहम भूमिका निभाएंगे।

**नवगठित झामुमो राहे प्रखण्ड समिति इस प्रकार है :** अध्यक्ष - संदीप अहीर, उपाध्यक्ष- रामेश्वर मुंडा, मोतीलाल महतो, उपेंद्र उरांव, सचिव - सोनाराम मुंडा, कोषाध्यक्ष - लखन मुंडा, सह कोषाध्यक्ष - परेश मुंडा, संयुक्त सचिव - जनार्धन अहीर, कार्यकारिणी सदस्य - मनीजर लोहरा, विसंबर उरांव, हीरालाल पातर, रामसिंह मुंडा।

# आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए समीक्षात्मक बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सभागार में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर समीक्षात्मक बैठक किया गया। बैठक जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक रांची, चंदन कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में किया गया।लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों की समीक्षा हेतु समीक्षा बैठक करते हुए सभी संबंधित सेक्टर पदाधिकारी/सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी एवं निर्वाचन से संबंधित सभी पदाधिकारी/कर्मियों को चुनाव से सम्बंधित कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट / सेक्टर पुलिस पदाधिकारी / बी0एल0ओ0 सुपरवाईजर को भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के दिशानिर्देश के आलोक में चुनाव सम्पन्न कराने को लेकर कई अहम जानकारी दिया।

जिसमें मतदान केन्द्र जागरूकता समूह, रूट चार्ट एवं नजरी नक्शा, वरिष्ठ मतदाता एवं दिव्यांग मतदाता हेतु होम वोटिंग रजिस्टर से संबधित प्रतिवेदनों की जाँच की गयी। सभी सेक्टर पदाधिकारियों को सप्ताह में दो दिन अपने-अपने बूथों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक रांची चंदन कुमार सिन्हा ने सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी को विशेष रूप से निर्देश देते हुए कहा की चुनाव बिना किसी बाधा परेशानी के संपन्न हो इसके लिए सुरक्षा के तमाम मापदंडों का ख्याल रखते हुए मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था अच्छी रहें इसके लिए अभी से ही सारें प्लान तैयार रखें। ताकि मतदान बिना भय के सम्पन कराया जा सकें। सुरक्षा के तमाम व्यवस्था मतदान केंद्रों में होगी जिन संवेदनशील बूथों पर चौकसी ज्यादा रहेगी। बैठक में विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी रांची मोनी कुमारी, अंचल अधिकारी प्रताप मिंज, प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उराँव, पुलिस उपाधीक्षक अखिल नितिश कुजूर, थाना प्रभारी नकुल साह सहित संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बचरा दक्षिणी मुखिया रीना देवी ने पिपरवार थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी ने बुधवार को पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा।सौपे गये ज्ञापन के माध्यम से पिपरवार थाना द्वारा थाना क्षेत्र के अलावे कालोनी मे किये जा रहे मोटरसाईकिल चेकिंग में आम जनता को हो रही परेशानियों से अवगत कराया गया।मुखिया रीना देवी ने कहा कि कॉलोनी में वाहन चेकिंग अभियान होने से कॉलोनी के लोगों को काफी परेशानी हो रही है।विगत दिनों हो रहे वाहन चेकिंग अभियान से लोगों को परेशानी एवं व्यवसाय पर भी असर पड़ रहा है।सब्जी,दुध, दवा आदि सामाग्री खरीदने में दिक्कत आने लगी है।बच्चे को स्कूल लेकर जाने में भी परेशानी हो रहे है।उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा परेशानी जुर्माना देने मे हो रही है।बिना कागजात एवं बिना हेलमेट के पकड़े गए वाहनों का जुर्माना चतरा में जमा लिया जा रहा है।ऐसे में बचरा के लोगों को करीब 80-85 किलोमीटर लंबी दूरी तय कर जुर्माना देने के लिए चतरा जाना पड़ रहा है।समस्या सुनने के बाद पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने लोगों की परेशानियों को देखते हुए सकारात्मक पहल करने व चेकिंग मे नरमी बरतने का आश्वासन दिया।साथ ही उन्होंने कोयलांचल क्षेत्र के सभी लोगों से मोटर अधिनियम एक्ट का पालन करते हुए वाहन चलाने के वक्त संबंधित कागजात साथ में रखने,हेलमेन्ट का उपयोग करने,नशा का सेवन नहीं करने और नाबालिक को वाहन नहीं देने की अपील की है।इस अवसर पर व्यवसायी संघ के सचिव रविन्द्र सिंह भी उपस्थित थे।

### भाजपा का एक दिवसीय सम्मेलन संपन्न



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा का एक दिन एक विधानसभा प्रवास कार्यक्रम पतराहातु में विधानसभा संयोजन विनय महतो धीरज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सम्मेलन में जिला एवं प्रदेश पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक,सह संयोजक ,बूथ अध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हुए। केंद्र सरकार की जानकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने लाभार्थी संपर्क करने तथा प्रत्येक बूथ में 10त्न मत बढ़ाने की योजना बनाने का आह्वान मुख्य अतिथि लोकसभा संयोजक संजीव विजयवर्गीय ने कहा कि हमें अपने बूथों पर फोकस करना है और अपने-अपने बूथों को जितना है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश का सम्मान वैश्विक स्तर ऊंचा हुआ है।विशिष्ट अतिथि एवं विधानसभा प्रभारी जितेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि मोदी सरकार ने 10 वर्षो में कई जन कल्याणकारी योजना गरीबों के हित में लाया और धरातल पर सफलीभूत हुआ। भाजपा जो वादा करती है उसकी गारंटी के साथ पूरा करने का काम करती है। डॉ राजाराम महतो ने कहा कि कार्यकर्ता अपने लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए अबकी बार 400 पर और फिर एक बार मोदी सरकार के नारा कुछ रीतरत करते हुए मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है। मौके पर प्रताप कुशवाहा रेखा देवी उमेश महतो ,इंद्रजीत महतो, विनोद साहू, दिलेश्वर कोईरी, चित्तरंजन महतो,सृष्टिधर प्रजापति,भगीरथ महतो ,पदलोचन महतो , पंकज कुमार महतो,रघुवीर महतो, वीणा देवी,राजेंद्र प्रसाद साांई,धरणी देवी, विश्वनाथ महतो, जवाहर महतो, मेघनाथ महतो समेत सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### केशा गांव मे दावत-ए-इफ्तार का हुआ आयोजन

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के केशा गांव स्थित जमा मस्जिद के समीप बुधवार को रमजान-उल-मुबारक के मौके पर दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। दावत-ए-इफ्तार में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की सहित बड़ी संख्या में रोजेदारों व गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। मौके पर देश में अमन चैन और तरक्की के लिए दुआ किया गया। रोजेदारों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सह झारखण्ड सरकार के समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की ने कहा कि हर साल की भांति इस साल भी इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जा रहा है। रमजान का महिना पवित्र महिना है। रोजा से इबादत के साथ-साथ शारीरिक फायदे भी है। इस महिने में रोजेदारों के साथ बैठक इफ्तार करने से आपसी मोहब्बत और भाईचारगी को बढ़ावा मिलता है। इस तरह के कार्यक्रम से प्रेम और मेलजोल बढ़ता है। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि यह हिंदुस्तान की परम्परा है कि हम लोग होली मिलन, सरहुल मिलन, इफ्तार पार्टी, ईद मिलान का आयोजन करते हैं। ताकी विभिन्न समुदायों में आपसी प्रेम और भाई चारा बना रहे। मौके पर उपप्रमुख मुदस्सिर हक, मजकुर सिद्दीकी, प्रो0 करमा उराँव, मो0 समसाद आलम, मीर मुस्लीम, शम्स तबरेज, मो. नसीर, काबुल मिंयां सहित कई लोग शामिल थे।

## प्रकृति महापर्व सरहुल में शामिल हुए पूर्व डीडीसी

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेड़ो प्रखंड के पोकोल टिकरा टोली, बघिया टोली, अंबा टोली, बर टोली गांवों में बुधवार को प्रकृति महापर्व सरहुल में शामिल हुए पूर्व डीडीसी डॉ परमेश्वर भगत। कार्यक्रम में डॉ परमेश्वर भगत ने विभिन्न गांव से आए हुए पहान, पुजार, महतो, कोटवार, पनभरवा को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया और सभी के साथ पूजा एवं नाच गान में शामिल हुए। डॉ परमेश्वर भगत ने लोगो को सरहुल का शुभकामना संदेश देते हुए कहा हमारा समाज एक नाजुक दौर से गुजर रहा है, शिक्षा में ध्यान देना और नशा पान कम करना, समाजिक रूप से संघटित रहना समय की मांग है। हमें अपनी भाषा संस्कृति, रूढी परंपरा, रीति रिवाज एवं मूल धर्म को बचाने की आवश्यकता है, हमें सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक और राजनीतिक रूप से जागरूक रहने की जरूरत है। मौके पर बिरेंदर भगत, कृष्णा उरांव, बबलू सन्तोष उरांव, जीतवहान उरांव, गोवर्धन उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## स्वीप एक्टिविटी कार्यक्रम में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर प्रखंड कार्यालय में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी शशि नीलिमा डुंगडुंग के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्वीप एक्टिविटी कार्यक्रम मे हस्ताक्षर अभियान चलाया गया । मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा की इस बार सबसे पहले आप सभी अपने-अपने बूथों पर जाकर सबसे पहले मतदान करेंगे तब फिर जलपान करेंगे साथ ही साथ उन्होंने ग्रामीणों से अनुरोध भी किया वोट के प्रति आप सभी लोगों की भी जिम्मेदारी बनती है कि आम जनों को जागरूक करें. मौके पर अंचलाधिकारी विजय कुमार, हेमंत एक्का, किरण देवी, धीरज लकड़ा, चन्दन तिवारी, नाथूराम उरांव, रईस मलिक, सन्नी बाखला, मेरी प्रतिभा टुडू, सहित प्रखण्ड अंचल के कर्मी,एव ग्रामीण मौजूद थे ।

## मांडर में टाटा कंपनी के चेचिस ट्रक ने बोलेरो को मारा टक्कर, तीन लोग हुए घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर थाना क्षेत्र के मांडर बाजार टांड के समीप बुधवार को भीषण सड़क दुर्घटना चेचीस ट्रक के चपेट में आने से बोलेरो छ्व॥03छ्व 2399 में सवार एक ही परिवार के तीन लोग लातेहार के बरवाडीह निवासी नव वर्ष के आयुष कुमार 36 वर्षीय लकी देवी और 16 वर्षीय पल्लवी कुमारी गंभीर रूप से घायल सभी घायलों मांडर पुलिस की मदद से प्राथमिक उपचार के लिए मांडर रेफरल अस्पताल लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी को बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेजा गया है। वही इस घटना में टांगर बसली निवासी मुमताज अंसारी के ऑटो पर भी ट्रक ने टक्कर मार दिया जिससे बोलोरो राजा गिफ्ट शॉप नामक दुकान में जाकर टकराई। बताया जा रहा है कि रांची की ओर से आ रहे बोलेरो को तेज गति से आ रहे टाटा कंपनी की चेचिस ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दिया जिससे यह घटना घटी।

## कार को ट्रक ने मारी टक्कर कोई हताहत नहीं

**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो थाना क्षेत्र के एनएच39 बिजुपाडा में कार को ट्रक ने मारी टक्कर कोई हताहत नहीं बताया जा रहा है कि बुधवार को राँची की और से आ रहे ट्रक के आगे अनियंत्रित होकर कर घुस गया जिससे यह घटना घटी हालांकि इस घटना में किसी तरह की कोई हताहत नहीं हुई। मौके पर पहुंची जानू पुलिस में दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है।

## आईएचएम राँची में 23वें रोजा के मौके पर इफ्तार पार्टी का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** इंस्टीट्यूट ऑफ होटेल मैनेजमेंट (आईएचएम) राँची में बुधवार को रमजान-उल-मुबारक के 23वें रोजा के मौके पर दावते इफ्तार पार्टी का आयोजन संस्थान के छात्रों द्वारा प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार की अगवाई में की गयी। इस दौरान ब्राम्बे, मुड़मा, मांडर प्रखंड एवम संस्थान के आसपास के क्षेत्रों के दर्ज़ानों रोजेदार इफ्तार पार्टी में सम्मलित हुए एवम तय समय पर रोजा खोला। रोजा खोलने से पहले उपस्थित सभी रोजेदारों ने देश के साथ साथ अपने आसपास के क्षेत्रों में अमन एवम खुशहाली की दुआ भी की। तत्पश्चात संस्थान में पकाई गयी मुर्ग बिरयानी, कटहल बिरयानी, तंदूरी चाय, रूवाजा के साथ साथ विभिन्न प्रकार के भोजन प्रस्तुत किये जिसका सभी ने लुफ्त उठाया एवम काफी सराहा भी। इस दौरान मांडर थाना प्रभारी श्री राहुल, एमडी सोहेल, आरिफ हसन, आबिद अंसारी, अफताब आलम, इरफान अंसारी, इरशाद, संस्थान के छात्र एवम अन्य गणमान्य मौजूद रहे। इस दौरान संस्थान के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार ने सभी रोजेदारों का संस्थान में उपस्थित होने हेतु अभिवादन भी की।

## बचरा मे हुई कोल इंडिया एससी/एसटी इम्पलाईज एसोसिएशन की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बसंत विहार कॉलोनी स्थित पिपरवार विकास समिति के क्षेत्रीय कार्यालय में कोल इंडिया एससी/एसटी इम्प्लाईज एसोसिएशन सिस्टा की एक आश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता रमेश राम एंव संचालन क्षेत्रिय सचिव कामेश्वर राम ने किया।बैठक मे सबसे पूर्व सिस्टा के संस्थापक राजमुनि राम के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख्ख प्रकट किया गया।बैठक मे दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।इस बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 14 अप्रैल को बचरा मे संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉश भीम राव अम्बेडकर जी की जयंती धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।इस मौके पर बचरा चार नंबर स्थित अंबेडकर चौक में जयंती समारोह का आयोजन करने पर सहमति बनी।जयंती समारोह को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेवारी सौंपी गई।इस बैठक में सिस्टा के कार्यकर्ताओं के विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई एवं सिस्टा को मजबूत बनाने एंव सदस्यता बढ़ाने सहित अन्य बातों पर चर्चा की गई।इस बैठक में कामेश्वर राम,बाबूलाल राम, रामजीत राम,बसंत कुमार, रमेश राम,ललिंद्र कुमार, संतोष राम,श्रीवास्तव पासवान,बासुदेव प्रजापति, उमेश कुमार मेहता,जेम्स उरांव,अनिल कुमार, रविंद्र महतो,देवनाथ राम, अगनू देशवाली, लाकेश्वर लाल, हिमांशु चाटर, कुलु राम सहित सिस्टा पिपरवार क्षेत्र के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त-का कार्यालय, गुमला
(कार्मिक कोषांग)

निर्वाचन अत्यावश्यक E-Mail –karmikakosaga@gmail.com

आम–सूचना

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संदर्भ में कहना है कि लोकसभा आम चुनाव–2024 के निमित मतदान दल में सम्मलित मतदान कर्मियों के द्वारा चिकित्सीय आधार पर निर्वाचन कार्य से विमुक्ति हेतु प्राप्त अभ्यावेदन की जाँच हेतु अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है। प्राप्त अभ्यावेदनों एवं कर्मियों की चिकित्सीय जाँच हेतु नया समाहणालय भवन भाग–I के प्रथम तल्ल के रिक्रियेशन कक्ष में निम्न रूप से तिथि एवं समय का निर्धारण किया जाता है :–

| क्र0 | तिथि | दिन | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | 15.04.2024 | सोमवार | 11.00 AM to 01.00 PM |
| 2 | 16.04.2024 | मंगलवार | 02.00 PM to 03.00 PM |
| 3 | 18.04.2024 | गुरूवार | 11.00 AM to 01.00 PM<br>03.00 PM to 04.00 PM |

ह0/–
वरीय पदाधिकारी, कार्मिक कोषांग–सह–
उप विकास आयुक्त,गुमला

PR 323553 Election(24-25).D

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला
(सामान्य शाखा)

सूचना

आगामी लोक सभा चुनाव–2024 स्वच्छ शान्तिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से कराने हेतु शस्त्र नियमावली–1962 के नियम–63 एवं शस्त्र अनुज्ञप्ति के शर्त 9 के तहत् जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को स्थानीय थाना/ओ0पी0 या अनुज्ञप्ति प्रदत्त शस्त्र एवं कारतुस विक्रेता दुकान में दिनांक–24.03.2024 तक जमा करने हेतु आदेश दिया गया था।

पुनः समय विस्तार करते हुए शस्त्रों को जमा करने हेतु दिनांक– 10.04.2024 तक निर्धारित की जाती है। उक्त तिथि तक निश्चित रूप से अनुज्ञप्ति धारित शस्त्रों को स्थानीय थाना/ओ0पी0 या अनुज्ञप्ति प्रदत्त शस्त्र एवं कारतुस विक्रेता दुकान में जमा कर देगें, अन्यथा उनके विरूद्ध अनुज्ञप्ति रद्द करने की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी।

अनुज्ञप्ति धारक द्वारा अनुज्ञप्ति प्रदत्त शस्त्र एवं कारतुस विक्रेता दुकान में शस्त्र जमा करने के पश्चात् पावती रसीद की छायाप्रति निश्चित रूप से स्थानीय थाना/ओ0पी0 में उपलब्ध करायेंगे।

उपायुक्त
–सह–
जिला दण्डाधिकारी, गुमला।

PR.NO.323526 District(24-25):D

कार्यालय
उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रांची
(जिला शस्त्र शाखा)

आदेश

इस कार्यालय के आदेश ज्ञापांक 183/शस्त्र दिनांक 19.03.2024 द्वारा लोकसभा आम निवार्चन – 2024 के मद्देनजर सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को दिनांक 27.03.2024 एवं 30.03.2024 को स्थानीय थाना में प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर शस्त्र अनुज्ञप्तियों/शस्त्रों का भौतिक सत्यापन कराने का निदेश दिया गया था परन्तु बहुत सारे शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा अपने शस्त्र अनुज्ञप्ति/शस्त्र का भौतिक सत्यापन निर्धारित तिथि को प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी के समक्ष नहीं कराया गया है। यह एक गंभीर विषय है।

सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को सूचित किया जाता है कि जिन शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा अपने शस्त्र अनुज्ञप्ति/शस्त्र का भौतिक सत्यापन नहीं कराया गया है वे दिनांक 06.04.2024 तक अपने शस्त्र अनुज्ञप्ति/शस्त्र का सत्यापन जिला शस्त्र दण्डाधिकारी, रांची के समक्ष उपस्थित होकर कराना सुनिश्चित करें अन्यथा आपके विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त,
रांची।

PR.NO.323547 Ranchi(24-25):D

"सुदृढ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागी"
समाहरणालय, सिमडेगा
(जिला निर्वाचन शाखा)

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

–:आम सूचना:–

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 16.03.2024 से लोकसभा आम चुनाव, 2024 के निमित आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के उपरान्त सिमडेगा जिला में 24x7 District Contact Center का अधिष्ठापन किया गया है। जहाँ हेल्पलाईन नं0 1950 (06525–225043) एवं चार Hunting Lines यथा:–1 06525–225043, 2. 06525–299921,3. 06525–299968, एवं 06525–299980 के साथ क्रियान्वित है। साथ ही, सिमडेगा जिला में एक जिला नियंत्रण कक्ष भी संचालित है, जहाँ 9608015586 एवं 100 पर आदर्श आचार संहिता अथवा निर्वाचन संबंधी व्यय के उल्लंघन के मामलों में शिकायत दर्ज करायी जा सकती है।

2. सिमडेगा जिला में आम नागरिकों के लिए चुनाव अवधि के दौरान आदर्श आचार संहिता (MCC)/व्यय उल्लंघन की रिपोर्ट करने के लिए cVIGIL एक ऑनलाइन एप्लिकेशन भी क्रियाशील है। यह सतर्क नागरिकों को आदर्श आचार संहिता/व्यय उल्लंघन की घटनाओं को देखने के कुछ ही मिनटों के भीतर लाइव रिपोर्ट देने की अनुमति देता है। कोई भी नागरिक बस एक तस्वीर क्लिक करके या एक वीडियो रिकॉर्ड करके ऐसी गतिविधि का वर्णन करेगा और उसे मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से अपलोड करेगा। आदर्श आचार संहिता उल्लघंन से संबंधित शिकायत/सूचना अपलोड करते ही नियंत्रण कक्ष एवं उड़नदस्ता टीम द्वारा सक्रिय होकर शिकायत की जाँच एवं कार्रवाई 100 मिनट की भीतर की जायेगी।

3. जिले के समस्त नागरिकों से अपील है कि चुनाव प्रचार के क्रम में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामलों से संबंधित किसी प्रकार की शिकायत हेतु उपरोक्त नम्बर/cVIGIL App पर सम्पर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। प्राप्त शिकायत पर भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की जायेगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–
उपायुक्त, सिमडेगा

PR 323532 (Election)24-25*D

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# डीसी व एसएसपी ने बोड़ाम व पटमदा में की बैठक

## पटमदा में 5 एवं बोड़ाम में 3 क्लस्टर बढ़ाने समेत शौचालयों की व्यवस्था करने का निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पटमदा :** आसन्न लोकसभा चुनाव - 2024 की तैयारी के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त (डीसी) अनन्य मित्तल व वरीय आरक्षी अधीक्षक (एसएसपी) किशोर कौशल ने बुधवार को बोड़ाम एवं पटमदा प्रखंड का दौरा करते हुए अधिकारी व कर्मचारियों के साथ प्रखंड कार्यालय सभागार में अलग-अलग बैठक की। इस दौरान उपायुक्त व वरीय आरक्षी अधीक्षक ने एक-एक क्लस्टर व बूथों की समीक्षा करते हुए उसमें शौचालय व अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की। पटमदा के आदर्श मध्य विद्यालय बांगुड़दा में बनाए गए क्लस्टर में सबसे अधिक 21 बूथों के मतदान कर्मियों के लिए सिर्फ 5 शौचालयों की व्यवस्था को नाकाफी बताते हुए उपायुक्त ने कहा कि कहीं भी अस्थाई शौचालय की व्यवस्था हम नहीं करने जा रहे हैं इसलिए क्लस्टर की संख्या बढ़ाई जाय। साथ ही वैसे जगहों पर क्लस्टर बनाया जाय जहां नजदीक में मौजूद समुदायिक भवन या अन्य भवनों में मौजूद शौचालय का उपयोग किया जा सके। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से वैसे जगहों पर पेयजल व शौचालय की स्थायी तौर पर व्यवस्था की जानी है जहां एक सप्ताह पूर्व सीआरपीएफ के जवानों का आवासन हो। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व दूरी को ध्यान में रखते हुए क्लस्टर की संख्या बढ़ाना जरूरी है। इस दौरान वरीय आरक्षी अधीक्षक ने अपो की दो बूथों को लायलम से हटाकर गोबरघुसी आईटीआई से जोड़ने का निर्देश दिया। चूंकि लायलम से अपो की दूरी साढ़े आठ किमी है जबकि गोबरघुसी से सिर्फ 5 किमी है। उन्होंने थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि कल सुबह 6 बजे से ही अपने-अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों में घूम-घूम कर क्लस्टर से मतदान केंद्र तक पैदल जाने के लिए कितनी संभावित दूरी हो सकती है उसकी रिपोर्ट सुबह 10 बजे तक उन्हें भेजने का निर्देश दिया। इस दौरान एसएसपी के सवालों पर जवाब देने में असहज दिखे पटमदा थाना प्रभारी करमपाल भगत का सहयोग करने के लिए डीएसपी वचनदेव कुजूर को निर्देश दिया। हालांकि कमलपुर थाना प्रभारी दीपक कुमार ठाकुर के जवाब से भी एसएसपी संतुष्ट नहीं दिखे और उन्हें भी ठीक से होमवर्क करने की सलाह दी। उपायुक्त ने बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत के क्रम में कहा कि पटमदा प्रखंड में 5 और बोड़ाम में 3 क्लस्टर बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। दौरे के क्रम में जिला प्रशासन की टीम ने बोड़ाम प्रखंड के दिघी भूला हाई स्कूल एवं पटमदा मध्य विद्यालय, जाल्ला का निरीक्षण भी किया।मौके पर उप विकास आयुक्त (डीडीसी) मनीष कुमार, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, धालभूम एसडीओ पारूल सिंह, डीटीओ धनंजय, डीपीआरओ पंचानन उरांव, एसओआर महेंद्र कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह, बोड़ाम सह सीओ बीडीओ नाजिया अफरोज, पटमदा बीडीओ पियुषा शालीना डोना मिंज, सीओ विजय कुमार महतो, डीएसपी वचनदेव कुजूर, इंस्पेक्टर कौशलेंद्र कुमार, बोड़ाम थाना प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह, कमलपुर थाना प्रभारी दीपक कुमार ठाकुर, पटमदा थाना प्रभारी करमपाल भगत के आलावा सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, बीएलओ सुपरवाइजर आदि शामिल थे।

# अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गैंग के छह सदस्यों को दबोचा गया

प्रभात मंत्र संवाददाता




**जमशेदपुर :** शहर की पुलिस ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गैंग के छह सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता हाथ लगी है. इस बीच 53 किलोग्राम गांजा भी जब्त किया गया है. इसको लेकर एसएसपी किशोर कौशल को गुप्त सूचना मिली थी. इसके बाद टीम का गठन कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. इसका खुलासा बुधवार को सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने पुलिस ऑफिस में प्रेसवार्ता आयोजित कर किया.

**इन्हें किया गया है गिरफ्तार**

गिरफ्तार गांजा तस्करों में से वैशाली सुरावनपुर करारी का राजीव कुमार यादव, पश्चिम चंपारण मुसहरी का सुनिल कुमार बैठा, बेतिया के पीपरा का राजकुमार बिंद, बख्तियारपुर सिमरी का सुमित कुमार, गौरव कुमार और वैशाली श्यामचंद्र का राजेश कुमार शामिल है.

**गांजा बिहार लेकर जाने की मिली थी सूचना**

पुलिस को सूचना मिली थी कि गांजा तस्करों की टीम भारी मात्रा में गांजा लेकर बिहार जाने वाले हैं. इसके लिए मानगो स्टैंड से वे बस पर यात्रा करने वाला हैं. मुख्यालय वन डीएसपी, मानगो और सीतारामडेरा थाने की टीम को मानगो बस स्टैंड भेजा गया.

**राजीव बस स्टैंड से धराया**

पुलिस गांजा तस्करों की टोह ले ही रही थी कि आशंका पर राजीव कुमार यादव को मानगो बस स्टैंड से 7 किलो गांजा के साथ पकड़ लिया. राजीव ने ही बताया कि उसके अन्य पांच साथी दूसरे बस से रवाना हो चुके हैं. इसके बाद पुलिस टीम ने बस का पीछा कर एनएच 33 से पांचों को भारी मात्रा में गांजा के साथ दबोच लिया.

**इनकी बनी थी छापेमारी टीम**

छापेमारी टीम में मुख्यालय वन डीएसपी भोला प्रसाद सिंह, साकची थानेदार संजय कुमार, सीतारामडेरा के एसआई अभिनव कुमार, सूरज कुमार प्रसाद, राजेश कुमार, अक्षय कुमार, युवराज कुमार, मानगो थाना के एसआई विवेक पंडित, महेंद्र कुमार, साकची थाना के एसआई नीरज कुमार गुप्ता आदि शामिल थे।

## कैंटाबिल रिटेल ने बिंदाल मॉल में अपना नया रिटेल स्टोर खोला



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के अग्रणी परिधान निर्माताओं एवं रिटेल विक्रेताओं में से एक कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड ने जमशेदपुर में अपना नया रिटेल स्टोर खोलने की घोषणा की है। 2000 वर्गफुट में फैला ब्रांड का यह स्टोर, बिंदाल मॉल, शॉप नंबर-3जी, ग्राउंड फ्लोर मैरिन ड्राइव, सोनारी जमशेदपुर में स्थित है, जो कि ब्रांड की विस्तार यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।स्टोर के उद्घाटन पर टिप्पणी करते हुए, कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड के निदेशक, दीपक बंसल ने कहा, हमें जमशेदपुर में अपने इस नये रिटेल स्टोर के लॉन्च की घोषणा करते हुए बेहद खुशी महसूस हो रही है। एक ब्रांड के रूप में कैंटाबिल रिटेल को सभी आयु समूहों के मिड-प्रीमियम सेगमेंट में, ग्राहकों के बीच अच्छी तरह से स्वीकारा और सराहा गया है। हमारा यह नया स्टोर पुरुषों एवं महिलाओं के एक्सेसरीज एवं एक्टिववियर के साथ साथ फैशन-फ़ॉरवर्ड परिधानों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करेगा। हमने झारखंड में अपने यह नया स्टोर खोला है।

## टेल्को में नो एंट्री में घुसा ट्रेलर बैरियर से टकराया, बैरियर की चपेट में आकर स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर के टेल्को थाना अंतर्गत मनीफिट में एक ट्रेलर नो इंट्री में घुसने के दौरान बैरियर से जा टकराया. घटना के बाद बैरियर सड़क पर गिर गया जिसकी चपेट में आकर स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया. इधर, स्थानीय लोगों ने ट्रेलर चालक को धर दबोचा और घायल स्कूटी सवार को तत्काल इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।मिली जानकारी के अनुसार ट्रेलर मनीफिट की और से ट्यूब गेट की ओर जा रहा था. इसी दौरान बाजार में लगे बैरियर से ट्रेलर का ऊपरी हिस्सा टकरा गया जिससे बैरियर गिर गया. इस बैरियर की चपेट में आकर स्कूटी सवार घायल हो गया. इधर, पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर लिया और मामले की जांच में जुट गई।

## साईकिल पे ओडिशा से केदारनाथ यात्रा पर निकले युवक का खरसावां पहुंचने पर हुआ स्वागत

**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ओड़िशा के क्योंझर जिला अंतर्गत हसनपुर गांव के 23 वर्षीय युवक निरंजन साहू पैसों के साइकिल से केदारनाथ धाम की यात्रा पर निकला है। उसने यात्रा एक अप्रैल को अपने गांव हसनपुर से शुरू किया है तीन अप्रैल को शाम 7 बजे खरसावां पहुंचा।खरसावां में उसका स्वागत किया गया तथा यात्रा सफल होने की कामना की गई। उनका खरसावां में रात्रि विश्राम होगा। निरंजन साहू ने बताया कि वह एक यात्रा यूट्यूब चैनल के लिए कर रहा है। 2200 किमी की यात्रा करने में उसे डेढ़ महीना लग जाएगा। उसने बताया कि केदारनाथ धाम का पट चार मई को खुलेगा। उसी हिसाब से यात्रा आरंभ किया है। वह केदारनाथ के बाद बद्रीनाथ और अयोध्या भी जाएगा।

## गिरिनाथ सिंह की वापसी से राजद कार्यकर्ताओं में उत्साह

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री व चार बार गढ़वा के विधायक रह चुके राजद के संस्थापक सदस्य गिरिनाथ सिंह के पुनः राजद में वापसी किए जाने से सभी समर्पित पुराने कार्यकर्ताओं में उत्साह का मौहल बन गया है। उनकी घर वापसी पर राजद प्रदेश महासचिव अर्जुन प्रसाद यादव, वरिष्ठ राजद नेता बर्मा समेत कई पार्टी नेताओं ने उन्हें बधाई दिया है। गौरतलब है कि वर्ष 2019 में गिरिनाथ सिंह राजद छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। उस वक्त भी दल के प्रति आस्था रखते हुए उन्होंने कहा था कि वह राजद में 30 वर्ष से है और आगे हमेशा बने रहेंगे। कार्यकर्ताओं ने कहा है कि गिरिनाथ सिंह अपने प्रदेश अध्यक्ष कार्यकाल में हमेशा सभी जाति, धर्म व समुदाय के लोगों को मान सम्मान बढ़ाने का काम किया और दल के सभी बड़े छोटे कार्यकर्ताओं के लिए हमेशा साथ खड़े रहते थे। हमेशा उन्होंने पार्टी को आगे बढ़ाए रखने का प्रयास किया है। कार्यकर्ताओं ने राजद सुप्रीमो से गिरिनाथ सिंह को चतरा लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाने की मांग किया है।

## उत्कृष्ट कार्य करने हेतु मायुमं स्टील सिटी सुरभि शाखा को मिले 11 पुरस्कार



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के दो दिवसीय 22वीं प्रांतीय सभा सह लघु अधिवेशन समागम में विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा को 11 पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। एक दिन में पांच स्थाई अमृत धारा हेतु सर्वश्रेष्ठ अमृतधारा लोक अर्पण, श्रेष्ठ जनसेवा प्रकल्प कांवर यात्रा, शिक्षा क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ शाखा, सर्वश्रेष्ठ समाज सुधार कार्यक्रम, प्रांतीय कार्यकारिणी बैठक, आठ पूर्व अध्यक्ष आठ दिवस 8 कार्यक्रम सहभागिता पुरस्कार, श्रेष्ठ पुरस्कार कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर, मंदिर सफाई अभियान हेतु पुरस्कार, सामूहिक विवाह पुरस्कार, श्रेष्ठ प्रांत संयोजक कैंसर मिशन जागृति तथा विशेष अध्यक्षीय पुरस्कार से स्टील सिटी सुरभि शाखा को सम्मानित किया गया। शाखा अध्यक्ष निशा सिंघल एवं शाखा सचिव कविता अग्रवाल की टीम ने पुरस्कार (सम्मान) ग्रहण किया। पुरूस्कार मिलने पर निशा सिंघल एवं कविता अग्रवाल ने समाज बंधुओ, युवा शक्ति, नारी शक्तियों का बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। मालूम हो कि रांची के अग्रेसन भवन में समापन हुए इस अधिवेशन में झारखंड प्रांत के करीब 400 से अधिक युवा साथियों ने हिस्सा लिया था।

## लावा में 9 दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन के अंतिम दिन उमड़े श्रद्धालु



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा के लावा गांव स्थित सार्वजनिक हरि मंदिर में नवरात्रि (9 दिवसीय) अखंड हरिनाम संकीर्तन कार्यक्रम के अंतिम दिन बुधवार की शाम को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। ग्राम प्रधान बृंदावन दास ने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह है और प्रतिदिन आसपास के गांवों के आलावा जमशेदपुर, नीमडीह, चांडिल, बोड़ाम, पश्चिम बंगाल के पुरुलिया व बांकुड़ा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु शामिल होकर हरिनाम का श्रवण कर रहे हैं। इसमें डुलु दास (लावा), महादेव एवं प्रेमचांद महन्त (सुंदरपुर), छुटुलाल महतो (चंदनपुर), लालमोहन महतो (भवानीपुर), अर्जुन एवं नंदू भगत महिला संप्रदाय (चैनमुंडी), अष्टसखी महिला संप्रदाय (सारेंगा), ननिगोपाल पांडे (बोकारो) कीर्तन मंडली कीर्तन प्रस्तुत कर रही हैं। बंगाल के बलरामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुडुडीह से आए एक कलाकार ने नाक पर बांसुरी बजाकर दर्शकों का मन मोह लिया।

## भाजपा नेता राजकुमार सिंह ने लावा में आयोजित हरिनाम संकीर्तन में लिया आशीर्वाद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** भाजपा के किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्वी सिंहभूम के पूर्व जिप उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बुधवार को पटमदा के लावा गांव स्थित सार्वजनिक हरि मंदिर में आयोजित नौ दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन के अंतिम दिन बुधवार को शामिल होकर मत्था टेका। उन्होंने भगवान से आशीर्वाद लिया और क्षेत्र की खुशहाली हेतु प्रार्थना की। मौके पर ग्राम प्रधान बृंदावन दास, श्यामल गोराई, शत्रुघन सिंह, बेलु सिंह, आदित्य हालदार, संतोष कुमार सिंह, श्यामचांद गोराई, अयोध्या कुंभकार, अर्जुन दास, महानंद दास, अमर दास, बारिद वरण प्रमाणिक समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने हरिनाम का श्रवण किया एवं मंदिर परिसर में स्थापित भगवान श्रीकृष्ण एवं राधारानी की सखियों की प्रतिमाओं का दर्शन किया।

## डीएवी एनआईटी में नए सत्र 2024-25 की पढ़ाई शुरू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**आदित्यपुर :** डीएवी एनआईटी में नए सत्र 2024-25 की पढ़ाई बुधवार को हवन और पूजन के साथ शुरू हुई. हवन में विद्यालय के प्राचार्य और क्षेत्रीय पदाधिकारी ओपी मिश्रा ने मुख्य यजमान की भूमिका निभाई. हवन पूजन का संचालन धर्माचार्य धर्म प्रकाश शास्त्री ने किया. उनके साथ सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं और विद्यार्थियों ने हवन पूजन में सहभागिता निभाई. ओपी मिश्रा ने कहा कि हमें किसी भी कार्य को प्रारंभ करने से पूर्व ईश्वर का स्मरण करना चाहिए. साथ ही सुरक्षा एवं सेहत का भी ख्याल रखना चाहिए. उन्होंने नए विद्यार्थियों से कहा कि माता पिता के साथ गुरुजनों का सम्मान भी प्रत्येक विद्यार्थियों को जरूर करना चाहिए. तभी हम जीवन के मार्ग पर अग्रसर हो सकेंगे।

## झामुमो नेता आस्तिक महतो ने किया पोटका विधानसभा क्षेत्र का दौरा, कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** झामुमो नेता आस्तिक महतो ने बुधवार को पोटका विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरिया एवं पोटका प्रखंड का दौरा करते हुए झामुमो नेता व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर तैयारियों का जायजा लेते हुए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में मजबूती के साथ काम करने की अपील की। उन्होंने गांव गांव में जाकर लोगों को हेमंत सोरेन व चंपई सोरेन सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने एवं लोगों को जागरूक करने की भी अपील की। उन्होंने केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार की 10 साल के कार्यकाल में महंगाई, भ्रष्टाचार, तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए केन्द्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने में अपना महत्वपूर्ण सहयोग मांगा। मौके पर उनके साथ आंदोलनकारी रामदास हांसदा, करुणाकर महतो, नकुल महतो, मनोज महतो, झारखंड आंदोलनकारी सह झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य शंकर चंद्र हेम्ब्रम, प्रखंड अध्यक्ष मिर्जा सोरेन, बीस सूत्री अध्यक्ष सह पार्टी के प्रखंड सचिव भगत बास्के, झारखंड आंदोलनकारी रामसाई बास्के, भगत हांसदा, मनोज मुर्मू, सुरेश चंद्र हेम्ब्रम, रामचंद्र हेम्ब्रम, सुंदर बेसरा, सरकार किस्कू, खुदीराम मुर्मू, हाड़ीराम हेम्ब्रम, गुंजा हेम्ब्रम, तानो मार्डी, सालखो मुर्मू व पवन सामद आदि मौजूद थे।

## नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफल बच्चों को जेबीकेएसएस ने किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के माधवपुर गांव के वर्ग पांचवीं की छात्रा सीमा रानी महतो (पिता अधर महतो) और मुकरुडीह गांव के छात्र अनुज महतो (पिता-झरीलाल महतो) का चयन नवोदय प्रवेश परीक्षा में होने पर बुधवार को जेबीकेएसएस के केंद्रीय महासचिव विश्वनाथ महतो और जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य दोनों बच्चों के घर जाकर दोनों बच्चों को कॉपी, पेन देकर और शाल ओढ़ाकर सम्मानित कर हौसला अफजाई किया। साथ ही दोनों बच्चों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। जेबीकेएसएस महासचिव विश्वनाथ महतो ने कहा पूरा जेबीकेएसएस परिवार भविष्य में भी दोनों बच्चों के साथ हमेशा रहेंगे और भविष्य में कुछ भी दिक्कत होती है तो हमलोग पुरा सहयोग करेंगे ताकि ये बच्चे को अपना सपना पूरा करने में कुछ दिक्कत न हो और भविष्य में एक अच्छा शिक्षक या इंजीनियरया डॉक्टर या आईएएस अफसर बन सके। इस अवसर पर माधवपुर पंचायत के मुखिया शत्रुघ्न सिंह सरदार, ग्राम प्रधान किशोरी मोहन महतो, हेमंत महतो, कृष्णा रजक, स्वपन कुम्भकार, मानिकचंद्र बेसरा, प्रदीप कुमार, चरण महतो, हिमांशु महतो, संतोष महतो, निरंजन महतो, भूपेश दत्ता, प्रकाश महतो,फूलचांद महतो, सत्यपद गोराई, काशीनाथ महतो आदि उपस्थित थे।

## विद्या के मंदिर में गलत कामः छात्राओं के साथ अश्लील हरकत करता था शिक्षक, थाने में शिकायत

प्रभात मंत्र संवाददाता



**चांडिल :** चांडिल प्रखण्ड अन्तर्गत खुंटी गांव के नव प्राथमिक विद्यालय जाहिरडीह के शिक्षक और छात्रा की अश्लील हरकत का एक मामला प्रकाश में आया है। लिखित सूचना पाकर चौका थाना प्रभारी बंजरग महतो ने महिला पुलिस के साथ गांव जाकर जांच पड़ताल किया। वहीं आरोपी शिक्षक भूतनाथ महतो स्कूल से फरार हैं। नव प्राथमिक विद्यालय जाहिरडीह के पांचवीं कक्षा की छात्रा से बिगत दो माह से शिक्षक भूतनाथ महतो द्वारा अप्राकृतिक कृत्य करवाते थे। इससे तंग आकर दोनों बच्ची ने स्कूल जाना बंद कर दिया था। घर में दोनों बच्ची के मां द्वारा स्कूल नहीं जाने का कारण पूछा गया तो दोनों बच्ची ने पूरी घटना की जानकारी अपने अपने मां को बताई। स्कूल के शिक्षक भूतनाथ महतो के अश्लील हरकत की बात सुनकर दोनों बच्ची के पिता गांव के मुखिया एवं ग्रामीण को बताया ओर चौका थाना में मंगलवार को लिखित सूचना दिया। लिखित सूचना पाकर चौका थाना प्रभारी बंजरग महतो ने सरायकेला खरसावां जिला पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो से बातचीत कर महिला पुलिस अधिकारी को मंगाकर कर गांव में जाकर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। स्कूल के सहायक शिक्षक ललित महतो एवं अध्यक्ष मनसा राम महतो ने बताया कि घटना की पूरी जानकारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी चांडिल को दे दिया गया है।

## बिरसानगर में श्री राम सेना में शामिल हुए सैकड़ों लोग हिंदू नव वर्ष को सफल बनाने की भरी हुंकार

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** बिरसानगर जोन नंबर 11 नियर शिव मिलन के पास आयोजित हिंदू नव वर्ष 8 अप्रैल 2024 शोभायात्रा को भव्य तरीके से सफल बनाने के लिए मंगलवार को मीटिंग रखी गई. इसमें उपस्थित श्री राम सेना के संस्थापक सोनू सिंह अध्यक्ष, धीरज प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष श्रीराम सिंह, बम भोला सिंह, अरुण सिंह, अभय प्रताप सम्मलित हुए. इस दौरान सैकड़ों लोग श्री राम सेना में शामिल हुए और हिन्दू नव वर्ष शोभायात्रा को सफल बनाने का संकल्प लिया. सभा की अध्यक्षता डीपी सिंह ने जबकि संचालन विष्णु नाग और रोहित सिंह ने किया.मौके पर विनोद सिंह, सुमित, संजीव सिंह, मिट्ठू ,, अनीश सिंह, अभय पांडे, नीरज पांडे, धीरज पांडे, सूरज भान सिंग मंटू यादव, हरेंद्र यादव, रवि तिवारी, अभिषेक पांडे, प्रदीप तिवारी राहुल यादव, चंदन यादव, आकाश सिंह, आकाश सिंह, आदित्य राज, आदित्य प्रसाद, मोहन दास, आदर्श सिंह, राणा हिमांशु, प्रीतु सिंह, राम शर्मा, अमन साहू, आनंद, अमन, कुन्दन सिंह, आकाश रंजन, मनीष सिंह, अमन सिंग सत्यम, रवि मिश्रा, विक्की किशोरी, बिक्रर सूरज कर्मकार, अर्णव दास, अशोक, बंटी सिंह, भानु सिंह, बिनोद सिंह, दीपा गणेश, गुड्ली, गोल्डी सिंह, कठोर, उपस्थित रहे।

## गम्हरिया में गर्म तेल में झुलसा मासूम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** गम्हरिया थाना अंतर्गत बिंदापुर गांव में डेढ़ वर्षीय मासूम गर्म तेल की कढ़ाई में गिरकर बुरी तरह से झुलस गया। परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी चिकित्सा चल रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बिंदापुर निवासी सुखलाल गोडसेरा की पत्नी बुधवार की सुबह खाना बना रही थी। इसी दौरान पास ही खेल रहा उनका डेढ़ वर्षीय बच्चा माहिर अचानक तेल की कढ़ाई में गिर गया जिससे वह बुरी तरह झुलस गया।

## अनुमंडल कार्यालय के सभागार में चुनाव आयोग की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता



**चांडिल :** चांडिल अनुमंडल कार्यालय के सभागार में चुनाव आयोग की बैठक बुधवार को हुई। चांडिल एसडीओ सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी शुभ्रा रानी की अध्यक्षता में हुई बैठक में एसडीपीओ सुनील कुमार राजवार समेत सेक्टर मजिस्ट्रेट, एईआरो, अनुमंडल के सभी बीडीओ, सभी थाना प्रभारी एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे। इस दौरान आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर विचार विमर्श हुआ। वहीं, एसडीओ शुभ्रा रानी ने अधिकारियों एवं कर्मियों को शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न कराने को लेकर चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करने को कहा। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों और जन साधारण को आदर्श आचार संहिता का पालन कराना सुनिश्चित करें। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शुभ्रा रानी ने बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के मतदान केंद्रों के लिए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे। इसके लिए सीआरपीएफ की मदद ली जाएगी, उन्हें चुनाव से पहले ही तैनात कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों में पेयजल व शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाएगा, इसके लिए मतदान केंद्र का निरीक्षण किया जा रहा है।बैठक के दौरान एसडीओ सह निर्वाचक निबंधन अधिकारी शुभ्रा रानी ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, एईआरो, बीडीओ तथा थाना प्रभारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों में जाएं और निरीक्षण करें। वाहनों से पार्टी का झंडा व बोर्ड हटा लें। जांच के दौरान वाहनों में झंडा व बोर्ड पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## साकची बाजार में फिर चला जेएनएसी का डंडा




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के फुटपाथ का अतिक्रमण कर दुकान लगने से लोगों को हो रही परेशानियों को लेकर जेएनएसी ने अभियान शुरू की है. इसकी शुरुआत साकची से की गई. इस दौरान फुटपाथ पर लगाए गए ठेला खोमचा को हटाया गया. वहीं स्थाई दुकान के बाहर रखे सामानों की जब्ती की गई और जुर्माना वसुला गया. कार्रवाई को लेकर अधिकारी अरविंद तिर्की ने बताया की वरीय पदाधिकारियों के दिशा निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है. यह कार्रवाई शहर के विभिन्न क्षेत्र में भी की जाएगी. उन्होंने कहा कि इन दुकानदारों द्वारा बेतरतीब तरीके से फुटपाथ और सड़क पर दुकान लगाने से राहगिरों सहित वाहन चालकों को परेशानी होती है जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है इसी कारण यह या कार्रवाई की जा रही है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




संपादकीय

## सीजेआईं की ट्रोलिंग

**सीजेआईं** की ट्रोलिग प्राधान न्यायाधीश डीवाईं चंद्रचूड़ ने उनके साथ हाल ही में हुईं उस घटना को याद किया जब एक सुनवाईं के दौरान कमर दर्द के कारण उन्हें अपनी वुसा ठीक करने की वजह से विवाद खड़ा किया गया और उन्हें ट्रोल किया गया और सोशल मीडिया पर शातिर दुर्व्यंवहार का सामना करना पड़ा। बेंगलूरू में आयोजित एक कार्यंव्राम में उन्होंने न्यायिक अधिकारियों के लिए तनाव प्राबंधन और जीवन शैली व काम के बीच संतुलन बनाए रखने की जरूरत पर जोर डाला। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ कर्नाटक राज्य न्यायिक अधिकारी संघ द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि न्यायाधीश के पास काफी काम होता है और परिवार तथा अपनी देखभाल के लिए समय नहीं निकाल पाने के कारण उन्हें उपयुक्त रूप से काम करने की मशक्कत करनी पड़ सकती है। प्राधान न्यायाधीश ने कहा, तनाव का प्राबंधन करना और कामकाज एवं जीवन के बीच संतुलन बनाने की क्षमता पूरी तरह से न्याय प्रादान करने से जुड़ी हुईं है। दूसरों के घाव भरने से पहले आपको अपने घाव भरना सीखना चाहिए। यह बात न्यायाधीशों पर भी लागू होती है। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों के 21वें द्विवार्षिक राज्य स्तर सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद अपने एक हालिया व्यक्तिगत अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा कि एक अहम सुनवाईं की लाइव स्ट्रीमिग के आधार पर हाल में उनकी आलोचना की गईं। उन्होंने कहा, महज चार-पांच दिन पहले जब मैं एक मामले की सुनवाईं कर रहा था, मेरी पीठ में थोड़ा दर्द हो रहा था, इसलिए मैंने बस इतना किया थाकि अपनी कोहनियां अदालत में अपनी वुसा पर रख दीं और मैंने वुर्सा पर अपनी मुद्रा बदल ली। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर कईं टिप्पणियां की गईं, जिनमें आरोप लगाया गया कि प्राधान न्यायाधीश इतने अहंकारी हैं कि वह अदालत में एक महत्वपूर्ण बहस के बीच उठ गए। प्राधान न्यायाधीश ने उल्लेख किया उन्होंने आपको यह नहीं बताया कि मैंने जो वुछ किया वह केवल वुसा पर मुद्रा बदलने के लिए किया था। 24 वर्षो से न्यायिक कार्यं करना थोड़ा श्रमसाध्य हो सकता है जो मैंने किया है। उन्होंने कहा मैं अदालत से बाहर नहीं गया। मैंने केवल अपनी मुद्रा बदली, लेकिन मुझे काफी र्दुव्यंवहार ट्रोलिग का शिकार होना पड़ा.. लेकिन मेरा मानना है कि हमारे वंधे काफी चौड़े हैं और हमारे काम को लेकर आम लोगों का हम पर पूरा विश्वास है। उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में न्यायधीशों के समान ही तालुक अदालतों में (न्यायधीशों को) सुरक्षा नहीं मिलने के संदर्भ में उन्होंने एक घटना को याद किया जिसमें एक युवा दीवानी न्यायाधीश को बार के एक सदस्य ने धमकी दी थी कि अगर उन्होंने उसके साथ ठीक व्यवहार नहीं किया तो वह उनका तबादला करवा देगा। कामकाज और जीवन के बीच संतुलन तथा तनाव प्राबंधन इस दो दिवसीय सम्मेलन के विषयों में से एक था। इस बारे में प्राधान न्यायाधीश ने कहा कि तनाव प्राबंधन की क्षमता एक न्यायाधीश के जीवन में महत्वपूर्ण है। खासकर जिला न्यायाधीशों के लिए। उन्होंने कहा कि अदालतों में आने वाले कईं लोग अपने साथ हुए अन्याय को लेकर तनाव में रहते हैं। उन्होंने कहा प्राधान न्यायाधीश के रूप में मैंने बहुत से वकीलों और वादियों को देखा है, जब वे अदालत में अपनी सीमा पार कर जाते हैं इसका उत्तर यह नहीं कि उन्हें अवमानना का नोटिस दें बल्कि यह समझना जरूरी होता है कि उन्होंने यह सीमा क्यों पार की।


न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ कर्नाटक राज्य न्यायिक अधिकारी संघ द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि न्यायाधीश के पास काफी काम होता है और परिवार तथा अपनी देखभाल के लिए समय नहीं निकाल पाने के कारण उन्हें उपयुक्त रूप से काम करने की मशक्कत करनी पड़ सकती है। प्राधान न्यायाधीश ने कहा, तनाव का प्राबंधन करना और कामकाज एवं जीवन के बीच संतुलन बनाने की क्षमता पूरी तरह से न्याय प्रादान करने से जुड़ी हुईं है। दूसरों के घाव भरने से पहले आपको अपने घाव भरना सीखना चाहिए। यह बात न्यायाधीशों पर भी लागू होती है। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों के 21वें द्विवार्षिक राज्य स्तर सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद अपने एक हालिया व्यक्तिगत अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा कि एक अहम सुनवाईं की लाइव स्ट्रीमिग के आधार पर हाल में उनकी आलोचना की गईं। उन्होंने कहा, महज चार-पांच दिन पहले जब मैं एक मामले की सुनवाईं कर रहा था, मेरी पीठ में थोड़ा दर्द हो रहा था, इसलिए मैंने बस इतना किया थाकि अपनी कोहनियां अदालत में अपनी वुसा पर रख दीं और मैंने वुर्सा पर अपनी मुद्रा बदल ली। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर कईं टिप्पणियां की गईं, जिनमें आरोप लगाया गया कि प्राधान न्यायाधीश इतने अहंकारी हैं कि वह अदालत में एक महत्वपूर्ण बहस के बीच उठ गए। प्राधान न्यायाधीश ने उल्लेख किया उन्होंने आपको यह नहीं बताया कि मैंने जो वुछ किया वह केवल वुसा पर मुद्रा बदलने के लिए किया था। 24 वर्षो से न्यायिक कार्यं करना थोड़ा श्रमसाध्य हो सकता है जो मैंने किया है।


### नेताओं के बयान शालीनता एवं मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ रही है

## चुनाव में भाषा का संयम एवं वचनों की मर्यादा जरूरी

ललित गर्ग


चुनावी रैलियों में जनता के सामने अपने प्रतिद्वंद्वी को नीचा दिखाने के मकसद से ये नेता मर्यादा, शालीनता और नैतिकता की रेखाएं पार करते नज़र आए हैं। गलत का विरोध खुलकर हो, राष्ट्र-निर्माण के लिये अपनी बात कही जाये, अपने चुनावी मुद्दों को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाये, लेकिन गलत, उच्छृंखल एवं अनुशासनहीन बयानों की राजनीति से बचना चाहिए। बड़ा सवाल है कि एक ऊर्जावान एवं दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में क्या वाकई अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल औचित्यपूर्ण है? चुनाव की तारीख तय होने एवं चुनावी पारा बढ़ने के बाद नेताओं के बयानों में तीखापन एवं हल्कापन आ गया है।


**लोकसभा** चुनावों जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं, कई नेताओं की जुबान फिसलती जा रही है, वे राजनीति से इतर नेताओं की निजी ज़िंदगियों में तांक-झांक वाले, धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले ऐसे बोल बोल रहे हैं, जो न सिर्फ़ आपत्तिजनक हैं, बल्कि राष्ट्र-तोड़क है। चुनावी रैलियों में जनता के सामने अपने प्रतिद्वंद्वी को नीचा दिखाने के मकसद से ये नेता मर्यादा, शालीनता और नैतिकता की रेखाएं पार करते नज़र आए हैं। गलत का विरोध खुलकर हो, राष्ट्र-निर्माण के लिये अपनी बात कही जाये, अपने चुनावी मुद्दों को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाये, लेकिन गलत, उच्छृंखल एवं अनुशासनहीन बयानों की राजनीति से बचना चाहिए। बड़ा सवाल है कि एक ऊर्जावान एवं दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में क्या वाकई अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल औचित्यपूर्ण है? चुनाव की तारीख तय होने एवं चुनावी पारा बढ़ने के बाद नेताओं के बयानों में तीखापन एवं हल्कापन आ गया है। एक तरफ गर्मी चुभन का अहसास करा रही है, तो दूसरी तरफ राजनीतिक हलकों में भाषायी अभद्रता एवं उच्छृंखलता घाव पर नमक छिड़क रही है। नेताओं को यह बात समझनी चाहिए कि सही तरीके से बोले गए शब्दों में लोगों को जोड़ने की ताकत होती है, जबकि गलत भाषा एवं बोल का इस्तेमाल राजनीतिक धरातल को कमजोर करता है। नेताओं के बयान शालीनता एवं मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ रही है। राहुल गांधी की 'शक्ति के खिलाफ लड़ाई' संबंधी टिप्पणी 'शक्ति से जुड़े धार्मिक मूल्यों का अपमान करने और कुछ धार्मिक समुदाय' के तुष्टीकरण के लिए धर्मों के बीच शत्रुता पैदा करने के 'दुर्भावनापूर्ण इरादे' को दर्शाती है। प्रारंभ में लालूप्रसाद यादव का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर परिवार विषयक आरोप भाजपा के लिये रामबाण औषधि बना है। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कंगना रनौत को लेकर किए पोस्ट में एक्ट्रेस की फोटो के साथ भद्दा कमेंट महिला-शक्ति का अपमान बना है। ईवीएम के बारे में राहुल गांधी की टिप्पणी के लिए निर्वाचन आयोग से उनके खिलाफ कार्रवाई



करने की मांग की जा रही है और कहा जा रहा है कि तथ्यों के सत्यापन के बिना इस तरह का 'दुष्प्रचार और गलत सूचना' राष्ट्रीय अखंडता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए नुकसानदायक है। ईवीएम और निर्वाचन आयोग के बारे में भ्रामक टिप्पणी 'लोक अव्यवस्था पैदा करने के इरादे' से की गई हैं। जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव के चरण आगे बढ़ रहे हैं, विवादास्पद बयानों की झड़ी भी लगने लगी। हमारे देश की राजनीति में संयमित भाषा एवं अनुशासित बोल-बयान एक महत्वपूर्ण अंग होती है। लोकतंत्र में उसी नेता का बोल-बाला होता है, जिसकी भाषा एवं वचनों पर पकड़ मजबूत होती है। आजादी के बाद देश में जिस प्रकार राजनीति में बदलाव आता गया, उसी प्रकार राजनेताओं की भाषा और आरोप-प्रत्यारोप की शैली भी बदलती गई। आज कुछ राजनीतिक दलों के नेता अपने विपक्षी राजनेता को 'पप्पू' जैसे शब्दों से ताना मारते हैं, तो कोई विपक्षी नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिये चौकीदार चोर है या चायवाला जैसे शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। क्या हमारे देश की राजनीति में मर्यादा नाम का कोई शब्द बचा है? ऐसी अभद्र भाषा का उपयोग करने से पहले हमारे ये राजनेता जरा भी नहीं सोचते कि उसका उनकी पार्टी पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। भारतीय राजनीति में स्तरहीन, हल्की और सस्ती बातें कहने का चलन काफी समय से है। लेकिन पिछले दो दशकों में यह वीभत्स रूप धारण कर चुका है। उस समय जब राम मनोहर लोहिया ने इंदिरा गांधी को गूंगी गुड़िया कहा था तो काफी विवाद हुआ और बड़ी तादाद में लोगों ने लोहिया का विरोध किया। कांग्रेस के अध्यक्ष खड़गे भी काफी कुछ बोल चुके हैं और उनका पीएम मोदी के लिए रावण वाला बयान काफी चर्चा में रहा है। लेकिन सबसे ज्यादा हल्की बात कहते हैं मणिशंकर अय्यर। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के लिए बहुत ही सस्ते शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने तो नीच, कातिल जैसे शब्दों का खुलेआम इस्तेमाल किया था जिसमें उनकी हताशा साफ झलकती है। कड़वे एवं गलत बयानी के मामले में कांग्रेसियों की तो सूची काफी लंबी है। चाहे वह अधीर रंजन हों या दिग्विजय सिंह या फिर संजय निरुपम और प्रियंका गांधी। आम आदमी पार्टी के नेता एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने तो सारी हदें पार कर दी। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने ईवीएम की निंदा 'चोर' के रूप में की थी। सभी ने मौका देखकर बेहद हल्के शब्दों का इस्तेमाल किया, जिससे उनकी खीझ एवं बौखलाहट का पता चलता है। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि मोदी और उनकी पार्टी ने ऐसे अमर्यादित शब्दों और टिप्पणियों को अपने लाभ के लिए इस्तेमाल किया। उन्होंने अपने करोड़ों समर्थकों के सामने इन शब्दों और उन्हें बोलने वालों के खिलाफ माहौल बना दिया। नरेन्द्र मोदी को चाय वाला कहकर उनका उपहास उड़ाने वाले विपक्षियों को तो उन्होंने अपने कार्यों और उपलब्धियों से आईना दिखा दिया। आज चाय वाला शब्द मेहनतकश लोगों के सम्मान का प्रतीक बन गया है। मतदाताओं को आकर्षित एवं अपने पक्ष में करने के फेर में राजनीति को रसातल में धकेलने की मानो होड़ मची हुई है। क्षणिक रोमांच एवं तत्काल चुनावी लाभ के लिए मर्यादा को तार-तार करने वाले इन नेताओं को आत्म-चिंतन की सख्त जरूरत है। मर्यादित भाषा में विभिन्न दलों और नेताओं की आलोचना इस देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की खूबसूरती है। भाषा की मर्यादा और वाणी में संयम भारत के लोकतंत्र का आधार है।

दृष्टि कोण

## टीकाकरण की गति बढ़ानी होगी

**भारत** का कोरोना टीकाकरण अभियान विश्व में सबसे बड़ा है। सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क और निजी अस्पतालों में 250 रुपए में टीकाकरण हो रहा है। जिसमें अस्पताल का 100 रुपए शुल्क भी शामिल है। देश में जैसे ही कोरोना के खात्मे के लिए टीकाकरण अभियान शुरू हुआ वैसे ही कोरोना की दूसरी लहर से जुड़ी खबरें प्रकाश में आने लगीं। बीते एक माह में ऐसा लगने लगा कि घूम-फिरकर हालात पिछले साल जैसे ही बनने की दिशा में अग्रसर हैं। देश में कोरोना संव्रामितों का आंकड़ा प्रातिदिन पचास हजार को पार कर रहा है। अनेक शहरों में रात्रिकालीन कर्फ्यू लागू करने के बाद साप्ताहिक लॉकडाउन करना पड़ा और जब उससे भी बात नहीं बनी तब लंबे लॉकडाउन का निर्णय लिया गया। ये स्थिति चिंता बढ़ाने वाली है। वास्तव में घोर संकट की काली छाया से निकलकर धीरे-धीरे ही सही अर्थव्यवस्था के साथ ही जनजीवन भी सामान्य होने लगा था लेकिन बीत वुछ सप्ताहों ने मानों हम दोबारा वहीं खड़े दिख रहे हैं, जहां से हमने कोरोना के विरुद्ध लड़ाईं शुरू की थी। प्रश्न ये है कि कोरोना पर विजय हासिल करने के करीब पहुचंने के बाद आखिरकार ये हालात क्यों और वैसे बन गए? इसके यूं तो अनेक जवाब हो सकते हैं किन्तु सीधा और सपाट उत्तर है लोगों की लापरवाही। अमेरिका के बाद भारत दुनिया का दूसरा देश है जहां कोरोना वायरस संव्रामण के सबसे अधिक मामले सामने आए थे। भारत में कोविड-19 का पहला मामला पिछले साल 30 जनवरी को सामने आया था। उस वक्त चीन के वुहान से केरल की एक मेडिकल छात्रा वापस अपने घर लौटकर आईं थी और उसमें कोविड-19 की पुष्टि हुईं थी। इससे पहले 2019 के आखिर में चीन ने अपने शहर वुहान में कोरोना वायरस के पैलने की जानकारी दी थी। कोरोना काल की काली छाया में देशवासियों ने अदम्स साहस और धैर्यं को परिचय दिया। देश के महान वैज्ञानिकों ने कोरोना वैक्सीन का निर्माण किया। 16 जनवरी को भारत ने बड़े पैमाने पर कोविड-19 टीकाकरण शुरू किया गया था। नईं दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान



(एम्स) में सबसे पहले सफाईंकमा मनीष वुमार को कोविड-19 वैक्सीन दी गईं थी। प्राथम पंक्ति में रहकर कोरोना के विरुद्ध लड़ रहे वर्ग को सबसे पहले टीका लगाने के अभियान के बाद सरकार का लक्ष्य जुलाईं तक 30 करोड़ लोगों को वैक्सीन देने का है। एक मार्च से वरिष्ठ नागरिकों का टीकाकरण प्रारंभ किया गया। आगामी एक अप्रौल से 45 वर्ष से ऊपर की आयु वालों के भी टीकाकरण की शुरुआत होने जा रही है। भारत का कोरोना टीकाकरण अभियान विश्व में सबसे बड़ा है। सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क और निजी अस्पतालों में 250 रुपए में टीकाकरण हो रहा है। जिसमें अस्पताल का 100 रुपए शुल्क भी शामिल है। वैसे वुछ निजी चिकित्सालय टीके की मूल कीमत 150 रुपए ही ले रहे हैं। इस प्राकार लाखों लोगों को प्रातिदिन टीका लगाया जा रहा है। अभी तक वुछ अपवाद छोड़कर टीकाकरण को लेकर सकारात्मक खबरें ही आ रही हैं जिससे लोगों के मन में व्याप्त शंकाएं भी दूर होने लगी हैं। आवर वल्ड इन डेटा की वेबसाइट के अनुसार, टीकाकरण अभियान के दो महीने पूरे होने तक, यानि 16 मार्च तक भारत में कोरोना वैक्सीन के करीब 3.51 डोज लगाए जा चुके थे। जिन 10 देशों में कोरोना संव्रामण के सबसे अधिक मामले दर्ज किए गए हैं उनमें देखा जाए तो भारत केवल अमेरिका से पीछे है जहां अब तक कोरोना के टीके के करीब 11.1 करोड़ डोज लगाए जा चुके हैं। अमेरिका में कोरोना टीकाकरण अभियान की शुरुआत भारत से करीब एक महीने पहले हुईं थी। कोरोना टीकाकरण के आंकड़ों को देखने पर लगता है कि इस मामले में भारत दूसरों के मुकाबले बेहतर कर रहा है, लेकिन अगर प्राति सौ व्यक्ति के आधार पर आंकड़ों को देखा जाए तो प्रात्येक सौ लोगों में केवल 2.54 लोगों को ही कोरोना का टीका लगाया गया है, जो इन दस देशों की तुलना में सबसे कम है। लेकिन अब भारत में कोरोना टीकाकरण की रफ्तार तेज हो रही है। बीते 16 मार्च को खत्म होने वाले सप्ताह के आंकड़ों के अनुसार देश में हर दिन करीब 15 लाख लोगों को कोरोना का टीका लगाया जा रहा है। जनसंख्या के मामले में भारत दुनिया का दूसरा सबसे अधिक आबादी वाला देश है और पूरी आबादी को कोरोना का टीका लगाना यहां की सरकार के लिए बड़ी चुनौती है। अगर हम ये मानें कि फिलहाल जिस रफ्तार से कोरोना की वैक्सीन लगाईं जा रही है (प्राति दिन 15 लाख डोज) उस रफ्तार को आगे भी कायम रखा जाएगा और हर व्यक्ति को कोरोना वैक्सीन की दो डोज दी जाएगी, तो भी भारत को अपनी आधी आबादी तक टीका पहुंचाने में कम से कम ढाईं साल का वक्त लगेगा। लेकिन जिस तरह से सरकार कोरोना टीकाकरण की रफ्तार बढ़ाती जा रही है, उसके देखते हुए उम्मीद की जा सकती है कि देश की सबसे जोखिम वाली आबादी के एक बड़े हिस्से को अनुमान से पहले वैक्सीन जरूर मिल सकेगी।

कुछ अलग

## पानी के बिना जीवन की कल्पना असंभव

**जल** संरक्षण और रखरखाव को लेकर जागरुकता फैलाने के लिए 'विश्व जल दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस मनाए जाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1992 में रियो द जेनेरियो में आयोजित 'पर्यावरण तथा विकास का संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन' में की गई थी। यह दिन जल के महत्व को जानने, समय रहते जल संरक्षण को लेकर सचेत होने तथा पानी बचाने का संकल्प लेने का दिन है। दरअसल जल धरती पर मानव जीवन की बुनियादी जरूरतों में सबसे महत्वपूर्ण तत्व है और वर्तमान में पृथ्वी पर पेयजल की उपलब्धता से जुड़े आंकड़ों पर नजर डालने से स्पष्ट हो जाता है कि पानी की एक-एक बूंद बचाना हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है। पानी की समस्या भारत में भी लगातार गंभीर होती जा रही है, जिसका अंदाजा हाल के बेंगलुरु जल संकट से आसानी से लगाया जा सकता है। ऐसे में विश्व जल दिवस की महत्ता हमारे लिए भी कई गुना बढ़ जाती है। देश में हर साल जाने-अनजाने करोड़ों लीटर पानी बर्बाद हो जाता है। 'जल शक्ति अभियानः कैच द रेन' की शुरुआत की थी और उस अभियान के तहत देश के सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन के लिए नारा दिया गया था 'जहां भी गिरे, जब भी गिरे, वर्षा का पानी इकट्ठा करें।' एक ओर जहां करोड़ों लोग विशेषकर गर्मी के मौसम में बूंद-बूंद पानी के लिए तरसते रहते हैं, वहीं बारिश के मौसम में वर्षा जल का संरक्षण-संचयन नहीं होने के अभाव में प्रतिवर्ष लाखों गैलन पानी व्यर्थ बह जाता है। यदि इस पानी का संरक्षण कर लिया जाए तो देश की बड़ी आबादी की प्यास इसी पानी से बुझाई जा सकती है लेकिन चिंता की बात है कि देश में अभी तक वर्षा जल संरक्षण को लेकर कहीं जागरुकता नहीं दिखती। पर्यावरण संरक्षण पर हिन्दी अकादमी के सहयोग से प्रकाशित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के अनुसार भारत में जल संकट बढ़ने का एक बड़ा कारण यही है कि हम वर्षा जल का बहुत ही कम मात्रा में संरक्षण कर पाते हैं। देश में प्रतिवर्ष करीब तीन हजार अरब घन मीटर पानी की जरूरत होती है जबकि भारत में होने वाली वर्षा की मात्रा करीब चार हजार अरब घन मीटर होती है लेकिन वर्षा जल संग्रहण के पर्याप्त प्रबंध नहीं होने के कारण मामूली से वर्षा जल का ही संग्रहण संभव हो पाता है। एक ओर जहां इजराइल जैसे देश में औसतन दस सेंटीमीटर वर्षा होने के बावजूद भी वह इतने अन्न का उत्पादन कर लेता है कि उसका निर्यात करने में भी सक्षम हो जाता है, वहीं दूसरी ओर भारत में औसतन पचास सेंटीमीटर से भी ज्यादा वर्षा होने के बावजूद अन्न की कमी बनी रहती है। दरअसल नदियों-तालाबों जैसे पवित्र माने जाते रहे जलस्रोतों को सहेजने में लापरवाही और भूमिगत जल में प्रदूषण की बढ़ती मात्रा तथा वर्षा जल संचयन का उचित प्रबंध न होना भारत में जल संकट गहराते जाने की मुख्य वजह बन रहे हैं। देश में आज के आधुनिक युग में भी बहुत से इलाकों में लोगों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ता है या लंबी-लंबी कतारों में लगकर कामचलाऊ पानी मिल जाता है। चौंकाने वाला यह तथ्य भी सामने आ चुका है कि कुछ इलाकों में महिलाओं को पीने का पानी लाने के लिए प्रतिदिन औसतन छह किलोमीटर से भी ज्यादा का सफर पैदल तय करना पड़ता है। हालांकि सरकार द्वारा जलशक्ति अभियान के तहत हर घर को पानी मुहैया कराने का लक्ष्य रखा गया है लेकिन इस तथ्य को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि देश में 2030 तक पानी की जरूरत दोगुनी हो जाएगी और 2050 तक यह चार गुना बढ़ जाएगी तथा जल संकट का देश के सकल घरेलू उत्पाद पर छह फीसदी तक असर पड़ सकता है।

देश दुनीया से

## अब महिला वोट करते हैं बड़ी चोट


चुनावा आयोग ने सात चरणों में मतदान कार्यक्रम जारी कर दिया है। चार जून को मतगणना की तारीख तय की गई है। सीधी सी बात है कि दोपहर बाद तक 18 वीं लोकसभा की तस्वीर साफ हो जाएगी। खैर यह सब अलग बात है पर विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में चुनावों में महिलाओं की बढ़ती सक्रिय भागीदारी तारीफे काबिल है। गत दो चुनाव में देश की महिला वोटर्स ने नई सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मजे की बात यह भी है कि 2019 के चुनाव में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं ने अधिक मुखर होकर मतदान किया। अब तो यह माना जाने लगा है कि देश के करीब एक दर्जन राज्यों में महिलाओं के वोट ही नई सरकार के गठन में बड़ी भूमिका निभाने वाले हैं।


**विश्व** के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में 18 वीं लोकसभा के चुनाव का बिगुल बज गया है। चुनावा आयोग ने सात चरणों में मतदान कार्यक्रम जारी कर दिया है। चार जून को मतगणना की तारीख तय की गई है। सीधी सी बात है कि दोपहर बाद तक 18 वीं लोकसभा की तस्वीर साफ हो जाएगी। खैर यह सब अलग बात है पर विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में चुनावों में महिलाओं की बढ़ती सक्रिय भागीदारी तारीफे काबिल है। गत दो चुनाव में देश की महिला वोटर्स ने नई सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मजे की बात यह भी है कि 2019 के चुनाव में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं ने अधिक मुखर होकर मतदान किया। अब तो यह माना जाने लगा है कि देश के करीब एक दर्जन राज्यों में महिलाओं के वोट ही नई सरकार के गठन में बड़ी भूमिका निभाने वाले हैं। तस्वीर का सकारात्मक पक्ष यह भी है कि मतदान ही नहीं चुनाव में सक्रियता से हिस्सा लेने और उम्मीदवार को जिताने में भी महिलाएं आगे आई हैं। देश के पहले और दूसरे लोकसभा के आम चुनाव में जहां 22 महिला सांसद चुन कर आई थीं वहीं गत 2019 के आम चुनाव में 78 महिला सांसद चुन कर आईं। हालांकि आधी आबादी को मुख्य धारा में लाने के लिए राजनीतिक दलों द्वारा नए-नए सब्जबाग दिखाने के बावजूद टिकट वितरण के समय महिलाओं की हिस्सेदारी कम ही रह जाती है। अनुभव तो यही बताता है कि किसी भी राजनीतिक दल द्वारा आधी तो दूर की बात एक तिहाई सीटों पर भी महिलाओं को टिकट नहीं दिए जाते हैं। खैर सबसे अच्छी बात यह है कि गांव हों या शहर, महिलाएं अब घर की चारदीवारी में कैद रहने वाली या पुरुष के कहे अनुसार मतदान करने वाली नहीं रही हैं। पुरुषों के हां में हां मिलाने वाली स्थिति से बहुत बाहर आ चुकी हैं। संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया में महिलाएं सक्रियता से हिस्सा लेने लगी हैं। इस साल देश में 96 करोड़ 88 लाख मतदाता हैं तो इनमें से महिला मतदाताओं की संख्या 47 करोड़ 15 लाख के करीब है। एक मोटे अनुमान के अनुसार पुरुषों की तुलना में करीब दो करोड़ महिला मतदाता कम हैं। यही स्थिति 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान थी। इस सबके बावजूद पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं के मतदान का आंकड़ा



अधिक है। 2019 के चुनाव में पुरुष मतदाताओं का प्रतिशत 67.02 प्रतिशत रहा तो महिलाओं के मतदान का प्रतिशत 67.18 प्रतिशत रहा। पूर्वोत्तर, हिमाचल प्रदेश, गोवा, बिहार सहित बहुत से प्रदेशों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत अधिक रहा। यह तो रही मतदान की बात तो दूसरी और नई सरकार बनाने में भी महिला मतदाताओं की अधिक भूमिका रही है। देखा जाए तो महिलाओं ने जिस दल पर अधिक भरोसा जताया उसी की सरकार बनी। मजे की बात यह है कि 2014 में मोदी सरकार बनने और 2019 में रिपीट होने का प्रमुख कारण भी महिलाओं को भाजपा और खासतौर से नरेन्द्र मोदी पर अधिक भरोसा जताने को जाता है। 2004 के चुनाव में 22 प्रतिशत महिलाओं ने भाजपा और 26 प्रतिशत पुरुषों ने कांग्रेस को वोट दिया था वहीं 2019 के चुनाव आते आते इसमें जबरदस्त बदलाव देखने को मिला। 2019 के चुनाव में महिलाओं द्वारा मोदी में विश्वास व्यक्त करने का आंकड़ा 36 प्रतिशत पहुंच गया। यानी कि 2019 के चुनाव में 36 फीसदी महिलाओं ने भाजपा को वोट दिया। महिलाओं के अधिक मतदान का ही परिणाम रहा कि 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा और नरेन्द्र मोदी को जबरदस्त बहुमत प्राप्त हुआ। विगत दो लोकसभा चुनाव परिणामों से सबक लेते हुए अब सभी राजनीतिक दल महिला मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने के हर संभव प्रयास में जुट गए हैं। यही कारण है कि महिलाओं को लुभाने वाली योजनाएं की जा रही हैं। केंद्र की उज्ज्वला योजना, मध्य प्रदेश की लाडली योजना, लखपति लाड़ली योजना, महिला मुखिया को नकद राशि और मुफ्त बस यात्रा का करिश्मा देखा जा चुका है। आम आदमी पार्टी महिला सम्मान योजना के माध्यम से महिलाओं को लुभाने का प्रयास कर रही है। लगभग सभी राजनीतिक दल इस दिशा में आगे आ रहे हैं। बहरहाल लोकतंत्र के इस महापर्व में देश की महिलाएं अग्रणी भूमिका निभाने जा रही हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी इसे शुभ संकेत माना जा सकता है। चुनाव के दौरान आने वाले दिनों में महिलाओं की और सभी राजनीतिक दलों की नजर रहेगी। इसे देश और लोकतंत्र दोनों के लिए ही सकारात्मक कहा जा सकता है। दुनिया के देशों के लिए भी भारत की महिलाएं एक मिसाल बन कर सामने आएंगी।

आप का नजरीया

## परमबीर के आरोप गंभीर हैं

**सुप्रीम** कोर्ट ने बुधवार को कहा कि इस बात में कोईं संदेह नहीं है कि मुंबईं के पूर्व पुलिस कमिश्नर परमबीर सिह द्वारा अपनी याचिका में महाराष्ट्र के गृहमंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ उठाए गए मुद्दे अत्यंत गंभीर हैं। गृहमंत्री अनिल देशमुख के घर के बाहर लगे सीसीटीवी पुटेज को जब्त कर उसकी जांच करवाने की मांग परमबीर ने अपनी याचिका में की। परमबीर ने कहा कि अगर उनके आरोपों की जल्द जांच नहीं की गईं तो हो सकता है कि अनिल देशमुख सभी सुबूतों को मिटा दें और सीसीटीवी पुटेज को डिलीट कर दें। अनिल देशमुख ने फरवरी में अपने आवास पर कईं मीटिंग की। मुंबईं व्राइम इंटेलिजेंस यूनिट (एमसीआईंयू) के इंस्पेक्टर सचिन वाजे भी इसमें शामिल हुए थे। उस दौरान गृहमंत्री अनिल देशमुख ने वाजे को होटल, बार और रेस्टोरेंट से हर महीने 100 करोड़ रुपए की उगाही करने को कहा था। 24-25 अगस्त 2020 को राज्य खुफिया विभाग की इंटेलिजेंस कमिश्नर रश्मि शुक्ला ने डीजीपी को अनिल देशमुख की ओर से ट्रांसफर पोस्टिंग में किए जा रहे भ्रष्टाचार की जानकारी दी थी। डीजीपी ने यह जानकारी गृह मंत्रालय में एडिशनल चीफ सैव्रोटरी को दी थी। यह जानकारी टेलीफोन पर हुईं बातचीत को रिकॉर्ड कर जुटाईं गईं थी। न्यायमूर्ति संजय कौल और न्यायमूर्ति आरएस रेड्डी की पीठ ने परमबीर सिह को अपनी शिकायत लेकर बंबईं उच्च न्यायालय जाने की छूट प्रादान कर दी। शीर्ष अदालत ने कहा कि इसमें कोईं संदेह नहीं है कि यह मामला अत्यंत गंभीर है लेकिन याचिकाकर्ता को बंबईं उच्च न्यायालय जाना चाहिए। सिह का पक्ष रखने के लिए अदालत में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुवुल रोहतगी ने कहा कि वह आज ही बंबईं हाईं कोर्ट में याचिका दायर करेंगे। पीठ ने रोहतगी से कहा कि दो प्राथमिक सवाल हैं—पहला यह कि अनुच्छेद 32 के तहत शीर्ष अदालत में याचिका क्यों दायर की गईं है और याचिकाकर्ता ने अनुच्छेद 226 के तहत उच्च न्यायालय से सम्पर्व क्यों नहीं किया? दूसरा सवाल यह है कि सिह ने अपनी याचिका में राज्य के गृहमंत्री को पक्ष क्यों नहीं बनाया है? रोहतगी ने कहा कि वह देशमुख को मामले में पक्ष बनाएंगे और इस संबंध में आवेदन तैयार है। उन्होंने कहा कि यह गंभीर मामला है जिसने राज्य के प्राशासन को प्राभावित किया है। पीठ ने कहा कि अदालत का मत है कि याचिकाकर्ता को उच्च न्यायालय से सम्पर्व करना चाहिए और यदि वह मामले में किसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच करवाना चाहते हैं तो उच्च न्यायालय इस मुद्दे को भी देख सकता है। रोहतगी ने कहा कि वह आज ही उच्च न्यायालय से सम्पर्व करेंगे और शीर्ष अदालत उच्च न्यायालय से मामले को कल देखने के लिए कह सकती है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी पुटेज के रूप में सुबूत हैं जो एटीएस के कब्जे में हैं जिसने इन्हें राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईंए) को नहीं सौंपा है। एनआईंए उद्योगपति मुकेश अंबानी के मुंबईं स्थित घर के बाहर 25 फरवरी को मिली एसयूवी से संबंधित मामले की जांच कर रही है जिसमें विस्फोटक सामग्री रखी गईं थी। 1988 बैच के अधिकारी परमबीर सिह ने अदालत से मुंबईं पुलिस आयुक्त पद से हटाने को भी रद्द करने का भी अनुरोध किया था। उनका आरोप है कि यह आदेश मनमाना और गैर-कानूनी है।

# डीसी, एसपी ने अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र का लिया जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक बुधवार को कुन्दा पहुँचे। चुनाव आयोग के निर्देश के आलोक में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर उपायुक्त रमेश घोलप और पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने कुन्दा में संयुक्त रूप से मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। जिसमे आधा दर्जन अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र में जवानों के रहने का व्यवस्था का निरीक्षण कर वहां के वस्तु स्थिति से अवगत हुए। निरीक्षण के क्रम में यूएमएस कुंदा, मदारपुर, कुटिल, मेदवाडीह, चिलोई व डाडू मतदान केंद्र पहुँच कर मतदान केंद्र का भवन, शौचालय, सड़क, पेयजल व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।मौके पर उपस्थित बीडीओ विवेक कुमार को मतदान केंद्र पर चिन्हित कर शौचालय समेत अन्य सुविधा अविलंब पूरा करने का निर्देश दिया। डीसी ने आसेदेरी गांव पहुँच कर आदिम जनजाति के परिवारों व नए मतदाताओं के साथ बैठक कर मताधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी दिया कहा कि अधिक से अधिक मतदाता 20 मई 2024 को अपने नजदीकी मतदान केंद्र पहुँच कर पहले मतदान फिर जलपान करने की बात कही। अंबडेकर चौक स्थित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गांव के मतदाता, नये मतदाता समेत स्कूली बच्चे शामिल हुए। मतदाता जागरूकता के तहत उपायुक्त,पुलिस अधीक्षक, उपविकास आयुक्त समेत कई लोगों ने हस्ताक्षर अभियान सेल्फी पॉइंट बनाकर तस्वीर लिया। इससे पूर्व बच्चों व शिक्षकों ने मतदाता जागरूकता को लेकर प्रभातफेरी निकाला।स्कूली बच्चों ने जागों जागों हे मतदाता...तुम भारत के भाग्य विधाता !युवा हो तुम देश की शान..जागो उठो करो मतदान का ऐसे कई स्लोगन से मतदाताओं को जागरूक किया साथ ही सपथ ग्रहण कराया गया। पत्रकरों से बातचीत में उपायुक्त ने कहा चुनाव आयोग के निर्देश पर बूथ निरीक्षण किया।उन्होंने कहा कि 80 वर्ष से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को चुनाव आयोग के निर्देशानुसार अपने बूथ तक मतदान करने के लिए वाहन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए दिव्यांग मतदाताओं को चिन्हित किया जा रहा है।चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। इस मौके पर डीडीसी पवन मण्डल, सीआरपीएफ कमांडेंट मनोज कुमार, डीपीआरओ सकील अहमद, एनडीसी विजय कुमार दास, एसडीपीओ अजय केसरी, सीओ शंभु राम, थाना प्रभारी नितेश कुमार प्रसाद, बीपीओ अजय सिन्हा, कुंदा मुखिया मनोज कुमार साहु, मरगड्डा मुखिया उपेन्द्र पासवान, नवादा मुखिया भरत यादव, मुखिया प्रतिनिधि बिनोद साव, अखिलेश प्रसाद यादव समेत कई मौजूद थे।

## चतरा लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह का मैराथन दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने जिले के हंटरगंज,सदर प्रखंड और गिद्धौर प्रखण्ड के अंतर्गत दर्जनों गांव में जनसम्पर्क अभियान चलाया। तपिश भरी गर्मी होने के बावजूद ग्रामीणों ने लोकसभा प्रत्याशी काली चरण सिंह को गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। भाजपा प्रत्याशी कॉलेज चरण सिंह ने झारखंड के प्रसिद्ध कॉलेज श्री मंदिर में अपने समर्थकों के साथ पूजा अर्चना की। उसके बाद उनका काफिला हंटरगंज प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया जबकि भाजपा के जोरी मंडल में भी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर पार्टी कार्यकर्ताओं को समर्पित होकर चुनावी मैदान में उतरने की बात कही है।भाजपा प्रत्याशी पत्थलगड्डा, गिद्धौर, सदर प्रखंड के अंतर्गत कमता खुर्द , कमात लेम, भोजिया, क्षेत्रों का सघन दौरा किया और जनसम्पर्क अभियान चलाया। भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने जनसंपर्क अभियान के दौरान जनता से रुबरु होते हुए मोदी सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं से



अवगत कराते हुए फिर एक बार प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनाने का अपील किया। कालीचरण सिंह को अपने बीच पाकर क्षेत्र की जनता बेहद उत्साहित थी। हर एक जगह पर भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों के द्वारा कालीचरण सिंह का ढोल-ताशे के साथ अभूतपुर्व स्वागत हुआ। भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने आम जनता से रूबरू होते हुए कहा कि आज पूरी दुनिया भारत को सम्मान की दृष्टि से देख रहा है।इसका पूरा श्रेय पीएम मोदी को जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता और चतरा की जनता के विश्वास पर पार्टी ने भरोसा जताया है। जनसेवा और विकास हमारी प्राथमिकता रहेगी और भविष्य में भी इसी प्राथमिकता के आधार पर कार्य करूंगा।

## वनविभाग की बड़ी कार्रवाई, लकड़ी का बोटा लदा 2 ट्रैक्टर जप्त, तस्कर फरार



**कुन्दा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वन विभाग ने लकड़ी माफिया के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। वन विभाग की टीम को लकड़ी तस्करों के विरुद्ध बड़ी सफलता मिली है। वन विभाग को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कुंदा उत्तरी वन क्षेत्र के अंतर्गत बुटकुईया एवं खुशियाला बॉर्डर के जंगल से वन विभाग ने दो ट्रैक्टर पर लदा साले प्रजाति के 40 पीस लकड़ी का बोटा जप्त किया है। प्रभारी वनपाल मुन्ना उरांव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में लकड़ी तस्कर, तस्करी के उद्देश्य से जंगल से बेस कीमती लकड़ी काटकर ट्रैक्टर से ले जा रहे हैं।सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जब टीम खुशियाला जंगल पहुंची तो तस्कर वन विभाग की टीम को देखकर भाग निकलें। प्रभारी वनपाल ने आगे बताया कि तस्कर कौन है और ट्रैक्टर किसकी है पता लगया जा रहा है। जाँच पड़ताल कर आगे की कारवाई किया जाएगा। छापामारी अभियान में कुटिल बिट के प्रभारी वनपाल नितेश कुमार, वनरक्षी मुकेश कुमार, दिवाकर कुमार दास, शिवकुमार सिंह, रविशंकर आदि शामिल थे।

## भव्य तरीके से निकाला मंगलवारी जुलूस



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में चैत्र मास के प्रथम मंगलवार को राम भक्तों ने अस्त्र-शास्त्र की पूजन के बाद भव्य मंगला जुलूस निकाला। मंगला जुलूस प्रखंड मुख्यालय के मुख्य चौक से निकल कर संपूर्ण गांव का भ्रमण किया।मंगला जुलूस में राम भक्तों द्वारा जमकर जय श्री राम,जय बजरंगबली,वंदे मातरम,भारत माता की जय सहित कई नारे लगाए जा रहे थे।जबकि भगवान श्री राम पर आधारित कई गीतों पर राम भक्त झूम रहे थे।मंगला जुलूस मंगलवार की देर शाम निकाली गई थी। इधर मंगला जुलूस को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया था। समय-समय पर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता,पुलिस अवर निरीक्षक सोनी खलको, सहायक पुलिस अवर निरीक्षक रंजय सिंह द्वारा लगातार गश्ती की जा रही थी।जुलूस में सार्वजनिक रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष कपिल कुमार, मनोज कुमार कुशवाहा, के नेतृत्व में निकाली गयी। मंगला जुलूस में मुनी पांडेय, विकास कुमार, प्रयाग महतो, तपेश्वर दांगी, पप्पू कुमार सहित अन्य शामिल थे।

## सच को छुपाने की कोशिश की जा रही है

# सिपाही बना रीडर, कोल ट्रांसपोटरों से है तालमेल, निजी लाभ के लिए करते हैं सहयोग

**सच्चाई को सामने आता देख पत्रकारों को झूठा मुकदमा में फंसाने का देते हैं धमकी**

**उच्चस्तरीय जांच की जाय तो परत दर परत पर्दा लगेगा उठने**

**कोल माफियाओं से है सांठगांठ, जिसे लेकर एक हीं जगह पर हैं बने**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जब एक साधारण सिपाही का हाथ रीडर के पोस्ट में लग जाय तो आप समझ सकते हैं कि उनकी रुतबा क्या होगी। यह मामला टंडवा एसडीपीओ के रीडर राजेश का है जिन्होंने ने एक हीं जगह पर 6 वर्ष अपने दम पर दबदबा बना कर जमें हुए है। जमने का मुख्य कारण है कि इनका कोयला ट्रांसपोर्टरों के साथ सांठ गांठ ज्यादा है। जिसके कारण वैसे ट्रांसपोर्टरों को मदद निजी लाभ के लिए करते आ रहें है। हैरत की बात है कि निर्वाचन आयोग के गाइड लाइन को भी धत्ता बताते हुए तथा अपना पोस्टिंग सिपाही के पद को छुपाते हुए रीडर के पद पर कार्यरत है। यदि कोई पत्रकार ऐसी मामले पर सवाल उठाता है तो इन पर कई तरह के धमकियां के साथ झूठे मुकदमें में फंसाने की कोशिश की जाती है। यदि एक हीं जगह पर नहीं है तो अपने कार्यकाल को निर्वाचन आयोग को सही जानकारी क्यों नहीं दी जाती। सारे मामले पर यदि उच्चस्तरीय पदाधिकारियों से जांच की जाय तो इनकी सारा सच्चाई सामने आ जाएगी। जबकी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव के रवि कुमार द्वारा राज्य के सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को विज्ञप्ति जारी कर सख्त निर्देश दिया गया है कि लोक सभा आम चुनाव 2024 के दृष्टिगत अपने गृह जिला अथवा पदस्थापन स्थान में विगत 4 वर्षो में 3 वर्ष पूरा करने वाले निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारियों, कर्मियों को स्थान्तरित करने का निर्देश दिया गया है। बावजूद निर्वाचन पदाधिकारियों को सही जानकारी नहीं देकर गलत जानकारी उपलब्ध करा कर अपने निजी लाभ जैसे कोयला ट्रांसपोर्टरों को सहयोग करना यादि के लिए जमें हुए हैं साथ हीं अपना अलग रसुखदारी चला रहे हैं। क्या ऐसे लोगों पर निर्वाचन आयोग का नियम कानून लागू नहीं होता ।अगर जांच की जाय तो परत दर परत पर्दा उठने लगेगा।

# कैसे बुझेगी पेट की आग, चिंता में डुबे गरीब मजदूर अब बाहर के प्रदेशों की तरफ कर रहे हैं रुख

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** भारत सरकार मनरेगा योजना के माध्यम से गरीब मजदुरों को काम देने के नाम पर जितने भी डींगे हांक ले लेकिन सब बेअसर साबित हो रहा है।दरअसल चतरा जिले के विभिन्न प्रखंडों में मजदूरों का डिमांड का स्तर अप्रैल के पहले सप्ताह में सबसे निचले पायदान पर है।जिले के अन्य प्रखंडों की तरह मयूरहंड प्रखंड में भी डिमांड शुन्य की कगार पर खड़ा होकर मनरेगा योजना का मुंह चिढ़ा रहा है। मयूरहंड प्रखंड चतरा जिला का एक पिछड़ा प्रखंड है यहां अनुसूचित जाति पिछड़ी और अत्यंत पिछड़े जातियों की बड़ी आबादी है जो मजदूरी करके ही अपना गुजर बसर करते हैं ऐसे में इनके लिए मनरेगा योजना कभी वरदान साबित हो रहा था लेकिन इन दिनों मनरेगा योजना पूरी तरह से विभागीय कर्मियों के स्थूल रवैया के कारण मनरेगा योजना पर ग्रहण लग गया है और मजदूर पेट की



आग बुझाने के लिए बाहर की प्रदेशों में दिन-रात भाग रहे हैं जिसकी चिंता ना तो क्षेत्र के विधायक और ना ही पंचायत के जनप्रतिनिधियों को है। लोकसभा चुनाव को देखते हुए राज्य सरकार ने बड़े पैमाने पर पूरे राज्य में जिला स्तरीय से लेकर प्रखंड स्तरीय बाबूओं का फेरबदल कर चुके हैं। सूत्रों की माने तो चुनाव आयोग के कडे नियमों के कारण प्रखंड स्तरीय ऑफिसर काफी व्यस्त हैं और लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से मतदान कराने को लेकर 24 घंटे सिस्टम को चुस्त दुरुस्त करने में लगे हैं। ऐसे में इन साहबों को मनरेगा योजना की तरफ ध्यान ही नहीं जा रहा है जिसके कारण प्रखंड क्षेत्र के अधिकांश मजदूर जो गरीबों के साए में जीते हैं वे अपने परिवार के पालन पोषण के लिए दूसरे राज्यों की ओर रुख कर रहे हैं। बेशक भारत में मोदी सरकार के नाम से मशहूर भाजपा की सरकार नरेगा से मनरेगा कर चुकी हो और गरीबों को आर्थिक सुधार के रास्ते पर लाने की डंका पीट रही हो लेकिन सच्चाई इसके बिल्कुल विपरीत है। कई मजदूरों ने प्रभात मंत्र से सीधे बातचीत करते हुए कहा कि नरेगा योजना मेरे परिवार के लिए जीने का मुख्य सहारा था लेकिन इन दिनों नरेगा योजना में काम नहीं मिलने से आर्थिक संकटों से जूझ रहा हूं और अब भारत की कभी राजधानी रहा कोलकाता की शहर जाने की तैयारी कर रहा हूं ताकि वहां हाथ रिक्शा चलाकर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण कर सकूं।

## सीसम के सूखे पेड़ दे रहा है मौत का आमंत्रण



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड मुख्यालय के सिमरिया चौक पर सूखे सीसम के पेड़ मौत बन कर लटक रहा है। जबकि यह सीसम का भारी भरकम पेड़ सुभाष चौक के मुख्य चौमुहाने पर है जहां से एक तरफ बगरा के लिए दुशरी तरफ देल्हो के लिए तिशरी तरफ टंडवा के लिए और चौथी तरफ हजारीबाग के लिए जाती है। और तो और यह मुख्य सड़क रात दिन व्यस्त सड़क है राहगीरों से लेकर छोटी बड़ी वाहनों एवं बसों का सफर जारी रहता है। हैरत की बात है कि स्वतंत्रता सेनानी के प्रतिमा सुभाष चन्द्र बोष के ऊपर डाल लटका हुआ है। इसी मुख्य सड़क से छोटे से लेकर बड़े अधिकारियों का गुजर होते रहता है। यदि यह डाल किसी व्यक्ति या वाहन या बस पर गिर गया तो कहीं ना कहीं बड़ी हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता। वैसे में समय रहते इसे काट कर हटाया जाय तो एक बड़ी घटना को टाला जा सकता है। वहीं ऐसे सूखे सीसम का पेड़ चौक के सभी मुख्य मार्गों में देखने को मिल जाएगा परन्तु अभी तक इस पर किसी तरह का कोई पहल नहीं किया गया है।

# चैती दुर्गा पूजा मनाने को लेकर ग्रामीणों की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** चैती दुर्गा पूजा मनाने को लेकर बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के गणेशपुर ग्राम में ग्रामीणों की एक बैठक हुई । जिसमें प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैती दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर बोलते हुए सुनील यादव ने कहा कि बालूमाथ बरियातू एवं हेरहंज प्रखंड में मात्र एक गणेशपुर ग्राम ही है जहां चैती दुर्गा पूजा हर वर्ष मनाया जाता है। परंपरा के मुताबिक इस वर्ष भी मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। एवं 9 दिनों तक नवरात्रि एवं विजयदशमी के दिन भव्य जुलूस निकालकर मां दुर्गा के प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। जिसके लिए कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष सुनील यादव, उपाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, राजेश उरांव,सचिव अनूप कुमार रमेश भगत उप-सचिव कुलदीप राम, पवन राम कोषाध्यक्ष विष्णु शंकर सिंह, अभय सिंह संयोजक प्रीतलाल यादव, सीताराम सिंह, रजनीकांत गुप्ता,जलेश्वर सिंह, जितेंद्र रजक, सुधु उरांव, फुलदेव राम, चरणजीत उरांव जंग बहादुर सिंह, रमेश प्रसाद गुप्ता जीतन भुइयां, भुवनेश्वर सिंह देवराज सिंह, आदित्य कुमार सिंह जगजीवन राम, प्रदीप गुप्ता देवनंदन गुप्ता, त्रिलोकी महतो, संजय गुप्ता समिति कई लोग उपस्थित थे।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता कैंडल मार्च का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** आसन्न लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को दिनांक 02 अप्रैल 2024 को स्वीप कार्यक्रम के तहत समाहरणालय परिसर में मतदाता जागरुकता कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह के द्वारा कैंडल जलाकर मतदाता जागरुकता कैंडल मार्च की शुरूआत की गई। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने मौके पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों,जनप्रतिनिधियों, छात्र-छात्राओं, सेविका,सहायिका आदि को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए मतदाता शपथ ग्रहण कराया।इसके अलावे जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने




के उद्देश्य से Election Masscot "i-Bhai" का लोकार्पण किया गया।उपायुक्त द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 के प्रति मतदाताओं को जागरुक करने व मतदान के दिन बूथों पर जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित करने की दिशा में जिला अंतर्गत विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में? बुधवार को जिला प्रशासन के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता कैंडल मार्च का आयोजन किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करना है। इससे अधिक से अधिक लोग मतदान के लिए घरों से बाहर आएं और मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी हो सकें। साथ ही सभी को मतदान के प्रति जागरूक किया जा सकें।कैंडल मार्च समाहरणालय परिसर से रवाना होकर थाना चौक में समाप्त हुआ। जिसमें सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, कर्मी , विद्यार्थियों, सेविका सहायिका ने बढ़चढ़कर भाग लिया। इस दौरान सभी को लोकतंत्र में मतदान की आवश्यकता के बारे में बताया एवं आगामी लोक सभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान हेतु सभी को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान सभी के द्वारा मतदान नारों का भी उदघोष किया गया।अभियान का नेतृत्व आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गागराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन द्वारा किया गया।

## मोबाइल दुकान को अपराधियों ने किया आग के हवाले



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के कोयद मुख्य बाजार पर स्थित अंजलि डिजिटल स्टूडियो एवं मोबाइल सेंटर दुकान को मंगलवार की रात को अज्ञात अपराधियों ने आग के हवाले कर दिया। घटना की जानकारी देते हुए दुकान संचालक सुकर साहू ने बताया कि रात्रि के लगभग 2:00 बजे के आसपास घर में सोए लोगों ने आग लगने की जानकारी मोबाइल पर दिया। जानकारी मिलते ही आनन फानन में दुकान पहुंचा एवं दरवाजा को खोलकर वहां पर इकट्ठा हुए लोगों की मदद से आग को बुझाया गया। संचालक ने बताया कि पश्चिम साइड रूम के वेंटीलेटर से पेट्रोल छिड़क कर इस घटना को अंजाम दिया गया है, घटनास्थल पर बोतल में थोड़ा सा पेट्रोल फेंका हुआ था। इस आगजनी से दुकान में रखें कंप्यूटर, इनवर्टर, बैटरी प्रिंटर, तीस हजार रूपए नगद,कई प्रकार के मोबाइल एवं अन्य समान चलकर राख हो गया। पीड़िता ने इस मामले को लेकर टंडवा थाना में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराते हुए, जल्द से जल्द कानूनी कार्रवाई करने का गुहार लगाया है।

# लोक सभा चुनाव 2024 को लेकर निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ की अध्यक्षा में की गई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखण्ड सह अंचल कर्यालय सभागार परिसर मे निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडियो नन्द कुमार राम की अध्यक्षता मे बैठक की गई. इस बैठक मे उपस्थित सभी सदस्यों को लोक सभा चुनाव की तिथि 20 मई के निर्धारित होने के सदर्भ मे बातया गया. मतदान के लिए मतदाता सूची मे नाम होना आवश्यक है.इसके लिए मतदाता जागरूकता फार्म के माध्यम से स्वयं और अपने परिवार व पास पड़ोस के लोगो का नाम सत्यपन कर लेने हेतु सुझाव दिया गया. सभी सदस्यों को लोक सभा चुनाव 2024 के क्रम मे नैतिक मतदान के प्रति सचेत होकर मतदान करने व कराने का अपिल की गई। . वही निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडियो नन्द कुमार राम ने उपस्थित लोगो से 20 मई मतदान के दिन अपने घरों से भारी से भारी संख्या मे निकलकर निर्विरोध शान्तिपुर्ण वातावरण में मतदान करने की अपील की. मौके पर बिपिआरओ शेराफेनुस खलखो, सिआई अनिल होरो, बियओ चंदन कुमार बीपीयो केतन गुप्ता, बीपीएम दीपक सिंह प्रधान सहायक कपिल देव सिंह लेखापाल रवि यादव, जई आशीष गुप्ता, रोजगार सेवक सुरेन्द्र यादव, नमन कुमार सहित सभी प्रखण्ड कर्मी व अंचलकर्मी उपस्थित रहे।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत साइकिल जागरूकता रैली का किया गया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** आसन्न लोक सभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है।इसी क्रम में बुधवार को स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत साइकिल जागरूकता रैली का आयोजन जिला खेल स्टेडियम में किया गया। आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गागराई, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर साइकिल जागरूकता रैली को रवाना किया गया। साथ ही सभी को लोकतंत्र में मतदान की आवश्यकता के बारे में बताया एवं आगामी लोक सभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान हेतु सभी को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। साईकिल रैली जिला खेल स्टेडियम से कारगिल चौक होते हुए जिला खेल स्टेडियम में समाप्त किया गया। जिसमें बढ़ चढ़ कर विद्यालयों के छात्रङ्क छात्राओं, एनसीसी कैडेट के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान सभी को लोकतंत्र में मतदान की आवश्यकता के बारे में बताया एवं आगामी लोक सभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान हेतु सभी को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने जिले के कुन्दा प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में बने बूथों का किया निरीक्षण



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा आम चुनाव-2024 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा श्री रमेश घोलप ने जिले के नक्शल प्रभावित प्रखण्ड कुन्दा के ग्रामीण क्षेत्रों में अवस्थित बूथों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सभी आम लोगों से अपील किया कि निर्भिक होकर अपना शत प्रतिशत मतदान का उपयोग कर लोकतंत्र को मजबुत करें। वहीं स्वीप कार्यक्रम के तहत कुन्दा चौक पर उपस्थित मतदाताओं को मतदान करने हेतु शपथ दिलाया गया तथा सेल्फी पोवाइंट पर सेल्फी लिया। साथ ही मतदाताओं के बीच हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने आज कुन्दा प्रखण्ड के बूथ संख्या-286, 287 (उत्क्रमित मध्य विद्यालय चिलोय), डहु बूथ संख्या-285 में निरीक्षण कर मूलभुत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उन्होने बूथ केन्द्रों पर आवश्यक सुविधा के साथ-साथ साफ-सफाई, विद्युत, पेयजल, शौचालय, रैम्प की सुविधा कराने का निर्देश दिया।लोकसभा आम चुनाव-2024 के निमित कुन्दा प्रखण्ड के नक्शल प्रभावित क्षेत्र में सेंट्रल आर्म पुलिस फोर्स के आवासन के लिए चिन्हित स्थलों का निरीक्षण किया।

## हजारीबाग में आज मनाई जाएगी झारखंड मुक्ति मोर्चा का स्थापना दिवस, तैयारी पुरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** झारखंड मुक्ति मोर्चा का 45 वां स्थापना दिवस आज गुरुवार को हजारीबाग मटवारी मैदान में मनाया जाएगा। जिसकी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। तैयारी को लेकर झारखंड श्रमिक संघ के जिला सचिव का बड़कागांव झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के अध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि तैयारीयां पूरी कर ली गई हैं। वहीं बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर तैयारी का जायजा तथा तैयारी को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए ताकि कहीं किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रहे। संजय सिंह ने कहा की हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, रामगढ़, चतरा के अलावा अन्य जिले से हजारों की संख्या में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता, हजारीबाग मटवारी मैदान पहुंचेंगे और स्थापना दिवस में शामिल होंगे। आगे बताया कि स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन, गिरीडीह विधायक सोनू विश्वकर्मा, दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा, झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव बेदिया के अलावा कई झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक, वरिष्ठ नेता शामिल होंगे और सभा को संबोधित करेंगे।

# राज्य के हरेक मतदान केंद्र स्थल पर रहेंगी मेडिकल टीम : अजय कुमार सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** लोकसभा चुनाव 2024 में सभी मतदान केन्द्र स्थल से मतदान दिवस के एक दिन पहले से ही मेडिकल टीमें संबद्ध रहेंगी। मतदान केंद्र भवनों में तैनात स्वास्थ्यकर्मियों के पास मतदाताओं और निर्वाचन कार्य में लगाये गये पदाधिकारी, कर्मियों एवं सुरक्षा बलों के लिए जरूरी दवाएं ,ओ. आर. एस. घोल इत्यादि सहित प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध रहेगी। संबंधित प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र के चिकित्सा पदाधिकारी अपने क्षेत्राधीन एंबुलेंस या किसी अन्य वाहन से पारा मेडिकल स्टाफ के साथ सभी मतदान केन्द्रों पर चलायमान रहेंगे। 108 एंबुलेंस की सुविधा मतदान के एक दिन पहले से ही पुख्ता रहेगी। किसी भी आकस्मिकता की स्थिति में निर्वाचन कर्मियों के लिए कैशलेस इलाज की सुविधा रहेगी। सभी सिविल सर्जन संबंधित जिला निर्वाचन पदाधिकारी की सहमति से अपने क्षेत्रधिन सरकारी, गैर सरकारी एवं उच्चतर सुविधा वाले अस्पतालों की सूची तैयार कर उनकी मैपिंग करा लें। आकस्मिक स्थिति में सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों में इलाज हेतु ससमय रेफरल की व्यवस्था रहे, ताकि निर्वाचन कर्मियों के लिए तत्काल बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध रहे। विशेष परिस्थितियों के लिए एयर एंबुलेंस की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने आज आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा सहित स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक को संबोधित करते हुए उक्त बातें कहीं। नेपाल हाउस स्थित सभागार में आयोजित इस बैठक से राज्य के सभी जिलों के सिविल सर्जन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। उन्होने कहा कि मेडिकल किट के साथ प्रत्येक मतदान भवन में तैनात रहेंगे स्वास्थ्य कर्मी। उक्त बैठक में अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, आलोक त्रिवेदी, निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएं, डॉ चंद्र किशोर शाही, विशेष सचिव, जय किशोर प्रसाद, मुख्य निर्वाचन पदधिकारी कार्यालय की ओएसडी गीता चौबे सहित स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस ने कोयला तस्करीयों पर की कार्यवाई

**विष्णुगढ़ :** गुप्त सूचना के आधार पर विष्णुगढ़ थाना पुलिस ने अवैध कोयला तस्करो के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाकर 70 से 80 बोरी कच्चा स्ट्रीम कोयला जिसका वजन 2.5 ढाई टन जिसको जब्त किया।बताया गया कि गुप्त सूचना मिली कि बोकारो जिला के बेरमो थाना अंतर्गत बंदखारो के सुरक्षित वन क्षेत्र से कोयले का अवैध उत्खनन कर, करवाकर टाटा 407 वाहन में लोडकर अधिक मुनाफाखोरी के उद्देश्य से ग्राम बंदखारो के रास्ते सारूकूदर चुहूटिया होते हुए बोकारो की ओर ले जाया जा रहा है। प्राप्त सूचना के वरीय प्राधिकारियों को अवगत कराते हुए निर्देशानुसार छापेमारी दल का गठनकर ग्राम सारूकूदर चुहूटिया मोड के पास पहुंच कर ऊक्त वाहन के आने का इंतजार करने लगा। इसी क्रम में देखा गया कि बंदखारो को ओर से एक टाटा 407 वाहन आ रही है। तभी छापेमारी दल के सतर्क करते हुए उक्त वाहन को रोकने का इशारा किया, परंतु वाहन के चालक अपने आगे पुलिस पार्टी को देखकर चेकिंग स्थल से करीब 200 मी. पीछे अपनी गाड़ी रोककर उसके केबिन से उतरकर भागने में सफल रहा। बरामद टाटा 407 वाहन निरीक्षण करने पर उसके करीब 2.5 ढाई टन कोयला लोड पाया गया। जिसे विधिवत जब्त कर थाना लाया गया। इस संदर्भ में विष्णुगढ़ थाना कांड संख्या 57/24 दिनांक 01.04.24 धारा 369/414/34 भा0द0वी0 धारा 30(11) सीएएल माइंस एक्ट 33 इंडियन फॉरेस्ट ओट के तहत प्राथमिक अभियुक्त 1 टाटा 407 वाहन संख्या जेएचआई 0335 के चालक एवं मलिक तथा अज्ञात कोयला तस्कर के विरुद्ध कांड अंकित किया गया है।इस छापामारी दल में थाना प्रभारी रामनारायण सिंह, संत कुमार पाठक एवं विष्णुगढ़ रिजर्व गार्ड शामिल रहे।

## हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा ने बैद्यनाथ धाम में मत्था टेक मांगा आशीर्वाद



**हजारीबाग।** हजारीबाग से झारखंड पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा अपने समर्थकों और परिवार के सदस्यों संग बाबा भोलेनाथ के दरबार में मत्था टेक भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देवघर बैद्यनाथ मंदिर जो एक महत्वपूर्ण हिंदू तीर्थस्थल भी है। जहां श्रावण के महीने में करोड़ो श्रद्धालु श्रद्धा भक्ति के साथ पुजा के लिए पहुंचते हैं और सुल्तानगंज से देवघर तक गंगा जल ले कर भगवान शिव पर जल चढ़ाते हैं और अपनी मनोकामनाएं मांगते हैं और बाबा भोलेनाथ सभी की मनोकामना पूरी करते है। कहा कि हजारीबाग से चलकर मैं भी अपने समर्थकों और परिवार के सदस्यों संग देवघर बैद्यनाथ धाम मत्था टेक आशीर्वाद मांगने आया हुं। बाबा भोलेनाथ से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र सहित झारखंड राज्य और सभी देशवासियों के लिए सुख, समृद्धि और खुशहाली की मनोकामनाएं मांगी। कहा कि भोलेनाथ सभी के दिलों में बसते हैं और सभी की मन की इच्छाओं को भली भांति जानते हैं बाबा भोलेनाथ देश प्रदेश सहित पूरे विश्व के जनकल्याण करें, इसी मनोकामना के साथ आज बैजनाथ धाम बाबा भोलेनाथ के दरबार पहुंचे हुए हैं बाबा भोलेनाथ जन-जन के लोगों का कल्याण करें।

## पहले मंगल जुलूस के साथ हजारीबाग में हुआ रामनवमी का आगाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** होली का खुमार खत्म होते ही हजारीबाग के इंटरनेशनल रामनवमी का पहला मंगला जुलुस के साथ मंगलवार को आगाज हुआ। शहर के प्रमुख मार्गो में महावीरी पताके संग पहला भव्य मंगला जुलुस तासा की तड़तड़ाहट के साथ निकाला। पहला मंगला जुलूस में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद प्रत्याशी सह हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल अपने विष्णुगढ़ दौरे से लौटकर हजारीबाग पहुंचते ही शामिल हुए और जुलूस में शामिल रामभक्तों संग लाठियों का करतब दिखाकर उनका हौसला बढ़ाया । हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने सभी रामभक्तों से अपील भी किया की शांतिप्रिय तरीके से सौहार्दपूर्ण वातावरण में मर्यदा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शो का अनुपालन करते हुए पहला मंगला जुलुस को संपन्न कराएं और आगामी रामनवमी को मनाएं ।

## झारखंड पार्टी महिला मोर्चा की बैठक में संगठन को विस्तारित करने का लिया गया संकल्प



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** झारखंड पार्टी महिला मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक कटकमसांडी प्रखंड अंतर्गत बरगड्डा चौक में महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सपना देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। झारखंड पार्टी की इस बैठक में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड पार्टी के जिला अध्यक्ष सूरज कुमार कुशवाहा और विशिष्ट अतिथि के तौर पर झारखंड पार्टी के महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेणु कुमारी शरीक हुई। महिला मोर्चा कि इस बैठक में मुख्य रूप से संगठन को विस्तारित करने और सुदृढ़ीकरण को लेकर चर्चा परिचर्चा की गई। सभी ने एक स्वर में झारखंड पार्टी को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड पार्टी माटी की पार्टी है जल जंगल जमीन की पार्टी है झारखंड वासियों के हक अधिकार की लड़ाई में लगातार संघर्ष करती चली आ रही है।

## मेघावी छात्रा को शिक्षकों और जनप्रतिनिधियों ने शिक्षण सामग्री देकर किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** सांढ़-छपेरवा निवासी किसान प्रहलाद कुमार की पुत्री पल्लवी रानी उत्क्रमित मध्य विद्यालय सांढ़ कक्षा 5 की छात्रा ने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल करने पर टारगेट पॉइंट कोचिंग सेंटर के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार के हाथों पल्लवी को शिक्षण सामग्री देकर सम्मानित किया गया एवं उज्जवल भविष्य की शुभ कामना की। मौके पर टारगेट पॉइंट कोचिंग सेंटर के शिक्षक भोलानाथ कुशवाहा ने बताया कि पल्लवी पढ़ने में मेघावी के साथ-साथ लग्नशील छात्रा है। मौके पर मुखिया सुलेखा कुमारी, पूर्व मुखिया भीखन महतो, पूर्व मुखिया कार्तिक महतो, पूर्व पंचायत समिति सदस्य बासमती कुमारी, कृत्यानंद महतो, ओम प्रकाश कुमार, रामचरित्र कुमार, गुरुदयाल कुमार जिज्ञासु, पूर्व वार्ड सदस्य शिक्षक आनंद कुमार पासवान, गिन्नी वर्मा, नेहा कुमारी, नंदकिशोर नारायण देव, उमेश प्रसाद अन्य उपस्थित थे।

## सांढ़-छपेरवा में शराब व मांस बन्द पकड़े जाने पर किया जाएगा दंडीत : यज्ञ समिति

**बड़कागांव :** बड़कागांव थाना क्षेत्र के सांढ -छपेरवा गाँव में श्री श्री 1008 हनुमंत व विश्वकर्मा भगवान के प्राण प्रतिष्ठा व यज्ञ को लेकर शराब व मांस पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। इस संबंध में यज्ञ समिति के अध्यक्ष हरिशंकर प्रसाद ने कहा कि 30 मार्च ध्वजारोहण से 20 अप्रैल तक शराब बंदी किया गया है। शराब बेचने व पीने वालों पर समाज के सभी लोगों की नजर रहेगी। शराब पीने तथा बेचते हुए पकड़े जाने पर 5100 रुपए का जुर्माना के साथ-साथ सामाजिक दंडित किया जाएगा। विदित हो कि यज्ञ का कार्यक्रम 9 अप्रैल को कलश यात्रा, 10 अप्रैल को गौरी गणेश आचार्य ब्राह्मण वरण मंडप प्रवेश अग्नि स्थापन हवन प्रारंभ आरती पुष्पांजलि एवं रात्रि में कथा प्रवचन,11 अप्रैल को 6:00 से वेद पाठ यज्ञ मंडप पूजन जलादिवास बजरंगबली व विश्वकर्मा भगवान एवं रात्रि में कथा प्रवचन,12 अप्रैल को मंडप द्विवेदी पूजन जलादिवास,13 अप्रैल को मंडप वेदी पूजन घृत वास आरती,14 अप्रैल को हवन मंडप पूजन आरती108 कलशो से स्नान नगर भ्रमण साजियादिवस एवं रात्रि में कथा प्रवचन, 15 अप्रैल को मंडप बेदी पूजन प्राण प्रतिष्ठा आरती एवं रात्रि में कथा प्रवचन, 16 अप्रैल को प्रातः यज्ञ मंडप पूजन एवं रात्रि में कथा प्रवचन एंव 17 अप्रैल को प्रताव्वेदी पूजन सामूहिक हवन महायज्ञ की पूर्णाहोती, भंडारा एवं रात्रि में भव्य जागरण का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी यज्ञ समिति अध्यक्ष हरिशंकर प्रसाद, सचिव पूरन महतो, कोषाध्यक्ष कृत्यानंद महतो ने संयुक्त रूप से दी।

# यह चुनाव नहीं लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प लेने का समय है : जेपी पटेल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग ।** राजनीति के भीष्म पितामह माने जाने वाले यशवंत सिन्हा बुधवार बुधवार को अपने आवास ऋषभ वाटिका में आईएनडीआई है गठबंधन के बैनर तले मीडिया कर्मियों से मुखातिब हुए। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए राजनीति को जीने वाले इंतजार कर रहे थे, कि शायद कोई बड़ा विस्फोट श्री सिन्हा करेंगे और हुआ भी ऐसा ही । उन्होंने एनडीए गठबंधन के उम्मीदवार को आतताई करार देते हुए कहा कि वे यहां के संसाधनों पर कब्जा कर चुके हैं उन्हें रोकने के लिए जनता को उन्हें बेदखल करना जरूरी है।राजनीति का उद्देश्य जनसेवा होनी चाहिए।तानाशाही शासक के अंत का बिगुल बज चुका है।

**प्रेस वार्ता में गठबंधन के सभी नेताओं ने मंच साझा किया।**

विषय प्रवेश कराते हुए कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने कराया। मौके पर राजद नेता गौतम सागर ने कहा कि यदि मोदी चुनाव जीतते हैं तो न्यायपालिका , विधायिका, कार्यपालिका एवं लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर अपने अस्तित्व का खतरा बना रहेगा। झामुमो के कमल नयन सिंह ने श्री पटेल को सीधा समर्थन देने की बात करते हुए कहा कि जयप्रकाश भले हीं कांग्रेस के दत्तक पुत्र हैं लेकिन उनका वास्तविक पिता झामुमो ही है। प्रेस वार्ता में बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि हजारीबाग के मतदाताओं को यह निर्णय लेना है की वे एक व्यवसाई को दिल्ली भेजेंगे या एक जमीन से जुड़े जनसेवक को। वहीं लोकसभा के आईएनडीआई के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल ने खम्म ठोकते हुए कहा कि इस बार चुनाव में कुछ अलग होगा।लोकतंत्र और संविधान को बचाना है तो गठबंधन को जिताना हीं होगा। प्रेस वार्ता में रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी,बरही विधायक अकेला यादव,आप पार्टी के सच्चिदानंद पांडेय, राष्ट्रीय जनता दल से गौतम सागर राणा, माले के पूर्व विधायक राजकुमार यादव, झामुमो के कमलनयन सिंह, मसास के मिथिलेश सिंह, कांग्रेस कार्यकर्ता मुन्ना सिंह समेत कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झारखंड पार्टी के प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा का भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग के पगमिल रोड अवधपुरी के समीप दक्षिणेश्वरी काली मंदिर में झारखंड पार्टी के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा ने पूजा अर्चना कर माथा टेका और आशीर्वाद लेकर जीत की मनोकामना की। इस मौके पर फूल माला पहनकर झारखंड पार्टी के समर्थकों ने उनका भव्य स्वागत किया। मौके पर झारखंड पार्टी के उम्मीदवार राजकुमार कुशवाहा ने लोगों से जन समर्थन की अपील करते हुए कहा कि झारखंड पार्टी माटी की पार्टी है, जल जंगल जमीन की पार्टी है यहां के लोगों के हक अधिकार की लड़ाई के लिए झारखंड पार्टी हमेशा तत्पर होकर संघर्ष करती रही है झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने हजारीबाग लोकसभा से उन्हें झारखंड पार्टी का उम्मीदवार बनाया है।

## जंगल मे महुआ चुनने के दौरान आग लगाने को लेकर मुखिया व पंसस ने जारी की चेतावनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ प्रखण्ड अंतर्गत मडमो पंचायत में मडमो गाँव एवं चिरूडीह गाँव के किसानो को अपने-अपने पशुओं को बांध कर रखने को लेकर डुगडुगी बजाकर लोगो सूचना दी गई। इस बाबत मुखिया कुंती कुमारी एवं पंसस बहराम हांसदा ने लोगो को सूचित करते हुए संयुक्त रूप से कहा कि अभी महुआ का मौसम चल रहा जो गाँव की अर्थव्यवस्था में अच्छा योगदान देती है,परन्तु पशुओं को छोड़े जाने के कारण पशु महुआ के गिरे फूलों चर जाते है। जिसकी वजह से ग्रामीण किसानों का भारी नुकसान होता है।इसको रोकने को लेकर पशु मालिको को सचेत करते हुए मुखिया एवं पंसस ने इसकी लिखित सूचना जारी करते हुए चेतावनी देते हुए कहा कि पशुओं के पकड़े जाने पर 551 रुपये का आर्थिक जुर्माना या जुर्माना नही दिए जाने की स्थिति में पशुओं की नीलामी किये जाने का सख्त निर्देश दिया गया। साथ ही महुआ चुनने वालों को भी निर्देशित किया गया कि,महुआ चुनने के समय जंगल मे आग लगाना सख्त मना है। प.स.स ने बताया महुआ चुनने बहाने अक्सर लोग जंगल मे आग लगाते है,जो बहुत बड़ा घातक साबित होता है । छोटे छोटे पौधे आग की चपेट मे आने से मर जाते है,और बड़े पेड़ पौधे पर भी बुरा असर पड़ता है द्य जंगल मे पेड़ लगाने की जरुरत नहीं बस उसको सही तरीके से देखभाल करें तो जंगल पुनः घना हो जायेगा।इस कार्य के लिए वार्ड सदस्य और ग्रामीण सहमत दिखे ।

## बीडीओ ने रसोइया धमना पंचायत के विभिन्न बूथों का किया निरीक्षण



**बरही :** बरही बीडीओ सी.आर. इंद्वार ने बुधवार को रसोइया धमना पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय लसकरी, नव प्राथमिक विद्यालय पुरहरा एवं मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र रसोइया धमना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रखंड पंचायती राज प्रभारी सावणा मांझी भी उनके साथ मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बिजली, पानी एवं शौचालय की व्यवस्था को देखा। मौके पर बीडीओ सी.आर. इंद्वार ने कहा कि मतदान के दौरान शांति व्यवस्था बना रहे साथ ही मतदाताओं को अपना मत देने में किसी तरह की परेशानियों का सामना नही करना पड़े उसी का जायजा लिया जा रहा है।

## इंटरनेशनल पब्लिक हाई स्कूल सुल्ताना में सम्मान समारोह आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कटकमदाग।** प्रखंड के ग्राम सुल्ताना स्थित इंटरनेशनल पब्लिक हाई स्कूल में बुधवार को कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजन हुआ। जिसमें वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जो विद्यार्थी तीनों वार्षिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए उन्हें विद्यालय प्रबंधन की ओर से 6 महीने, द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को 4 महीने व तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को 3 महीने की फी माफी करने की घोषणा की गई। साथ ही 15 अप्रैल 2024 तक विद्यालय में फ्री नामांकन लेने की भी घोषणा की गई। विद्यालय के निदेशक मोहम्मद इसराफिल ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थी में मोहम्मद वहाब, प्रिंस कुमार, सामिया परवीन, अक्सा परवीन, मोहम्मद दिलकस, मोहम्मद अयान, मोहम्मद आसिफ, मंतशा परवीन, आलिया परवीन, सना परवीन, साइना आजमी, मोहम्मद सैफ, आलिया परवीन, सादिया परवीन, सकीना परवीन, आफरीन नूर, खुशनुमा परवीन, आलिया परवीन, अंजली कुमारी, नगमा परवीन, तौशीन परवीन, पायल कुमारी, आलिया परवीन, सुषमा कुमारी, मोहम्मद अब्दुल, खुशी परवीन, आफरीन परवीन, नीतीश कुमार, अस्सानत हुसैन, सबीहा परवीन, मोहम्मद फैजान, अलवीरा परवीन व काजल परवीन का नाम शामिल है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सचिव पप्पू पांडेय, शिक्षक सोहेल अख्तर, शोएब अहमद, शकील अख्तर, सउदा खातून, सना कौसर, शाइस्ता परवीन, सबा परवीन, नीलोफर परवीन, मुस्कान परवीन, हमीदा परवीन, शबनम परवीन, फहीमा शाहीन, संदीप कुमार, बाबूलाल टोप्पो, गंगाधर कुमार दास सहित अन्य सहयोगी शिक्षकों का योगदान रहा।

## करियातपुर में शांतिपूर्ण संपन्न हुई प्रथम मंगला जुलुस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड के अंतर्गत करियातपुर में शांतिपूर्ण तरीके से मंगल जुलूस का आयोजन किया गया, जिसमें कई राम भक्तों ने इसमें भाग लेकर जुलूस को सफल बनाया, सर्वप्रथम जुलूस बजरंगबली मंदिर से लेकर नीचे बाजार तक राम भक्त झूमते हुए व करतब दिखाते हुए गए,मंगलवार की रात्रि पूरा करियापुर श्री राम के जयकारों से गूंज उठा, प्रथम मंगल जुलूस को सफल करने में स्थानीय मुखिया मनोज कुमार, अध्यक्ष नितेश केसरी, सचिव अंकित जायसवाल,कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रजापति ने अहम भूमिका निभाई,मुखिया मनोज कुमार ने बताया कि रामनवमी हरेक हिंदू के लिए आस्था का पर्व है, सभी राम भक्तो ने प्रशासन के दिशा निर्देश के अनुरूप जुलूस का आयोजन किया गया,जुलूस शांतिपूर्ण सफल रहा, जुलूस के दौरान सुनील केशरी,लक्की केशरी, गौतम केशरी,संजीत केशरी, चन्दन केशर,संतोष प्रजापति,कमलेश कुसवाहा, दिपक केशरी,टिंकू केशरी,अमित जायसवाल,गौतम जायसवाल,अनुज केशरी,रोहित केशरी,अंकित केशरी,पवन केशरी,लालजी रविदास,सन्नी भगत, निशांत शर्मा,अंकू शर्मा, विक्की शर्मा,अमित रजक,मुन्ना सोनी,संतोष केशरी,अरविन्द केशरी,संजीत सोनी, शम्भू केशरी,धनेश्वर केशरी, संतोष केशरी,दीपक केसरी,सहित सभी रामभक्त शामिल रहे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में श्री हनुमान चालीसा सुंदरकांड व हवन पूजन के साथ नवीन सत्र का हुआ प्रारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** सरस्वती विद्या मंदिर , कुम्हारटोली में श्री हनुमान चालीसा पाठ सुंदरकांड पाठ तथा हवन पूजन के साथ नवीन सत्र 2024-25 का विधिवत प्रारंभ हुआ 7 माता सरस्वती , श्री राम- सीता, हनुमान जी एवं भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन कर विद्यालय के सचिव फणींद्रनाथ झा , विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह, विद्यालय में पढ़ने वाले भैया- बहन एवं आचार्य बंधु- भगिनी ने पूरे भक्ति भाव के साथ पूजन किया 7 विद्यालय के सचिव फणींद्रनाथ झा , विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह, भैया -बहनों एवं आचार्य बंधु- भगिनी ने पूरे भक्ति भाव के साथ सुंदर कांड एवं हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ किया 7 मौके सचिव, प्राचार्य, भैया% -बहन,आचार्य बंधु -भगिनी एवं अभिभावकों ने हवन किया 7 विद्यालय में नए नामांकन लेने वाले भैया- बहनों ने माता सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित किए द्य इस अवसर पर विद्यालय के सचिव फणींद्रनाथ ने भैया -बहनों कहा -आज का दिन बहुत पावन है द्य माता सरस्वती की वंदना पूजा के साथ भगवान महावीर की पूजा अर्चना , सुंदर कांड. एवं हनुमान चालीसा का पाठ तथा हवन के साथ नवीन सत्र 2024-25 का आरंभ हो रहा है द्यआप सभी को नए सत्र की बहुत-बहुत शुभकामनाएंद्य नए सत्र में आप नई ऊर्जा के साथ अध्ययन करें द्यजिससे आप का सर्वांगीण विकास हो सकेद्य मौके पर विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने भैया -बहनों को नए सत्र की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा- भैया -बहन आप सभी नए सत्र में पूर्ण मनोयोग से पढ़ाई -लिखाई करेंद्य जिससे आपका रिजल्ट बेहतर हो द्यआपका उत्तरोत्तर विकास हो । पूजन के पश्चात भैया -बहनों, आचार्य बंधु -भगिनी एवं उपस्थित अभिभावकों के बीच प्रसाद वितरण किया गया । मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ राजीव रंजन, आचार्य बंधु -भगिनी,भैया- बहन एवं अभिभावक गण उपस्थित थे ।

## डीएमएफटी मद में 70 करोड़ के हुए भ्रष्टाचार की जांच रिपोर्ट की प्रति उपलब्ध कराया जाए : महेंद्र महतो



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि महेंद्र कुमार महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कुछ दिनों पूर्व मैने उपायुक्त रामगढ़ को जिला खनिज मद डीएमएफटी योजना में ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के तत्कालीन प्रभारी कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार सिंह के द्वारा निविदा निस्तार में लगभग 70 करोड़ रूपया के भ्रष्टाचार मामले में पत्र लिखा था।और भ्रष्टाचार के मामले को जांच समिति बनाकर जांच करने एवं दोषियों को उचित कार्रवाई करने के मांग किया था।तथा उपायुक्त रामगढ़ ने पत्र के आलोक दिनॉक 22/02/024 पत्रॉक 305 विकास/उपायुक्त रामगढ़ ने उप विकास आयुक्त के अध्यक्षता में चार सदस्य समिति बनाकर समिति को एक माह के अंदर हुए भ्रष्टाचार का जांच कर रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया गया था। जिसका समय 22/03/024 को पूरा हो गया है।आगे महेंद्र कुमार महतो ने कहा मैंने रामगढ़ उपायुक्त को पत्र लिखकर जांच रिपोर्ट की प्रति उपलब्ध कराने का मांग किया है।

## गंभीर बिमारी से ग्रसित राजेश करमाली ने विधायक से लगाई सहायता की गुहार



**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोला प्रखंड क्षेत्र के मगनपुर पंचायत स्थित महलीडीह गाँव निवासी राजेश करमाली, पिता-स्व. ओबीन करमाली पिछले कई महीनों से गंभीर बिमारी से ग्रसित हैं। राजेश करमाली की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है। इसी दयनीय स्थिति की वजह से वो अपनी बेहतर ईलाज करा पाने में अक्षम है। बिमारी से ग्रसित राजेश की पत्नी सरिता देवी मजदूरी करके किसी तरह से घर का खर्चा चलाती है। उन्होंने स्थानीय विधायक सुनीता चौधरी से आर्थिक सहायता की गुहार लगाई है तथा मुख्यमंत्री गंभीर बिमारी कोष से उन्हें सहायता प्रदान करने की अपील की है।

## ईद उल फितर की नमाज का वक्त हुआ मुकर्रर




**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मिल्लत इस्लामिया मरकज बरकाकाना एरिया और इदारा ए शरिया, रामगढ़ अंसराबाद दुर्गी की संयुक्त बैठक हुई । जिसमें इलाके के अंजुमन के पदाधिकारीगण और दानिशवर शिरकत किए। बैठक में इलाके के मस्जिदों और ईदगाहों में पढ़ी जाने वाली ईद उल फितर की नमाज का वक्त मुकर्रर किया गया। पीरी मस्जिद 9 ः00, बरकाकाना ईदगाह 8ः00, दुर्गी ईदगाह 8ः00, घुटूवा मस्जिद 8;15, हेहल मस्जिद 8ः00, केल्हुवा पतरा ईदगाह 8ः30, अमवा टांड़ मस्जिद 7ः45, चैनगड़ा ईदगाह 7ः45, मसमोहना मस्जिद 7ः30 बजे ईद उल फितर की नमाज अदा की जाएगी। इस बैठक में मौलाना मुर्शीद आलम, मौलाना कमरुद्दीन, हाजी मो खलील, हाजी अब्दुल रसीद, हाजी ताहिर हुसैन, डॉ शाहनवाज खान, नसीम अख्तर, मो रुस्तम, वाली मोहम्मद, मुबारक अंसारी, अफरोज आलम, मो अफरोज, साजिद अंसारी, कय्युम अंसारी,अमजद अंसारी, आजाद अंसारी, गुलाम रब्बानी, मोसाइब अंसारी उपस्थित थे।

## राजकुमार कुशवाहा ने रामगढ़ के चुंबा पंचायत क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क अभियान, मांगा समर्थन



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड पार्टी के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा ने रामगढ़ के चुंबा पंचायत क्षेत्र का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया और लोगों से समर्थन मांगा। कहा कि क्षेत्र का विकास क्षेत्रीय पार्टी ही कर सकती है। राष्ट्रीय पार्टियों सिर्फ हमारे साथ खिलवाड़ कर रही है सिर्फ छलने का काम कर रही है। चुनावी समर में बड़े बड़े लोक लुभावना वादों के साथ आती है मगर धरातल पर कुछ भी नजर नहीं आता है जिस कारण झारखंड की जनता ठगा हुआ महसूस कर रही है और विकल्प के रूप में झारखंड पार्टी को चुनने का निर्णय ले चुकी है। निश्चित तौर पर झारखंड पार्टी भारी बहुमत के साथ चुनाव में अपना प्रदर्शन करेगी और लोकसभा में ज्यादा से ज्यादा अपना उम्मीदवार पहुंचाने का काम करेगी। जनसंपर्क के दौरान सभी ने एक स्वर में झारखंड पार्टी को अपना बहुमूल्य समर्थन देने का वादा किया। इस मौके पर केदार कुमार, गणेश महतो, संदीप कुशवाहा, मनोज सिंह, रविंद्र प्रसाद, योगेंद्र महतो सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## श्री आदिनाथ स्वामीजी की जयंती धूमधाम से मनाई गई



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जैन धर्म के प्रथम तीर्थकर देवाधिदेव 1008 भगवान श्री आदिनाथ स्वामी जी का जन्मकल्याणक मोहत्सव बड़े धूम धाम से मनाया गया।सर्वप्रथम श्री जी का जलाभिषेक एवम शांतिधारा किया गया।तत्पश्चात समाज की महिलाओं के द्वारा श्री भक्तामर जी का विधान बड़े भक्ति भाव से किया गया।श्री मंदिर जी के प्रांगण से समाज की महिलाओं के द्वारा राहगीरों के बीच गन्ना रस का वितरण किया गया। श्री मंदिर जी में संध्या भक्तामर जी का पाठ 48 दीप प्रज्वलित करके किया गया।मौके पर समाज अध्यक्ष मानिक चंद जैन, जैन महिला जागृति की अध्यक्षा अरूणा जैन ,सचिव खुशबू चूड़ीवाल ,नरेंद्र छाबड़ा एवम समस्त समाज के सदस्य उपस्थित थे।

# सीसीएल के रजरप्पा क्षेत्र ने निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा उत्पादन किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रजरप्पा :** सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान निर्धारित कोयला उत्पादन का लक्ष्य 13 लाख मीट्रिक टन को भेदते हुए करीब तीन हजार टन ज्यादा उत्पादन किया है। जबकि 36 लाख 71 हजार क्यूबीक मोटर ओबी हटाया है और रैंक डिस्पैच कुल 197 रैंक यानी 13 लाख 76 हजार मीट्रिक टन हुआ है। यह जानकारी मंगलवार को रजरप्पा क्षेत्र के महाप्रबंधक विनोद कुमार ने पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान दी। उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा 2024-25 के लिए रजरप्पा एरिया को 20 लाख टन कोयला उत्पादन के लिए टारगेट दिया गया है। वहीं ओबी के लिए 73 लाख क्यूबीक मोटर मिला है। बातचीत के दौरान प्रोजेक्ट आफिसर यूएन प्रसाद, स्टाफ अधिकारी (योजना) एसके सिन्हा, एसओ (एक्स) शंभू रजक, सीएसआर आशीष झा भी मौजूद थे। जीएम ने बताया की यह सब कामगारों के मेहनत और अधिकारियों के सही दिशा निर्देश और आपसी तालमेल से ही संभव हुआ है। उन्होंने बताया कि 13 लाख का जो आंकड़ा हम लोगों ने पार किया है। इस सफलता का श्रेय मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन जो मिलता रहा है और हमारी टीम से रिलेटेड जो हैद्य उन्होंने भी जी तोड़ मेहनत कर दिन रात एक करके उत्पादन किया। वहीं दूसरी ओर जितने भी लक्ष्य जो हम लोगों को संशोधित किया गया था। उसे हमलोगों ने पूरा किया है। इसके अलावे यहां के मजदूरों ने भी कंधे से कंधा मिलाकर हमारा साथ दिया और इस परियोजना को नई ऊंचाई पर लेकर गए। इस दौरान महाप्रबंधक ने बेहतर उत्पादन में सहयोग के लिए तमाम अधिकारियों के और कामगारों के प्रति आभार व्यक्त किया है। कहा कि इसी तरह से आगे भी कार्य करें। कामगारों में उत्साह, मजदूर नेताओं ने प्रबंधन को दी बधाई इधर, बेहतर कोयला उत्पादन और निघर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के बाद सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के मजदूरों में भी उत्साह का माहौल है। कुछ मजदूरों का कहा कि रजरण्णा जीएम के कुशल नेतृत्व के कारण ही यह संभव हो पाया है। और बेहतर उत्पादन के लिए रजरप्पा जीएम को बधाई दी है।

## रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर जरजरा चौक में ग्रामीणों की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी के जरजरा चौक स्थित बुधवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। वहीं इस बैठक की अध्यक्षता महाबीर साव के द्वारा किया गया। बैठक में आगामी रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाने को लेकर निर्णय लिया गया। वहीं ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अगली बैठक पांच अप्रैल दिन शुक्रवार किया जाएगा एवं रामनवमी पुजा करने हेतु कमिटी का पुनर्गठन किया जाएगा। वहीं इस बैठक में मुख्य रूप से नकुल प्रजापति, बिरसा बेदिया, मनीलाल करमाली, संतोष प्रजापति, बुचा किस्कू, सुनील उरांव, दशरथ प्रजापति, रामलाल बेदिया, गणेश मांझी, जितेन्द्र बेदिया, राजू बेसरा, महादेव मांझी, मनीत बेदिया, शिवदयाल मिस्त्री, जुगेश बेदिया, जयपाल बेदिया, हरिलाल मांझी, सोनवा बेदिया, दिनेश टुडू, शंकर बेदिया, संजूल सोरेन, विजय साव, दशाराम मांझी, मनी करमाली, संजय मांझी, चारो मांझी मनता बेदिया आदि लोग मौजूद थे।

# चुनाव को लेकर भाजपा व आजसू कार्यकर्ताओं ने बैठक की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** हजारीबाग लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा व आजसू गठबंधन के कार्यकर्ताओं पार्टी की जीत को लेकर जोर शोर से लगे हुए हैं । बुधवार को भाजपा व आजसू कार्यकर्ताओं ने सिरका- अरगडा में कई जगह बैठक की । बैठक में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग विधायक सह लोकसभा के प्रत्याशी मनीष जयसवाल मुख्य रूप से उपस्थित थे । बैठक में पार्टी की मजबूती पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई । मौके पर हजारीबाग भाजपा सांसद प्रतिनिधि रंजीत पांडेय ने कहा कि अपने अपने बुथ से ज्यादा से ज्यादा वोट दिलाने और अरगडा - सिरका क्षेत्र में भाजपा को बढ़त दिलाने की बात कही । बैठक के बाद प्रत्याशी व कार्यकर्ताओं ने हेसला , अरगडा, बैगामोड़ , सुभाष नगर , चौहान मोहल्ला , अरगडा बाजार , सिरका ट्रेकर स्टेण्ड , सिरका बाजार तिलैमा टॉड, सिरका भुल्ली क्वाटर ,झोपड़ी , सहित कई जगहों का दौरा किया । इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रत्याशी को फूल माला पहनाकर स्वागत किया । सभी जगह कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव की तैयारी को लेकर चर्चा भी की।

# छात्रों को सशक्त बनाने को लेकर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**डोमचांच :** प्रखंड अंतर्गत मसनोडीह पंचायत भवन में हैण्ड इन हैण्ड इंडिया के द्वारा लड़कियों के लिए शिक्षामित्र छात्रवृत्ति योजना हेतु जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत आज शिक्षा के माध्यम से महिला छात्रों को सशक्त बनाने की एक पहल पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें रवि रंजन डीजीएम हैंड इन हैंड इंडिया, नीतीश पांडे प्रखंड प्रबंधक, रूपेश कुमार सहायक प्रबंधक ने संगोष्ठी में भाग लिया। कार्यशाला में पंचायत मसनोडिह, बेहराडिह एवं मधुबन के सैकड़ो इंटर, स्नातक, सरकारी आईटीआई, डिप्लोमा एवं स्नातकोत्तर में अध्ययन कर रही लड़कियों ने भाग लिया।रवि रंजन डीजीएम ने काउंसिलिंग में उपस्थित लड़कियों को बताया कि हैण्ड इन हैण्ड इंडिया एवं विद्या सारथी के संयुक्त तत्वाधान में लड़कियों हेतु शिक्षामित्र छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ किया गया है जिसमें आठवीं से पीएचडी करने वाली लड़कियां इसका लाभ ले सकती है। यह मुख्य रूप से भारत के झारखंड, बिहार, मध्यप्रदेश एवं तमिलनाडु राज्य के लड़कियों के लिए छात्रवृत्ति उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें वैसी लड़कियां छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकती है जो अभी तत्काल में आठवीं से 12वीं तक की पढ़ाई कर रही है, सरकारी आईटीआई, डिप्लोमा, बीएससी नर्सिंग, बीटेक, एमबीबीएस, बीडीएस, पीएचडी, प्रोफेशनल बी स्कूल, बीएससी कृषि, सभी स्नातक सभी स्नातकोत्तर में अध्ययन कर रही लड़कियां छात्रवृत्ति योजना का लाभ ले सकती है। उन्होंने बताया कि हैंड इन हैंड इंडिया लड़कियों को सशक्त एवं उनके सपनों को ऊंची उड़ान देने के उद्देश्य से हमेशा सहयोग हेतु तत्पर है।उन्होंने लड़कियों को बताया कि छात्रवृत्ति योजना से जुड़ने में कोई भी कठिनाई आपको लगता है तो आप हैंड इन हैंड इंडिया के लोगों से संपर्क कर आप ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रियंका कुमारी, बेबी कुमारी, संगीता कुमारी, अंनिता कुमारी, जयललिता कुमारी आदि का भरपूर योगदान रहा। आज के इस कार्यक्रम में मंच संचालन रूपेश कुमार सहायक प्रबंधक एवं धन्यवाद ज्ञापन नीतीश पांडे प्रखंड प्रबंधक के द्वारा की गई।

## भुरकुंडा स्थित काली मंदिर भुरकुंडा परिसर में रखे गये दान पेटी को तोड़कर असामाजिक तत्वो ने पैसे की चोरी की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** थाना चौक भुरकुंडा स्थित काली मंदिर भुरकुंडा परिसर में रखे गये दान पेटी को तोड़कर असामाजिक तत्वो ने पैसे की चोरी कर ली। मंदिर कमेटी ने थाना में आवेदन देकर मामले की छानबीन कर आरोपी को हिरासत में लेकर कानूनी कारवाई करने की मांग की है। आवेदन में काली मंदिर पूजा समिति के अध्यक्ष पप्पू सिंह, संरक्षक प्रभाष दास, सचिव कामेश्वर मेहता और कोषाध्यक्ष उदय स्वर्णकार ने कहा है कि काली मंदिर के सदस्य तारा देवी ने समिति को चोरी होने की सूचना दी। सूचना के बाद समिति के लोगो ने मंदिर के आसपास छानबीन किया। जिसमें पाया कि काली मंदिर के आसपास कुछ नशा करने वाले लोगो का जमावडा होता है। ऐसा लगता है कि नशा करने वाले लोगो ने ही दान पेटी में रखे पैसे की चोरी की है। मंदिर समिति ने भुरकुंडा पुलिस से रात में मंदिर परिसर और खेल मैदान क्षेत्र में गश्ती कर बिना काम के देर रात तक बैठने वाले लोगो पर कारवाई करने की मांग की है।

## उप विकास आयुक्त ने गोला प्रखंड के कई मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** जिला के उप विकास आयुक्त अमित टोपो के द्वारा बुधवार को गोला प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरिक्षण किया। इस दौरान चाड़ी पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय चाडी हिंदी तथा उत्क्रमित उच्च विद्यालय बंदा में मतदान केंद्रों का निरिक्षण किया। उन्होनें निरीक्षण के दौरान बिजली, शौचालय, पेयजल आदि की सुविधा को लेकर जानकारी ली। मतदान के दौरान मतदाता कर्मियों को किसी तरह की समस्या उत्पन्न न हो इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिया। वहीं बीडीओ संजय कुमार शांडिल्य ने इस संबंध में बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के सफल संचालन को लेकर सभी मतदान केंद्रों व बूथों पर पेयजल,शौचालय, बिजली की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है ताकि मतदान केंद्रों में मतदाता तथा मतदान कर्मी को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। मौके पर बीपीओ, डीपीआरओ, रोजगार सेवक आदि मौजूद थे।

## रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हवन पूजन के साथ हुआ नए सत्र की शुरुआत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बाजार समिति स्थित रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर रामगढ़ में हवन पूजन के साथ शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया। मुख्य यजमान के रूप में प्रधानाचार्य वरुण कुमार चौधरी को विद्यालय के आचार्य श्रीकांत द्विवेदी ने पूजा करवाया साथ ही सभी आचार्य दीदी जी ने हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड का सस्वर पाठ किया। बच्चों के प्रथम दिन के आगमन पर सभी बच्चों को तिलक लगाकर मुख्य द्वार पर स्वागत किया गया। सभी बच्चों ने मां सरस्वती की वंदना कर आचार्य दीदी जी से आशीर्वाद प्राप्त किया।एवं नए कक्षा में प्रवेश कर अपनी पढ़ाई का शुभारंभ किया। मौके पर प्रधानाचार्य ने कहा हर वर्ष कक्षा आरंभ करने से पूर्व हवन-पूजन का कार्यक्रम किया जाता है। नए सत्र में नए संकल्प एवं स्फूर्ति से किए गए कार्य से लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। मौके पर वरिष्ठ आचार्य कन्हैया कुमार, दिनेश महतो के अलावा महेश्वर महतो, कुमकुम झा, दयाशंकर तिवारी, भोलानाथ घोष, राजीव कुमार दास, रीता तिवारी, निकिता शर्मा, सुनील कुमार, जयदेव पंडित, रेनू साह,नागेश्वर साव, अमित बर्मन, आशीष अग्रवाल, प्रवीण कुमार, विकास कुमार कुशवाहा, पद्मावती सिंह, सोमा चाकी, बबीता कुमारी ,दयाशंकर उपाध्याय, अंजू कुमारी, बबीता रानी, शालू कुमारी, अनीशा रंजन, गौरी शंकर अग्रवाल, रविंद्र कुमार, वीणा कुमारी, अपर्णा कुमारी, पल्लवी कुमारी, अमरलाल महतो, रमेश विश्वकर्मा आदि सभी आचार्य ,दीदी जी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# उपायुक्त नें बूथ लेवल अधिकारीयों के साथ की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**कोडरमा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में डोमचांच प्रखंड सभागार में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के साथ बैठक संपन्न हुआ। बैठक में मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं, दिव्यांग मतदाताओं का आकलन, मतदाताओं का मतदाता सूची से सत्यापन, अनुपस्थित/शिफ्टेड/मृत मतदाता, मतदान केंद्रों पर वॉलिंटियर की चयन, 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग व 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता जो मतदान करने पर बिल्कुल असमर्थ हैं, उनके लिए वाहन की व्यवस्था के लिए आकलन, मतदान केंद्रों पर बूथ अवेयरनेस ग्रुप, नये मतदान केंद्रों के बारे में मतदाताओं को जानकारी देने, पोस्टल वैलेट से संबंधित समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा किया गया। उपायुक्त ने सभी सुपरवाइजर और बीएलओ को निर्देश दिये कि सभी मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाएं यथा शौचालय, बिजली, पेयजल, पोलिंग पार्टियों को बैठने और रहने के लिए स्थान, बेंच डेस्क की व्यवस्था, रनिंग वाटर इत्यादि की व्यवस्था का पूरा तरह से आकलन करेंगे। दिव्यांग मतदाताओं को चिन्हित करते हुए व्हील चेयर का आकलन करने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग व 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता जो मतदान करने पर बिल्कुल असमर्थ हैं, उनके लिए वाहन की व्यवस्था के लिए आकलन करते हुए रिपोर्ट उपलब्ध करायें। मतदान करने से कोई मतदाता न छूटे, इसके लिए पूरी तरह से सभी आवश्यक सुविधाएं का आकलन करते हुए रिपोर्ट उपलब्ध करायेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी बीएलओ से कहा कि डोमचांच प्रखंड में 14 नये मतदान केंद्र बनाये गये हैं, उन सभी मतदान केन्द्रों के बारे में मतदाताओं को जानकारी देंगे। हरेक मतदाता को उनके मतदान केंद्र के बारे में जानकारी दें। बूथ अवेयरनेस ग्रुप के माध्यम से मतदाताओं को उनके नये मतदान केंद्र के बारे में जानकारी दें। साथ ही कहा कि सभी मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से सत्यापित करेंगे। उन्होंने कहा कि वोटर हेल्पलाइन एप्प सभी मतदाताओं को डाउनलोड करायें और एप्प के माध्यम से मतदाता सूची से नामचेक करायें। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी बीएलओ को वोटर हेल्पलाइन एप्प डाउनलोड करायें और एप्प के माध्यम से नामचेक करायें। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस कुजुर, प्रखंड विकास पदाधिकारी डोमचांच भोला पांडेय, अंचल अधिकारी डोमचांच रविन्द्र पांडेय व सुपरवाइजर, बीएलओ एवं अन्य

## लोकसभा आम निर्वाचन के मद्देनजर एसडीपीओ के नेतृत्व मे अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी चलाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के बरकाकाना ओ.पी, भदानी नगर ओ.पी, भुरकुंडा ओ.पी में लोकसभा आम निर्वाचन के मद्देनजर बुधवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातु के नेतृत्व मे अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी चलाया गया, जिस बीच बरकाकाना थाना प्रभारी अख्तर अली के द्वारा सशस्त्र पुलिस बल के साथ ग्राम बरकाकाना पोचरा मे लगभग 100 किलोग्राम जावा अवैध महुवा विनस्ट किया गया , भदानीनगर ओ.पी क्षेत्र में 50 किलो जावा महुआ नष्ट किया गया। इस अभियान में एसआई सोमय सोरेन दल बल के साथ । वहीं मौके पर एसडीपीओ बिरेंद्र राम ने कहा लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण सुनिश्चित कराने को लेकर रामगढ़ उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर क्षेत्र में निरंतर अवैध शराब के ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

कचड़ा एवं नाली का गंदा पानी जमा होने के कारण आलम नगर के लोग नर्कीय स्थिति मे जीने को विवश

# धनबाद नगर निगम जब से बना, एक बार भी साफ सफाई नही हुई : स्थानीय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया** : वार्ड संख्या 41 के जामाडोबा रमज़ानपुर और आलम नगर के बीचों बीच आधा किलोमीटर की दुरी तक कचड़ो का अम्बार लगा हुआ है। वहीं 200 से अधिक घरो का गंदा नाली का पानी जमा होने के कारण दल दल सी स्थिति पैदा हो गई है। बताते चले की वर्षो पहले यहाँ पर रेलेवे लाइन बिछा था जिसे हटा दिया गया। उसके बाद से यहा कचड़ा और गंदा पानी जमा होने लगा। स्थानिय लोगो का कहना है की आज तक यहां सफाई नहीं हुई है। नाली के पानी की निकासी नहीं होने कारण सभी के घरो में पानी घुसता है। कई बार लिखित आवेदन देकर संबंधित विभाग से इसकी शिकायत की गई लेकिन कोई सुनने वाला नहीं। गौरतलब है की आलम नगर रमज़ानपुर के बीचो बिच आधा किलो मीटर की दुरी तक सैकड़ों टन



कचड़ा जमा है। नगर निगम बनने के बाद एक बार भी कचड़ा साफ नही हुआ है जिससे वहां नर्कीय स्थिति बनी हुई है।

**सफाई से पहले मच्छर रोधी दवा के छिड़काव की मांग :-** लोगों का कहना है अगर सफाई का काम शूरु हुआ तो मच्छर सभी के घरो में घुस जायंगे जिसके कारण मच्छर जनित बीमारियों जैसे मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बिमारिया हो सकती है। गंदा नाली का पानी वर्षो से जमा होने के कारण वहां भारी संख्या में मच्छर पनप गए हैं। लोगो का कहना है की पहले मच्छर रोधी दवा का छिड़काव किया जाए फिर जाकर सफाई का कार्य शुरू हो ताकि मच्छर सब के घरो में ना घुसे। लोगो का कहना है की अगर बिजली कट जाती है तो मच्छरों का बवंडर देखने को मिलता है। एक हफ्ता में मच्छरों की संख्या काफी बढ़ी है।

**आने जाने के लिये एक पुल था, वो भी कचरे की भेंट चढ़ा :-** लोगो के आने जाने की सुविधा के लिए एक पुल का निर्माण हुआ था वो पुल भी कचरों से भर गया है। स्थानीय लोगों ने नगर निगम पर साफ सफाई में लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा की आज अगर कचड़ा साफ हुआ होता तो ये नौबत नहीं आती।

**नाली का पानी जमा होने से आलम नगर में शौचालय हो रहा ज़मीदोज :-** 200 से अधिक घरो का नाली का गंदा पानी लगातार जमा रहने के कारण कई घरो के शौचालय के अंदर पानी घुस रहा है जिसके कारण कई शौचालय ज़मीदोज हो गया। स्थानिय लोगो का कहना है की अगर जल्दी जमा पानी को नहीं निकाला गया तो कई घरो का शौचालय ज़मीदोज होने से नहीं रोका जा सकता है।

धनबाद में 6 अप्रैल को हीट वेव की संभावना

# दोपहर 12:00 से 3:00 बजे के बीच धूप में बाहर जाने से परहेज करने की अपील

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : भारत मौसम विज्ञान विभाग के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट स्थित मौसम केन्द्र ने झारखंड के अलग-अलग जिलों में हीट वेव को लेकर विशेष बुलेटिन जारी कर 6 अप्रैल 2024 को धनबाद जिले के साथ-साथ झारखंड के अन्य जिले में हीट वेव की संभावना व्यक्त की है।

हीट वेव की चेतावनी मिलने के बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने हीट वेव के संभावित प्रभाव व उससे बचने के लिए लोगों को खासकर दोपहर 12:00 से 3:00 बजे के बीच धूप में बाहर जाने से बचने की अपील की है।

साथ ही पर्याप्त पानी पिने और जितनी बार संभव हो पिने, भले ही प्यास न लगी हो, हल्के रंग के, ढीले और छिद्रयुक्त सूती कपड़े पहनने, धूप में बाहर जाते समय सुरक्षात्मक



चश्मे, छाता या टोपी, जुते या चप्पल का प्रयोग करने को कहा है।

उन्होंने कहा जब बाहर का तापमान अधिक हो तो बाहरी गतिविधियों से बचें। यात्रा करते समय अपने साथ पानी अवश्य रखें। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय से बचे, जो शरीर को डी-हाईड्रेट करते हैं।साथ ही उन्होंने उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचने और बासी भोजन नहीं करने, बाहर काम करने वालों को टोपी या छाते का उपयोग करने, सिर, गर्दन, चेहरे और अंगों पर एक नम कपड़े का भी उपयोग करने की सलाह दी है। इसके अलावा हीट वेव के संभावित प्रभाव व बचाव के लिए पार्क किए गए वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को नहीं छोड़ने, बेहोश या बीमार महसूस करने पर तुरंत डॉक्टर से मिलने, ओ.आर.एस., घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का पानी), नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करने, जानवरों को छाया में रखने और उन्हें पीने के लिए भरपूर पानी देने के साथ घर को ठंडा रखने के लिए पर्दे, शटर या सनशेड का उपयोग करने और रात में खिड़कियां खुली रखने तथा पंखे का प्रयोग करने, गीले कपड़े पहनने और बार-बार ठंडे पानी से स्नान करने की सलाह दी है।

## बच्चों के झगड़ा में महिला की पिटाई



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह जिला अंतर्गत गांडेय प्रखंड के दुलाडीह निवासी उर्मिला देवी को कुछ लोगों ने बच्चों के झगड़ा को लेकर मारपीट कर घायल कर दिया। जिसका इलाज गिरिडीह सदर अस्पताल में चल रहा है। बताया गया कि मंटू गोस्वामी की पत्नी उर्मिला देवी के साथ बच्चो के साथ खेल खेल में झगड़े को लेकर मारपीट की गई। बताया गया कि इनके बच्चे और पड़ोसी के बच्चे आपस में झगड़ रहे थे उसी दौरान उर्मिला देवी बीच बचाव करने गई थी। इसी बीच दूसरे बच्चे की मां और एक अन्य महिला ने आकार इसके साथ मारपीट कर दी। जिससे यह महिला बुरी तरह से घायल हो गई। घायल अवस्था में से पहले नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां से उसे गिरिडीह सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इसका इलाज चल रहा है। मारपीट का आरोप ललिता देवी व एक अन्य महिला पर लगा रहा है जांच में पुलिस जुट गई है।

## अपने ही पार्टी के नेताओं पर बरसे राशिद रजा अंसारी, अनुशासन में रहने की दी चेतावनी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की गठबंधन दल के प्रदेश प्रवक्ता और कांग्रेस आलाकमान के खिलाफ प्रेस कांफ्रेंस करने वाले अनुशासन में रह कर काम करें। कांग्रेस हाई कमान जिसे टिकट देकर भेजेगा, धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी उसका स्वागत करेगी। कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने कहा की प्रदेश अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष के बगैर सहमती के प्रेस कांफ्रेंस करने का अधिकार किसी को नही है। उन्होने कहा की प्रेस कांफ्रेंस करने के बजाए प्रखंड अध्यक्ष से बुथ कमिटी बनाने में रूची रखें। अगर संगठन में रूची नही है तो प्रेस कांफ्रेंस करने का दायित्व उनका नही है। राशिद रजा ने बताया की कुछ पदाधिकारीयो के अनुशासनहीनता से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर को अवगत करा दिया गया है। अनुशासनहीनता बर्दाश्त नही किया जाएगा। उन्होने कहा की कांग्रेस आलाकमान के निर्णय के खिलाफ जाकर यह कहना कि स्थानीय को टिकट नही मिला तो हम विरोध करेगें, यह घोर अनुशासनहीन बयान है। उन्होने चेतावनी दिया कि कांग्रेस अनुशासनहीनता कतई बर्दाश्त नही करेगी।

## चैत्र नवरात्रि मेला के अवसर पर मैहर स्टेशन पर 05 जोड़ी टेनों का अस्थायी ठहराव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर** : चैत्र नवरात्रि मेला के अवसर पर रेलवे प्रषासन द्वारा श्रद्धालु यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित गाड़ियों का दिनांक 09.04.2024 से 23.04.2024 तक 05 मिनट का अस्थाई ठहराव मैहर स्टेषन पर प्रदान किया गया है।

डाउन दिषा की टेनें -

1.वलसाड से 13 से 20 अप्रैल, 2024 तक खुलने वाली 19051 वलसाड-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस मैहर स्टेषन पर 15.25 बजे पहुँच कर 15.30 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

2. छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनल, कोल्हापुर से 12 से 19 अप्रैल, 2024 तक खुलने वाली 11045 छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनल, कोल्हापुर-धनबाद एक्सप्रेस मैहर स्टेषन पर 17.30 बजे पहुँच कर 17.35 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

3. लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 08 से 22 अप्रैल, 2024 तक खुलने वाली 15268 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-रक्सौल एक्सप्रेस मैहर स्टेषन पर 10.50 बजे पहुँच कर 10.55 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

4.पूर्णा जं. से 11 से 18 अप्रैल, 2024 तक खुलने वाली 17610 पूर्णा जं.-पटना एक्सप्रेस मैहर स्टेषन पर 10.50 बजे पहुँच कर 10.55 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

5. बांद्रा टर्मिनस से 08 से 22 अप्रैल, 2024 तक खुलने वाली 22971 बांद्रा टर्मिनस-पटना एक्सप्रेस मैहर स्टेषन पर 15.25 बजे पहुँच कर 15.30 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

अप दिषा की टेनें - 1. मुजफ्फरपुर से 08 से 22 अप्रैल, 2024 तक खुलने वाली 19052 मुजफ्फरपुर-वलसाड एक्सप्रेस मैहर स्टेषन पर 12.00 बजे पहुँच कर 12.05 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

2. धनबाद से 15 से 22 अप्रैल, 2024 तक खुलने वाली 11046 धनबाद-छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनल, कोल्हापुर एक्सप्रेस मैहर स्टेषन पर 22.35 बजे पहुँच कर 22.40 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

3. रक्सौल से 13 से 20 अप्रैल, 2024 तक खुलने वाली 15267 रक्सौल-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस मैहर स्टेषन पर 11.40 बजे पहुँच कर 11.45 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

## शहरी क्षेत्र के सड़को पर नई गाड़ी से चलाया गया साफ -सफाई अभियान



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह नगर निगम में मंगलवार देर रात को भंडारीडीह रोड समेत शहरी क्षेत्र की सड़कों पर पूरी रात साफ ङ्क सफाई अभियान अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नाइट स्वीपिंग मशीन से करवाया गया। देर रात को नगर निगम के उप नगर आयुक्त विशालदीप खलको के नेतृत्व में निगम को मिली नई नाइट स्वीपिंग मशीन का ट्रायल किया गया। इस दौरान निगम के तमाम पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे। इस बाबत निगम के उप नगर आयुक्त विशालदीप खलको ने बताया की निगम के पास साफ ङ्क सफाई के लिए कई नई नाइट स्वीपिंग मशीन और प्रिंकल मशीन मिली है जिसके जरिये शहर की सड़कों पर निगम के द्वारा साफ ङ्क सफाई करवाई जाएगी, कहा कि स्वच्छ शहर के लिए ये नई गाड़ियां काफी मददगार साबित होगा।

## आलाकमान मुझ पर विश्वाश करे, जीत सुनिश्चित होगी : शमशेर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सह सचिव शमशेर आलम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की दिल्ली मे आलाकमान प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, संगठन महासचिव प्रभारी के सी बेनुगोपाल एवं सी डब्लू सी मेम्बर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खारगे के कार्यकाल कोडिनेटर डाक्टर सय्यद नासीर हुसैन से तथा झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दल के नेता आलमगीर आलम से मिलकर धनबाद लोकसभा से आपनी उम्मीदवारी को तर्कसंगत रखा हूँ। दावेदारी पेश करते हुए उन्होने कहा की आलाकमान को धनबाद लोकसभा मे हर वर्ग की आबादी के अनुसार विचार करना चाहिए। अल्पसंख्यक आबादी धनबाद लोकसभा मे करीब 18त्न है। साथ ही मै पिछ्ले नगर निगम के मेयर चुनाव मे निर्दलीय के रूप मे पचास हजार से अधिक वोट लाकर क्षेत्र मे हर वर्गो मे काफी लोकप्रियता हासिल किया हूँ। लगातार क्षेत्र मे पार्टी का नीति सिद्धांत एवं आमजन की समस्याओ को लेकर संघर्षशील रहता हूँ, जिस कारण आम जन मानस मे काफी लोकप्रिय हुं। इस बार अल्पसंख्यक से मुझ पर विचार किया जाए। साथ ही धनबाद लोकसभा से सभी कांग्रेस से उम्मीदवारी करने वाले नेताओ से कहा की इस बार सब मिल कर अल्पसंख्यक से शमशेर आलम को समर्थन करे जीत सुनिश्चित होगी।

## एमसीसी का पालन करते हुए मनाए रामनवमी व ईद उल फित्तर : उपायुक्त

## उपद्रवियों को चिह्नित कर पुलिस को करे सूचित : एसएसपी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : रामनवमी के दौरान सभी अखाड़ा दल गैर राजनीतिक जुलूस निकालेंगे। जुलूस में नारा भी गैर राजनीतिक होना चाहिए। इसमें चुक होने पर जिला प्रशासन आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के तहत कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगी। आयोजन के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने पर संबंधित आयोजक पर सीधे कार्रवाई की जाएगी। शांति भंग होने एवं एमसीसी का उल्लंघन कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उपरोक्त निर्देश जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने आज ईद उल फितर एवं रामनवमी को लेकर न्यू टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में दिया। उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है एवं पूरे धनबाद अनुमंडल में दंप्रसं की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा है। इसलिए वैसे आयोजन, जिसमें पांच से



अधिक व्यक्ति शामिल होंगे, उसके लिए ईन्कोर पोर्टल पर अनुमति लेना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि रामनवमी के दौरान केवल रजिस्टर्ड अखाड़ा दल जुलूस निकाल सकेंगे। वहीं किसी भी नए दल का रजिस्ट्रेशन जिला प्रशासन द्वारा नहीं किया जाएगा। अखाड़ा दल पुराने रूट का पालन करेंगे। सभी अखाड़ा दल अपने स्तर से पर्याप्त संख्या में कार्यकर्ताओं की तैनाती करेंगे। कार्यकर्ता जुलूस शुरू होने से अंत तक पूरी मुस्तैदी से उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि त्योहारों के दौरान पूरे जिले में शराब बिक्री पर रोक रहेगी। डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा। वहीं रात्रि 10:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक लाउडस्पीकर बजाने पर भी पाबंदी रहेगी। साथ ही कहा कि अखाड़ा दल किसी प्रकार के धारदार हथियार या वैसे शस्त्रों से करतब नहीं करें जिससे दर्शकों के चोटिल या घायल होने की आशंका है। उपायुक्त ने त्योहारों की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए हर्षोल्लास, सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने का अनुरोध किया। साथ ही कहा कि सभी अखाड़ा दल चुनाव आयोग के निर्देश का अक्षरशः पालन करना सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने कहा कि सभी को भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मानना है। उन्होंने उपद्रव करने वाले युवाओं को चिह्नित करने, उनके विरुद्ध सामाजिक कार्रवाई करते हुए, उनके संबंध में पुलिस को सूचित करने का आग्रह किया। एसएसपी ने कहा कि चुनाव की घोषणा होने के साथ ही प्रशासन अवांछित एवं असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध क्राइम कंट्रोल एक्ट, 107, 108, 109 के तहत कार्रवाई कर रहा है। इसके बाद भी लोग नहीं सुधरेंगे तो प्रीवेंटिव अरेस्ट भी किया जाएगा। उन्होंने सभी से विशेष चौकसी बरतने, कार्यकर्ताओं को मुस्तैदी से अपने कर्तव्य का पालन करने, अखाड़ा दलों को अपने संबंधित डीएसपी एवं थाना प्रभारी के साथ को-ऑर्डिनेट करने और परेशानी उत्पन्न करने वाले लोगों की सूची पुलिस को उपलब्ध कराने को कहा। साथ ही सभी को समाज की एकता बनाए रखते हुए धार्मिक स्थलों पर निगरानी रखने तथा सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने का अनुरोध किया।

## माइंड की सकारात्मक ताकत को बढ़ाने के लिए हजारों क्लास लेंगे : राजेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह** : गिरिडीह ज़िले के विख्यात करियर कैंपस के निदेशक और गिरिडीह में कंपीटिशन का सबसे पहला कोचिंग खोलने वाले राजेश सिन्हा ने शुरू की है मोटिवेशन क्लास, क्लास के जरिए जिस संस्थान में काम कर रहे है उसको कैसे बेहतर किया जाय खुद की पहचान कैसे बनाया जाय, सकारात्मक दृष्टिकोण कैसे लोगो पर सवार रहे । इसके लिए सिन्हा ने स्कूल, कॉलेज, बड़े बड़े ऑफिस, कोचिंग सेंटर, आम और खास लोगो के लिए टाइम मैनेजमेंट कोर्स जल्द शुरू करने वाले है। उसी सिलसिले में बुधवार को बरवाडीह में नया स्कूल जिसका



नाम अंजुम संस्कार है बरवाडीह बाल्टी कारखाना के पास एक बेहतर स्कूल खुला है जिसमे नर्सरी से 8 तक फिलहाल खुला है,उसी में बुधवार को सभी टीचर को मोटिवेशन क्लास दी गई ।

एक घंटे के इस क्लास में सिन्हा ने सब के माइंड में सकारात्मक विचार भरे यह सिलसिला लगातार अलग अलग एरिया और विभिन्न जिलों में ऐसा प्रयास जारी रहेगा। उन्होंने कहा की खास प्रोफेसनल, प्राइवेट कर्मी, सरकारी कर्मी, छात्र-छात्राए, युवा, वैसे कर्मी जिनको काम में मन नहीं लगता,वैसे लोग जिनके कोई लक्ष्य नही हो लक्ष्य विहीन हो, भटकाव वाला हो सभी का क्लास लिया जाएगा, क्लास के लिए फी भी लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि खास कर वैसे स्टूडेंट या प्रोफेशनल जो खुद के कार्य से खुश नहीं हो उनको भी ठीक करना हमारा लक्ष्य।

## हनुमान मंदिर के निर्माण के लिए बरहमसिया चौक के व्यवसाइयों ने किया बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी** : प्रखंड क्षेत्र के बरहमसिया चौक पर बजरंग बली मंदिर के नव निर्माण को लेकर चौक के व्यवसाइयों ने सुबोध कुमार राय की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया जिसका संचालन सुरेन्द्र प्रसाद कुशवाहा के द्वारा किया गया। इस बीच बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने अपना अपना विचार दिए एवं मंदिर को भव्य और आकर्षक रूप से तैयार करने पर सहमति जताई। बता दें कि इस चौक पर स्थित मंदिर में एक तरफ बजरंग बली तो दूसरे और बाबा भोलेनाथ का शिवलिंग हैं, जहां प्रत्येक पर्व त्योहारों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमती हैं। सर्वसम्मति से बैठक में मंदिर नव निर्माण को लेकर बजरंग बली विकास समिति के नाम से एक कमिटी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष के रूप में अशोक कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष निरंजन कुमार, सचिव दिलीप राय, सह सचिव चन्द्रिका राय , कोषाध्यक्ष द्वारिका स्वर्णकार , संरक्षक मनोज कुमार वर्मा का चयन किया गया। साथ हीं सहयोगी सक्रिय सदस्यों में बरहमसिया पंचायत के पूर्व मुखिया प्रेमचंद प्रसाद



कुशवाहा, अरारी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार वर्मा, शाखाबारा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, अनिल सोनी, राम प्रवेश कुमार,हेमलाल प्रसाद वर्मा, विनोद प्रसाद कुशवाहा, सुबोध कुमार राय, नवल किशोर वर्मा, कांत वर्मा,प्रमोद रॉय,प्रभु दयाल चौधरी ,कंचन राय , दशरथ प्रसाद वर्मा को रखा गया। वहीं बैठक में संजय कुमार वर्मा अर्जुन प्रसाद वर्मा ,बलदेव यादव, धीरेन्द्र कुमार समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## झरिया विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 में स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत दिनांक 03 अप्रैल 2024 को विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न बूथों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत आज झरिया के कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर चुनाव से संबंधित फ्लोर गेम, क्विज प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, जागरूकता रैली, समेत कई अन्य गतिविधियां की गई। इन सभी गतिविधियों का लक्ष्य है कि शत प्रतिशत वोटर मतदान के दिन अपने-अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। साथ ही स्वीप कोषांग अंतर्गत मतदाता जागरुकता के तहत लोगों को शपथ दिलाई गई। साथ ही लोगों में स्वीप गतिविधियों के तहत सेल्फी स्टैंड में सेल्फी भी ली।

**संक्षिप्त खबरें**

## विमरला माइंस की दयनीय स्थिति के लिए हिंडाल्को स्वयं जिम्मेवार : एसोसिएशन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह एवं झारखंड ट्रक ऑनर एसोसिएशन, विमरला के अध्यक्ष विनोद राम बिन्नू ने आज दूरभाष पर हिंडाल्को के महाप्रबंधक आर अमबस्ठा जी से बात की और कहा कि पिछले महीने से बिमरला माइंस बंद करके कंपनी बैठी हुई है, जबकि पिछले पूरे वित्तीय वर्ष में समझौते के हिसाब से आधे ट्रिप दिए गए हैं। कंपनी साल में चार महीने विमरला माइंस को बंद रखती है और बार-बार कुछ ना कुछ बहाना ढूंढ लेती है। कंपनी माईनिंग क्षेत्र की जमीन खत्म होने के बाद नई जमीन ढूंढती है, जबकि कंपनी को पहले से ही जमीन खरीद कर रखनी चाहिए। एसोसिएशन ने कंपनी से साफ-साफ कहा है कि अगर शीघ्र विमरला में ट्रकों का परिचालन शुरू नहीं किया जाता है।

# 10 किलो गांजा बरामद, अपराधी हुए गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** मिली सूचना के अनुसार राउरकेला से सिमडेगा चलने वाली गुप्ता बस में कुछ लोग अवैध रूप से गांजा लेकर आ रहे हैं। वरीय पदाधिकारी के द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में चेक पोस्ट में उपस्थित पुलिस पदाधिकारी को राउरकेला की ओर से आ रही गुप्ता बस को चेकिंग करने का निर्देश दिया गया। चेकिंग के कम में सभी बस यात्रियों से एक-एक करके पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान बस में मौजूद एक पुरूष एवं एक महिला के पास करीब 05 किलो अवैध गांजा बरामद किया गया। दोनो ने अपना-अपना नाम 1. सुधीर कुमार सिंह, पिता- मनेजर सिंह, ग्राम जसौली रदल हाता, थाना-पचरुखी, जिला सिवान (बिहार) एवं 2. पूर्वाशा पॉल, पिता- अमर कृष्ण पॉल, ग्राम नन्दनकानन, थाना मध्यनगर, जिला 24 परगना (पश्चिम बंगाल) बताया। तत्पश्चात पुनः जब उक्त दोनों से गहराई से पूछताछ किया गया तो अतिरिक्त 05 किलो गांजा



बस के सीट के नीचे छिपाकर रखे जाने की बात बताई। आरोपियों के इस बयान के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के निर्देशानुसार बस के सीटों के नीचे तलाशी लिया गया तो पाया कि एक सीट के नीचे पेशेवर तरीके से अतिरिक्त 05 किलो गांजा छिपाकर रखा गया है जिसे जप्त किया गया। इस तरह कुल 10 किलोग्राम गांजा जप्त हुआ है। इनलोग एक अन्तर्राज्यीय गिरोह के रूप में काम करते हैं जिसमें मन्टु कुमार सिंह, पिता-अर्जुन सिंह, ग्राम-नावाटोली, सिमलिया, थाना-रातु, जिला-रॉची नामक व्यक्ति रॉची में रिसिवर के रूप में कार्य करने की जानकारी प्राप्त हुई है जो गांजा को रिसिव करके बिहार भेजता है। जिसे छापामारी टीम के द्वारा रॉची से गिरफ्तार किया गया है। उक्त अभियुक्तों में से दो का पूर्व में आपराधिक इतिहास रहा है। इस घटना के संदर्भ में जलडेगा थाना (बांसजोर ओ0पी0) कांड सं0-16/24. दिनांक-02. 04.24 धारा-20/22 एन0डी0पी0एस0 एक्ट में दर्ज किया गया है। बरामद सामान की विवरणीः- 1. अवैध गांजा (करीब 10 कि0ग्रा0) 2. अभियुक्तों के पास से मोबाईल एवं अन्य सामान छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी / कर्मियों का नाम- 1. श्री पवन कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सिमडेगा 2. श्री भीखारी राम, पु0नि0 जलडेगा अचल 3. पु0अ0नि0 मुरताज अंसारी, ओ0पी0 प्रभारी बांसजोर 4. पु0अ0नि0 सच्चिदानन्द गुप्ता, थाना प्रभारी टी0टांगर 5. पु0अ0नि0 संजीत कुमार, सिमडेगा थाना 6. स0अ0नि0 संजय कुमार सिंह, बांसजोर ओ0पी0 7. स0अ0नि0 श्याम सुन्दर प्रसाद एवं अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे ।

# राजेन्द्र प्रसाद खत्री ने खेमराज स्मृति भवन में केंद्रीय महावीर मंडल का केंद्रीय कार्यालय का किया विधिवत उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** स्थानीय खेमराज स्मृति भवन में केंद्रीय महावीर मण्डल, लोहरदगा का केंद्रीय कार्यालय का विधिवत शुभारम्भ महावीर मण्डल के संरक्षकों, पदाधिकारियों एवं उपस्थित अतिथियों को तिलक लगाकर तथा भगवान राम तथा वीर हनुमानजी का पूजन पाठ व आह्वाहन के साथ ही साथ श्रीफल तोड़कर किया गया। कार्यालय का शुभारम्भ पर उपस्थित मुख्य संरक्षक श्री राजेन्द्र प्रसाद खत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम हम सनातन धर्मावलंबियों की इष्ट तो है हीं साथ साथ सनातन धर्म की पहचान भी है। हम सभी सनातनियों को रामनवमी के अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा,मंगलवारी जुलूस तथा विभिन्न अखाड़ों में होने वाले आयोजनों में बढ़चढ़कर सहभगिता निभाना होगा। वही केंद्रीय महावीर मण्डल अध्यक्ष विपुल तामेड़ा द्वारा आह्वाहन किया गया कि इस बार प्रत्येक अखाड़ा अपने क्षेत्र के किशोर व युवाओं को डंका के साथ साथ अस्त्र शस्त्र परिचालन



सम्बन्धी प्रशिक्षण देना अभी से प्रारम्भ कर दें तथा रामनवमी महापर्व के अवसर पर विभिन्न अखाड़ो में होनेवाली बाजा एवं अस्त्र शस्त्र परिचालन प्रतियोगिता में शत प्रतिशत भागीदारी निभावें। साथ ही साथ आगामी दिनांक 17 अप्रैल दिन बुधवार को ज़िला के रामनवमी शोभायात्रा में सभी सनातनी पुरुष महिला ज्यादा से ज्यादा संख्या में अस्त्र शस्त्र के साथ आवें एवं इस शोभायात्रा में शामिल होकर सनातनियों की चट्टानी एकता का परिचय दें। जबकि महासचिव अंकित वर्मा ने कहा कि केंद्रीय महावीर मण्डल के सभी पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता अपने व्यस्तम समय मे से कुछ समय निकालकर ज़िला के सभी अखाड़ा में अलग अलग टीम बनाकर प्रवास कर उन्हें रामनवमी शोभायात्रा तथा होनेवाली अस्त्र शस्त्र परिचालन व बाजा प्रतियोगिता में पहुंचने हेतु प्रेरित करें। आज केन्द्रीय कार्यालय शुभारंभ के अवसर पर मुख्य संरक्षक प्रवीण कुमार सिंह, ओम प्रकाश सिंह, श्रीचंद प्रजापति, चन्द्रशेखर प्रसाद अग्रवाल, परमेश्वर साहू, संरक्षक विनोद राय, अजय पंकज, रितेश कुमार, कंवलजीत सिंह, प्रेम प्रजापति, मनोज दास, रोहित कुमार, आनन्द पांडेय, विनोद सोनी, रिंकू वर्मा, प्रमोद प्रजापति, चन्दन गोयल, प्रदीप राणा, संदीप प्रसाद, संदीप पोद्दार समेत सैकड़ों सनातन भाई बन्धु उपस्थित रहें।

## मुझे गर्व होता है ऐसे प्रतिभाशाली युवाओं पर : नीरू शांति भगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला के सदर प्रखंड के हेसल पंचायत के कुरसे निवासी एवं पारा शिक्षक जाकिर हुसैन के छोटे बेटे दानिश हुसैन पूरे भारत के द्वारा आयोजित गेट परीक्षा में सातवाँ स्थान हासिल कर। पूरे लोहरदगा का नाम रोशन किया आज हमें फक्र होती है कि हमारे लोहरदगा जिला में भी ऐसी प्रतिभाशाली युवा है आज उन्हें अच्छी शिक्षा और दिशा देने की जरूरत है। हेसल पंचायत के कुरसे में जाकर झारखंड आंदोलनकारी लोहरदगा के पूर्व विधायक एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष की धर्मपत्नी तथा केंद्रीय महासचिव तथा लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत ने सम्मानित करते हुए उनके हौसले को बढ़ाते हुए उनके परिवार को धन्यवाद करते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य की कामना की। और इन्होंने यह भी कही कि आज ऐसी प्रतिभाशाली लोग दिन प्रतिदिन आगे आगे अच्छे-अच्छे संस्था से अपनी



शिक्षा अर्जन कर लोहरदगा का नाम रोशन करें और मैं भी इस कड़ी की एक अंग बनने की प्रयासरत हूँ। पूर्व विधायक स्व कमल किशोर भगत जी के द्वारा विधायकी काल में स्थापित किए गए हुए शैक्षणिक संस्थाओं को झारखंड सरकार को सुध लेने की जरूर तक नहीं समझते हैं। आज हमारे लोहरदगा मे पूर्व विधायक द्वारा जो कार्य किया। आज वर्तमान की सरकार शिक्षण संस्था को सुदृढ़करण एवं सुंदरीकरण ना करके उन्हें जर्जर अवस्था में छोड़ दिया गया है और शिक्षा को व्यापार का रूप देकर वर्तमान सरकार और लोहरदगा के विधायक मंत्री छोड़ दिए हैं। आज लोहरदगा जिला एवं विधानसभा का सूद लेने या देखने के लिए विधायक के पास समय की अभाव हैं। आने वाले दिनों में लोहरदगा की जनता भली प्रकार से उन्हें जवाब देगी। श्रीमती भगत के साथ में सदर प्रखंड के कार्यकारी अध्यक्ष किशोर उरांव, दिनेश उराँव, जाकिर हुसैन, मुस्तफा अंसारी, नरेश साहू आदि शामिल थे।

# रफ्तार का कहर, सिमडेगा-कुरडेग मुख्य मार्ग पर हुआ भीषण सड़क हादसा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा कुरडेग मुख्य मार्ग पर हुआ भीषण सड़क दुर्घटना। कुरडेग के तरफ से तेज रफ्तार से आ रही मोटरसाइकिल में तीन युवक सवार थे और गति सीमा बहुत ही ज़्यादा था , उनलोगों ने जैसे ही सेवई बाजार क्रॉस किया सनसेवई निवासी नन्दकिशोर सिंह की मोटरसाइकिल में भीषण टक्कर मारी। टक्कर के बाद दोनो मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गया और दोनो मोटरसाइकिल सवारों को गंभीर चोटे आई है। मौके पर भाजपा नेता डॉ मोहन बड़ाईक घटनास्थल पर पहुंचे और 108 पर कॉल कर एम्बुलेंस बुलाई तथा गंभीर रूप से घायल सनसेवई निवासी नन्दकिशोर सिंह को अपनी वाहन में बिठाकर प्राथमिक चिकित्सा हेतु सदर अस्पताल लेकर गऐ। अस्पताल में प्राथमिक चिकित्सा के उपरांत घायल



को फिलहाल एडमिट कर ली गयी है। पुलिस घटना के संबंध में छानबीन कर रही है। तेज रफ्तार वाले मोटरसाइकिल में सवार तीन युवकों में एक युवक घायल हालत में ही मोटरसाइकिल छोड़कर खेतों के रास्ते से भाग निकला बाकि दो युवक घायल अवस्था में हैं और सदर अस्पताल सिमडेगा में ही इलाजरत हैं । भाजपा नेता डॉ मोहन बड़ाईक ने कहा कि जिले में तेज रफ्तार ने अबतक कईयों की जान ले ली है । पर आज की युवा पीढ़ी दुर्घटना से सीख लेने के बजाए तेज रफ्तार को पैशन बना रहे हैं , और इनमें से सबसे अधिक दुर्घटना ड्रंक एण्ड ड्राइव से हो रही है । अधिकतर युवा शराब पीकर मोटरसाइकिल चलाते हैं और दुर्घटनाग्रस्त होकर अपनी जान गंवा रहे हैं। यहां पर सड़क का हाल भी बदहाल हो चुका है सड़कों में जगह-जगह गड्ढे हो रहे हैं , इसकी वजह से भी आए दिन मुसाफिर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। सिमडेगा से कुरडेग तक सड़क खराब हो चुकी है, जगह-जगह सड़क के दोनो तरफ अतिक्रमण भी हो रहा है कई लोग सड़क किनारे अपने वाहनों का पार्किंग बनाकर गलत तरीके से अपनी गाड़ियां खड़ी कर आवागमन को बाधित कर रहे हैं कई लोग सड़क किनारे कंस्ट्रक्शन हेतु बिल्डिंग मटेरियल आदि सड़क पर ही डालकर छोड़ देते हैं।

## कैरो महावीर मंडल पुरानी समिति भंग, नए समिति का पुनर्गठन, अध्यक्ष बने विवेक प्रजापति



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 02 अप्रैल मंगलवार को कैरो मुख्यालय स्थित दुर्गा वाडी भवन मे वर्ष 2024 श्री रामनवमी पुजा सह भरत-मिलाप की शोभायात्रा कार्यक्रम संपन्न किये जाने को लेकर बैठक आहुत की गयी, जिसमे पुरानी समिति को भंग कर नए समिति पुनर्गठन का प्रस्ताव सर्वसम्मति से लाया गया, जिसमे इस वर्ष 2024 मे समस्त कार्यक्रम संपन्न किये जाने हेतू विवेक प्रजापति को अध्यक्ष सर्वसम्मति से बनाया गया। विदित है कि श्री रामनवमी पुजा आगामी 17 अप्रैल को है,वहीं भरत-मिलाप की शोभायात्रा दशमी तिथि 18 अप्रैल को है। बैठक मे समिति का विस्तार भी किया गया जो निम्न प्रकार है। अध्यक्ष-विवेक प्रजापति, कार्यकारी अध्यक्ष-मनोज कुमार पांडे, उपाध्यक्ष-विपिन कुमार सिंह, बाबुलाल उराँव, सचिव- शंभू प्रसाद सोनी, सह-सचिव रंजीत प्रजापति, कोषाध्यक्ष-मुरारी सोनी, रवि प्रजापति, सह कोषाध्यक्ष-पप्पू गुप्ता, बजरंग प्रसाद, शैलेश कुमार, संगठन मंत्री-जितवाहन महतो, संजय साहू, अंकित सोनी, गौतम कुमार, संजय महतो, ब्रजेश राम, राजेश सोनी(उतका), राधेश्याम साहू, पंकज कुमार, जगलाल राम, कृष्णा साहू, मुकेश साहू, रिंकु प्रसाद। वही समिति मे सलाहकार समिति भी बनाई गई है जिसमे विशेश्वर प्र0 दीन, शरत कुमार विद्यार्थी, जगदीश यादव,सुरज मोहन साहू, राजेन्द्र सोनी, प्रमोद सिंह। मिडिया प्रभारी राज साहू। संरक्षक-मुखिया वीरेंद्र महली, वीरेंद्र पहान, सुरेन्द्र पहान, तोंनया भगत, बानेश्वर राम, गोपाल सोनी, रामप्रसाद यादव, बुधुवा उराँव, गोबर्धन महतो, नंदलाल प्रजापति, रामपवित्र सोनी, प्रभू भगत, आनन्द साहू, रौशन तिवारी, सुनील तिवारी, धनंजय राम वर्मा, बजरंग उराव, शंकर राम, गंगा साहू, बसंत साहू, कैलाश महतो, महादेव पुजार, के अलावे सभी जनप्रतिनिधि व सरना-सनातन प्रबुद्धजनो को संरक्षक मंडली मे शामिल किया गया है।

## एमबी डीएवी विद्यालय में उन्मुखीकरण ओरिएंटेशन प्रोग्राम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में माननीय प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में नवीन प्रवेश प्राप्त विद्यार्थियों के अभिभावकों के लिए दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम (ओरिएंटेशन प्रोग्राम) का आयोजन किया गया। ओरिएंटेशन प्रोग्राम विद्यालय का शैक्षणिक परिचय है यह विद्यालय से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ विद्यालय की संस्कृति, मूल्य और लक्ष्यों से परिचित होने में मदद करता है। इन्हीं उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए विद्यालय प्रांगण में ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा तीसरी से कक्षा नौवीं तक के विद्यार्थियों के अभिभावक शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। शिक्षक पी के सिन्हा व शिक्षिका ज्योति मिश्रा द्वारा मंच संचालन किया गया। संगीत शिक्षक श्रवण कुमार पाठक ने अभिनंदन गीत प्रस्तुत किया। मौके पर माननीय प्राचार्य महोदय द्वारा अभिभावकों को विद्यालय की नीति, कार्यशैली व लक्ष्यों से अवगत करवाते हुए अभिभावकों की विद्यालय से आशाओं व उम्मीदों की जानकारी ली तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय समूह द्वारा सर्वोत्तम प्रयास करने का आश्वासन दिया। अंत में शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## उपायुक्त द्वारा बैलून के जरिये मतदाता संदेश को आसमान की ओर छोड़ा गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत आज मतदाता जागरूकता के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के नेतृत्व में स्वीप के कार्यक्रम आयोजित किये गये। उपायुक्त द्वारा सर्वप्रथम भविष्य के मतदाताओं के रूप छात्र-छात्राओं को पदाधिकारियों व कर्मियों समेत सभी को मतदाता शपथ दिलायी गई। इसके बाद इलेक्शन मैस्कट आई-भाई का लोकार्पण किया गया। इसके उपरांत उपायुक्त द्वारा बैलून के जरिये मतदाता संदेश को आसमान की ओर छोड़ा गया। कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों द्वारा सेल्फी प्वाइंट में मतदान के लिए तैयार की सेल्फी ली गई। कार्यक्रम के अंत में समाहरणालय परिसर में एक स्काई बैलून अधिष्ठापित किया गया। आज के कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आईटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग,स्वीप कोषांग की वरीय पदाधिकारी सीता पुष्पा, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आईलिन टोप्पो, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक समेत अन्य उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर पीठासीन पदाधिकारीयों को दो पालियों में दिया गया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारियों को आज नदिया हिन्दू प्लस टू उच्च विद्यालय लोहरदगा में दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। आज प्रशिक्षण में पीठासीन पदाधिकारियों को मतदान प्रक्रिया के प्रशिक्षण अंतर्गत अपने दायित्वों का बिना चूक निर्वहन करने, अपने सहकर्मियों के साथ बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने, मतदान सामग्री के बारे जानकारी रखने व मतदान केंद्र में उन सामग्री की व्यवस्था, ईवीएम में आवश्यक मिलान करने, आवश्यक सीलिंग सामग्री, मतदान के पूर्व की तैयारी, आदर्श मतदान केंद्र का ले आउट तैयार करने, मतदान के दिन की तैयारी, मॉक पोल, मतदान प्रारंभ करने से संबंधित, आवश्यक प्रपत्रों को भरे जाने सम्बंधित विस्तृत जानकारी मास्टर ट्रेनर द्वारा दी गयी। इस प्रशिक्षण कार्य में 29 पदाधिकारी/कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया गया है। उक्त प्रशिक्षण 6 अप्रैल 2024 तक संचालित होगा।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में न्यू ब्राइट पब्लिक स्कूल निभा रही हैं अहम भूमिका : छोटी रानी उरांव



**कुडू-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के कुडू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सुंदरू में संचालित न्यू ब्राइट पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर कुडू प्रखंड के सुन्दरु पंचायत मुखिया छोटी रानी उरांवकैली व मौजूद रहे। इधर स्कूली बच्चों और शिक्षकों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुंदरू पंचायत मुखिया छोटी रानी उरांव ने कही कि क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में न्यू ब्राइट पब्लिक स्कूल बेहतर भूमिका निभाने का कार्य कर दिखा रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के गरीब पिछड़े वर्ग के बच्चों में न्यू ब्राइट पब्लिक स्कूल स्कूल प्रबंधन ने बेहतर शिक्षा प्रदान कर होनहार बनाने का सराहनीय कार्य कर दिखाया है। मुखिया छोटी रानी उरांव ने कहा कि शिक्षा इंसान को उनके मंजिल तक पहुंचाने में काफी मददगार साबित होती है बगैर शिक्षा के मनुष्य का जीवन पशु समान होता है। उन्होंने बच्चों के अभिभावकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सभी अभिभावक अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें और बच्चों को हुनरमंद बनाएं। जिससे आने वाले दिनों में आपके बच्चों को अपने हक अधिकार की प्राप्ति हेतु किसी प्रकार की परेशानियों से जूझना नहीं पड़े प्राचार्य नौशाद अंसारी ने कहा कि शिक्षा एक ऐसी हथियार है जिसके बदौलत इंसान खुद का और अपने परिवार वालों को बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा घर की माली हालत और जीवन को संवारने में काफी महत्वपूर्ण कड़ी है, शिक्षा के बिना बेहतर भविष्य निर्माण की कल्पना करना मुश्किल है प्राचार्य नौशाद अंसारी ने कहा कि आज के परिवेश में शादी विवाह समेत अन्य सभी प्रकार के कार्यालयों और दफ्तरों में शिक्षा की मांग बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों की बेहतरी हेतु अभिभावक भूखे पेट रहकर शिक्षा ग्रहण कराएं, ताकि आपके बच्चों का भविष्य सुनहरा और सुखद हो प्राचार्य नौशाद अंसारी ने कहा कि राज्य सरकार सभी वर्गों में शिक्षा को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाने का कार्य कर दिखा रही है,जरूरत है लोग शिक्षा की प्राप्ति हेतु जागरूक बनें और खुशहाल जीवन व्यतीत करें। ईस मौके पर शिक्षक ईमरान राय, पुजा कुमारी, सीमा उरांव, गुलसेदा प्रवीण, रुमाना परवीन, सुफैया परवीन, अभिभावक सलीम खान, सरहुल पहान, संजय पहान एवं संतोषी देवी, शमा परवीन, सोनी परवीन, सुमिता देवी, तेतरी उरांव, शकील अंसारी, शिवचन्द उरांव, मोइन अंसारी, इरशाद अंसारी ,रूपांति उरांव,पुणे उरांव, चांदनी परवीन, अमित यादव, रामसुमेर उरांव, मजीद खान और स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

# झामुमो जिला अध्यक्ष मुजम्मिल अहमद ने की जिला समिति की बैठक, संगठन पर हुई चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झामुमो जिला समिति की बैठक जिला कार्यालय में आज झामुमो जिला समिति के जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमे मुख्य रूप से सामिल प्रखंड से लेकर जिला के पदाधिकारी सामिल हुए संगठन को मजबूत को लेकर चर्चा किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा की आज लोहरदगा जिले में झामुमो के एक एक कार्यकर्ता मजबूत करने के लिए काम कर रहे है। जिला अध्यक्ष ने कहा की हम लोग फिर से हर बूथ में बैठक करेंगे इसको लेकर पंचायत समिति के पदाधिकारी को निर्देश दिया गया की अपने अपने बूथ में जाकर बूथ कमेटी को मजबूत करने का काम करे। उन्होंने कहा की जिस तरह से राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री को केंद्र सरकार के द्वारा जेल भेजने का काम किया इससे यहाँ की जनता में काफी आक्रोश दिखाई दे रहा है।



उन्होंने कहा की जिस तरह से पूर्व मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन राज्य में जितनी योजना आम आदमी के लिए चलाई उतनी योजनाओं के बारे में पूर्व के सरकारों ने सपने में भी नही सोचा था। अब वक्त आ गया है जनता केंद्र सरकार को सबक सिखाएगी। युवा जिला अध्यक्ष अजय उरांव ने कहा की हमारे पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष श्री हेमंत सोरेन को बिना सबूत किसी साजिश के तहत जेल में डालकर रखा गया है हमारे नेता के साथ अन्याय होने का मुख्य कारण उनका आदिवासी होना है हमारे नेता ने दबे कुचले मजलूमों का आवाज बनने का काम किया था इसी कारण भाजपा वालों ने झूठा केस में फसाकर जेल भेजने का काम किया है। जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि केंद्र सरकार एक आदिवासी मुख्यमंत्री को जेल भेज कर आदिवासियों का अपमान करने का काम किया है। जिस तरह से श्री हेमंत सोरेन विकास की गंगा बाहर रहे थे भारतीय जनता पार्टी को ये विकास नही पची और झूठा केश में जेल भेजने का काम किया। बैठक में मुख्य रूप से सामिल जिला सचिव अनिल उरांव, केंद्रीय समिति सदस्य विनोद यादव, समीद अंसारी, तिवारी उरांव, मुकेश साहू, युवा जिला अध्यक्ष अजय उरांव, उपाध्यक्ष अख्तर अंसारी, सैफुल्ला अंसारी, महिला जिला अध्यक्ष सरिता भगत, सचिव बरखा रानी, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष सतीम टोप्पो, सचिव मंसूर अंसारी, छात्र मोर्चा जिला अध्यक्ष सोमी कुमारी, सचिव संतोश उरांव, कुडू प्रखंड अध्यक्ष संकर उरांव, भंडरा प्रखंड अध्यक्ष परवेज आलम,कैरो अध्यक्ष सजाद अंसारी, सेन्हा अध्यक्ष राजकिशोर राम, सचिव अख्तर अंसारी, पेशरार अध्यक्ष सुखदेव सिंह, अरविंद सिंह, जयराम खेरवार, किस्को अध्यक्ष साकिर अंसारी, नगर अध्यक्ष आकाश साहू, अहद खान, लोहरदगा अध्यक्ष सरस्वती देवी, सुशमा उरांव, कमला देवी, यूसुफ अंसारी, लालू यादव, तय्यब अंसारी, विनोद कुमार आदि उपस्थित थे।

## आदिवासी समाज प्रकृतिपूजक समाज हैं : विलियम कुजुर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला अंतर्गत पेशरार प्रखंड के दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र के बुलबुल गांव मे आजसू पार्टी के जिला महासचिव विलियम कुजुर एवं जिला कोषाध्यक्ष संजू सिंह ने प्रकृति पर्व सरहुल महोत्सव में अतिथि के रूप में उपस्थित होकर लोगों को बधाई दी और क्षेत्र में खुशहाली के लिए प्रार्थना की। विलियम कुजूर ने कहा कि आदिवासियों समाज प्रकृतिपूजक समाज है और इनका हर पर्व प्रकृति से संबंधित है। यह समाज जल, जंगल और जमीन से जुड़ा हुआ समाज है। आपसी भाईचारगी बनाए रखना और परिश्रम करके ईमानदारी के साथ परिवार का पालन पोषण करना इनका मूल उद्देश्य है। सरहूल पर्व के अवसर पर एक दूसरे के कान में सरना फुल खोंसकर और मांदर- नगाड़ा के थाप पर नाच-गाकर ये लोग आनंद उठाते हैं और एक दूसरे को बधाई देते हैं। इस अवसर पर बुलबुल निवासी प्रेम उरांव, मोहन सिंह, महेंद्र सिंह खरवार, वास्तु राम, अगस्त राम, पंचम नगसिया, महेंद्र उरांव सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पीडीपी कश्मीर में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों से अपने उम्मीदवार उतारेगी : मुफ्ती



एजेंसी

**श्रीनगर** : पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को घोषणा की कि पार्टी कश्मीर में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों से अपने उम्मीदवार उतारेगी। उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों की घोषणा जल्द ही की जाएगी।मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए महबूबा ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि पीडीपी आगामी लोकसभा चुनावों में उनका समर्थन करेगी लेकिन तथ्य यह है कि उनकी पार्टी ने कोई रास्ता नहीं छोड़ा है। उमर के मुताबिक, पीडीपी का कहीं अस्तित्व नहीं है। उमर ने कल जो कुछ भी कहा है वह हमें पहले बताया जा सकता था। महबूबा ने कहा कि जिस तरह से उमर ने पीडीपी के बारे में बात की उससे मेरे कार्यकर्ता नाराज हो गए हैं जो इस समय एनसी को समर्थन देने के पक्ष में नहीं हैं। महबूबा ने कहा कि परामर्श चल रहा है और कश्मीर की सीटों पर उम्मीदवारों के संबंध में घोषणा जल्द ही की जाएगी। उन्होंने कहा कि उन्होंने अभी तक जम्मू संभाग में दोनों लोकसभा सीटों के बारे में कोई निर्णय नहीं लिया है।

## बसपा ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची

एजेंसी



**लखनऊ** : लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने अपने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। बसपा ने बुधवार को लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण के लिए पार्टी के 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। जिसमें बसपा प्रमुख मायावती, दूसरे नम्बर पर भतीजे आकाश आनंद और तीसरे नम्बर पर सतीश चंद्र मिश्रा और चौथे नम्बर पर विश्वनाथ पाल है।इसके अलावा उमाशंकर सिंह, मुनकाल अली, राजकुमार गौतम, समसुद्दीन राईन, सूरज सिंह जाटव, गोरेलाल जाटव, सतपाल पीपला, कुलदीप जाटव, डा. कमल सिंह, जगरूप जाटव, तिलक चौधरी, बालकराम जाटव, रवि जाटव, रणवविजय सिंह, जाफर मालिक, विजय सिंह है।इसी तरह हरपाल सिंह, चौधरी सुरेंद्र सिंह, टीकाराम सैनी, धनीराम, डॉ. ओमकार सिंह, दिनेश बघेल,डा. अशोक सिंह, बिजेंद्र सिंह विक्रम, रणवीर सिंह कश्यप, संतोष आनंद, रविन्द पारस, सत्य प्रकाश कर्दम, दारा सिंह आजाद, जयपाल सिंह, विक्रम भाटी, दयाराम सैन, नरेश गौतम, सोमपाल सिंह, मुकेश चन्द्र और गोवर्धन सिंह इस स्टार प्रचारक सूची में शामिल है।

# पश्चिमी यूपी की 5 सीटों पर बीजेपी की रणनीति पर बसपा ने फेर दिया है पानी

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : अभी कुछ दिन पहले तक राजनीतिक गलियारों में लोकसभा चुनावों को लेकर बीएसपी सुप्रीमो मायावती की शांति को बीजेपी के फेवर में माना जा रहा था. समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के समर्थक यह कहते हुए नहीं थक रहे थे कि मायावती अब खुलकर बीजेपी की बी टीम के रूप में काम कर रही हैं. लोकसभा चुनावों को लेकर बीएसपी में कोई हलचल न देखकर आम लोगों को भी यह भरोसा हो रहा था कि हो सकता है कि बीएसपी जानबूझकर लोकसभा चुनावों में इस तरह का व्यवहार कर रही हो. इसके बाद बहुत दिनों तक यह बात चली कि कांग्रेस और बीएसपी के नेता संपर्क में हैं. कुछ दिनों तक यह बात भी चली कि इंडिया गठबंधन मायावती को पीएम कैंडिडेट घोषित कर सकता है. पर ऐसा कुछ नहीं हुआ.अब जब काफी हद तक सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा हो चुकी है , तो सामने कुछ ऐसा निकल कर आ रहा है जो बीजेपी के लिए परेशान करने वाला है. कम से कम वेस्ट यूपी की इन 5 सीटों पर बीएसपी ने जो कैंडिडेट खड़े किए हैं वो बीजेपी के माथे पर चिंता बढ़ाने के लिए तो निश्चित रूप से काफी है.



### मेरठ में अरुण गोविल के लिए मुश्किल करेंगे देवव्रत त्यागी

मेरठ लोकसभा सीट पर बीजेपी ने अरुण गोविल को प्रत्याशी घोषित किया है तो समाजवादी पार्टी ने अतुल प्रधान को अपना उम्मीदवार बनाया है. मेरठ में करीब 37 प्रतिशत वोटर मुस्लिम हैं . इस तरह हार-जीत में सबसे निर्णायक भूमिका मुस्लिम वोटर्स की ही होती है.

### बिजनौर में बीएसपी का जाट प्रत्याशी बिगाड़ेगा एनडीए का खेल

बिजनौर सीट बीजेपी ने अपने सहयोगी दल आरएलडी को दिया है. एनडीए के उम्मीदवार के तौर पर यहां से आरएलडी प्रत्याशी चंदन चौहान अपनी किस्मत आजमा रहे हैं. जबकि समाजवादी पार्टी ने दीपक सैनी को अपना उम्मीदवार बनाया है. बसपा ने यहां से भी खेला कर दिया है. पार्टी ने यहां से जाट प्रत्याशी चौधरी वीरेंद्र सिंह को टिकट दे दिया है. चूंकि बीजेपी ने गुर्जर प्रत्याशी खड़ा किया है तो जाहिर है बसपा के जाट प्रत्याशी को स्थानीय जाटों का समर्थन मिल सकता है.

### मुजफ्फरनगर, जाट-मुस्लिम बहुल सीट पर कोई मुस्लिम प्रत्याशी नहीं

बीजेपी को उम्मीद थी कि बीएसपी एक बार फिर किसी मुस्लिम कैंडिडेट को यहां से खड़ा करेगी पर ऐसा नहीं हुआ.बीएसपी के कादिर राणा यहां से 2009 में सांसद रह चुके हैं . 2014 में भी वो दूसरे स्थान पर रहे. आंकड़े बताते हैं कि यहां से सात बार मुस्लिम सांसद रह चुके हैं. इसके बावजूद न तो समाजवादी पार्टी और न ही बीएसपी ने यहां से मुस्लिम कैंडिडेट खड़ा किया. अब अगर हरेंद्र मलिक को मुस्लिम वोट एकतरफा मिलते हैं तो बीजेपी के लिए जाहिर है मुश्किल खड़ी होगी. क्योंकि बीएसपी ने यहां से दारा सिंह प्रजापति को अपना प्रत्याशी बनाया है.

### बागपत सीट पर बीएसपी का बनिया प्रत्याशी

बागपत सीट भी मुस्लिम बहुल मतदाताओं वाली सीट है. एनडीए की ओर से यह सीट आरएलडी को मिली है. आरएलडी ने यहां से राजकुमार सांगवान को टिकट दिया है.यहां से भी बीजेपी का यही गणित था कि अगर बीएसपी मुस्लिम कैंडिडेट खड़ी कर देती है तो बीजेपी को बढ़त मिल जाती. बल्कि बीएसपी ने एक और मुश्किल खड़ी कर दी यहां से बनिया प्रत्याशी खड़ा करके. जब मुकाबला कांटे का हो तो एक एक वोट महत्वपूर्ण हो जाता है. बीएसपी का बनिया प्रत्याशी निश्चित ही आरएलडी के लिए मुश्किल खड़ी करेगा.

### लखीमपुर खीरी सीट पर बीएसपी का ब्राह्मण कैंडिडेट

सीतापुर और खीरी को जोड़ कर बना संसदीय क्षेत्र धौरहरा इस बार अपना चौथा सांसद चुनने जा रहा है. इस बार भी भारतीय जनता पार्टी की रेखा वर्मा अपना हैट्रिक लगाने के लिए मैदान में उतर रही हैं. पर उन्हें रिकॉर्ड बनाने से रोकने की तैयारी बीएसपी ने कर ली है.समाजवादी पार्टी ने दूसरी बार पूर्व एमएलसी व पार्टी मुखिया अखिलेश यादव के करीबी आनंद सिंह भदौरिया उम्मीदवार हैं.जबकि बहुजन समाज पार्टी ने यहां भारतीय जनता पार्टी के साथ खेल कर दिया है. बीएसपी भाजपा के ही एक बागी कैंडिडेट श्याम किशोर अवस्थी को अपना प्रत्याशी बनाया है.

## दशकों तक डकैतों के इर्द-गिर्द घूमती रही बुंदेलखंड की सियासत



एजेंसी

**भोपाल** : बुंदेलखंड की सियासत दशकों तक डकैतों के इर्द-गिर्द घूमती रही। बीहड़ में बैठे डाकू जिसे चाहते थे, उसे चुनाव जिता देते थे। इसके लिए वे बाकायदा फरमान जारी करते थे। चुनावी हवा का रुख मोड़ना उनके लिए बाएं हाथ का खेल होता था। 80 के दशक में यूपी के हिस्से में आने वाले बुंदेलखंड के सात में से छह जिलों- झांसी, जालौन, बांदा, महोबा, हमीरपुर व चित्रकूट में दस्युओं का दबदबा था। दस्यु ददुआ, निर्भय सिंह गुर्जर और ठोकिया ने खुद को बीहड़ का बादशाह घोषित कर दिया था। बदलते वक्त के साथ डकैतों ने सियासतदानों को अपना रहनुमा बनाया और बाद में वे खुद सरपरस्त बन गए। एक दौर ऐसा भी रहा जब नेता जीत के लिए दस्युओं से फरमान जारी कराते थे। बाद में डकैतों के परिजन खुद मैदान में उतरने लगे। इसमें पहला नाम दुर्दांत डकैत ददुआ का आता है, जिसकी चित्रकूट, महोबा, बांदा व मध्य प्रदेश के इलाकों में तूती बोलती थी। इसका फायदा उठाकर ददुआ अपने बेटे वीर सिंह को जिला पंचायत अध्यक्ष बनवाने में कामयाब हो गया।

साल 2007 में ददुआ एनकाउंटर में मारा गया, लेकिन तब तक उसके परिवार का राजनीतिक साम्राज्य खड़ा हो चुका था। उसका बेटा वीर सिंह सपा के टिकट पर चित्रकूट से विधायक बना, जबकि भाई बाल कुमार पटेल मिर्जापुर से सांसद बनने में कामयाब हो गए थे। भतीजे राम सिंह ने भी सपा के टिकट पर प्रतापगढ़ की पट्टी विधानसभा सीट से चुनाव जीता था। ददुआ की तरह ही अंबिका पटेल उर्फ ठोकिया के परिजनों ने भी राजनीति में हाथ आजमाया था। साल 2005 में ठोकिया की चाची सरिता बांदा के कर्वी ब्लॉक की निर्विरोध प्रमुख चुनी गई थीं।

जबकि, दूसरी चाची सविता को उसने निर्विरोध जिला पंचायत का सदस्य बनवा लिया था। साल 2007 में राष्ट्रीय लोकदल के टिकट पर मां पिपरिया देवी बांदा की नरैनी विधानसभा से चुनाव लड़ीं । वे ठोकिया के नाम पर सत्ताइस हजार वोट हासिल करने में कामयाब हो गई थीं। निर्भय सिंह गुर्जर का भी चुनावों में दखल रहा। झांसी के गरौठा, जालौन और भोगनीपुर की सियासत उसी की मर्जी से चलती थी। जिस पर हाथ रख देता, वही चुनावी दौड़ में वही आगे निकल जाता था।

**सांसद बन गई फूलन :** फूलन देवी झांसी मंडल के जालौन जिले के छोटे से गांव गोरहा का पूर्वा की थीं। 14 फरवरी 1981 को हुए बेहमई कांड के बाद फूलन देवी देश भर में सुर्खियों में आ गई थीं। जेल से रिहा होने के दो साल बाद 1996 में समाजवादी पार्टी ने उन्हें लोकसभा का टिकट दिया था। फूलन अपने पहले ही चुनाव में मिर्जापुर से सांसद बनने में कामयाब हो गईं। हालांकि, बाद में उनकी हत्या हो गई।

## कांग्रेस को एक और बड़ा झटका, बॉक्सर विजेंदर सिंह भाजपा में हुए शामिल



एजेंसी

**पटना :** आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगा है। मुक्केबाजी में भारत के पहले ओलंपिक पदक विजेता और कांग्रेस नेता विजेंदर सिंह भाजपा में शामिल हो गए हैं।विजेंदर सिंह ने 2019 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में दक्षिणी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से लड़ा था लेकिन वो हार गए थे। उनका नाम पिछले कुछ दिनों से मथुरा से पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चर्चा में था, जहां से अभिनेत्री और मौजूदा सांसद हेमा मालिनी फिर से चुनाव लड़ रही हैं।विजेंदर सिंह जाट समुदाय से आते हैं, जिसका हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान में बड़ी संख्या में सीटों पर राजनीतिक प्रभाव है।भाजपा में शामिल होने के बाद विजेंदर सिंह ने कहा देश के विकास और लोगों की सेवा के लिए मैं आज भाजपा में शामिल हुआ हूं। बॉक्सर विजेंदर कुमार ने देश को ओलपिंक में बॉक्सिंग में पहला पदक जिताया था। विजेंदर सिंह का जन्म 29 अक्टूबर, 1985 को हरियाणा के भिवानी में हुआ। पिता नाम महिपाल सिंह बेनीवाल है। जो हरियाणा रोडवेज में बस ड्राइवर रहे। उनकी मां गृहणी हैं। विजेंद्र बेहद निम्न मध्यम वर्गीय परिवार से जुड़े हैं। विजेंद्र सिंह ने अपनी शुरुआती पढाई भिवानी से ही पूरी की है। उन्होंने भिवानी के कॉलेज से स्नातक की पढाई की। विजेंद्र सिंह को कॉलेज के दिनों से ही मुक्केबाजी और कुश्ती का शौक था, वह इसकी प्रैक्टिस भिवानी बॉक्सिंग क्लब में करते थे। उन्होंने कोचिंग का प्रशिक्षण भारतीय बॉक्सिंग कोच गुरबक्श सिंह संधू से लिया हैं।विजेंदर उस समय विवादों में रहे, जब 2013 में पंजाब पुलिस ने अर्जुन पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ी जगदीश सिंह उर्फ भोला के घर से 130 करोड़ रुपये की 26 किलो हेरोइन बरामद किया था। तस्कर अनूप सिंह ने दावा किया था कि विजेंदर सिंह और उनके दोस्त राम सिंह ने कई मर्तबा हेरोइन खरीदी थी।

# पश्चिम बंगालः बारासात में टीएमसी और भाजपा के बीच कांटे की टक्कर

एजेंसी

**कोलकाता :** लोकसभा चुनाव के ऐलान के बाद सभी पार्टियों के उम्मीदवार जोर-जोर से प्रचार प्रसार में जुट गए हैं। पश्चिम बंगाल में उत्तर 24 परगना जिले की बारासात लोकसभा सीट कई मायनों में खास है। भारत-बांग्लादेश की सीमा से सटे इस क्षेत्र के कुछ हिस्से में बांग्लादेश से आए शरणार्थी मतुआ समुदाय के लोग निवास करते हैं जो बड़े पैमाने पर चुनाव परिणाम को प्रभावित करते हैं।

इस बार केंद्र सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम की अधिसूचना जारी की है जिसका असर चुनाव परिणाम पर देखने को मिलेगा। एक तरफ यहां सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ घुसपैठ को बढ़ावा देने



और बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों को संरक्षण देने के आरोप हैं। वहीं दूसरी ओर कट मनी, भ्रष्टाचार और विकास नहीं होना भी ममता बनर्जी की पार्टी और सरकार के खिलाफ मुद्दा है।बारासात लोकसभा सीट पर इस बार भी तृणमूल कांग्रेस ने मौजूदा सांसद काकोली घोष दस्तीदार को टिकट दिया है। भाजपा ने उनके खिलाफ स्वप्न मजूमदार को चुनाव मैदान में उतारा है। इन्हीं दोनों के बीच सीधी टक्कर के आसार हैं। फिलहाल इस सीट पर वाममोर्चा या कांग्रेस की ओर से उम्मीदवार नहीं उतारा गया है।

बारासात पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले का एक शहर है। यह बारासात सदर उपखंड का मुख्यालय भी है। यह क्षेत्र कोलकाता के नजदीक है और कोलकाता मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (केएमडीए) द्वारा कवर किए गए क्षेत्र का एक हिस्सा है।

बंकिम चंद्र चटर्जी 19वीं सदी के दौरान 24 परगना के डिप्टी मजिस्ट्रेट हुआ करते थे। बारासात संसदीय क्षेत्र के तहत सात विधानसभाएं आती हैं। इनमें हावड़ा, अशोक नगर, राजरहाट न्यू टॉउन, बिधाननगर, मध्यमग्राम और देगंगा शामिल हैं।

# बिहार में पहले चरण की वोटिंग 19 अप्रैल को, 38 उम्मीदवार मैदान में

एजेंसी

**पटना** : राज्य में लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर पहले चरण की वोटिंग 19 अप्रैल को होगी। इस चरण में चार लोकसभा क्षेत्रों गया, जमुई, नवादा और औरंगाबाद में मतदान होगा। पहले चरण की चार लोकसभा सीटों पर कुल 38 उम्मीदवार मैदान में हैं। सबसे अधिक कैंडिडेट गया लोकसभा सीट पर हैं। यहां निर्दलीय कैंडिडेट की संख्या सबसे अधिक है, जो राजग और महागठबंधन के प्रत्याशियों को टक्कर देंगे। चुनाव आयोग ने तरफ से यह जानकारी साझा की गई है कि इस बार पहले चरण की चार सीटों के लिए कुल 38 उम्मीदवार चुनावी मैदान में रह गए हैं। पहले चरण में चार लोकसभा सीटों जमुई, नवादा, गया और औरंगाबाद में 19 अप्रैल को मतदान होना है। इसको लेकर



मंगलवार के दिन नाम वापसी का समय बीतने के बाद उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी हुई है। इस लिस्ट के अनुसार इस बार मैदान में 38 कैंडिडेट हैं। इस चुनाव के लिए गया सीट से एक प्रत्याशी ने नाम वापस लिया है। नवादा लोकसभा सीट को छोड़कर बाकी सभी सीटों के उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह भी आवंटन किए गए हैं। हालांकि, नवादा के जिला निर्वाचन पदाधिकारी का तबादला होने से चुनाव चिन्ह आवंटन के लिए राज्य निर्वाचन कार्यालय को भेज दिया गया है। इस बार सबसे ज्यादा कैंडिडेट गया लोकसभा सीट से हैं। यहां जीतन राम मांझी राजग गठबंधन से तो कुमार सर्वजीत महागठबंधन से और सुषमा कुमारी बहुजन समाज पार्टी के सिंबल पर चुनाव लड़ रही है। इस सीट पर सात ऐसे उम्मीदवार हैं जो निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे हैं। नवादा लोकसभा सीट से इस बार आठ प्रत्याशी चुनावी मैदान में है, जिनमें विवेक ठाकुर राजग तो श्रवण कुमार महागठबंधन से चुनावी मैदान में हैं जबकि दो प्रत्याशी निर्दलीय चुनाव मैदान में आए हैं। औरंगाबाद लोकसभा सीट से नौ प्रत्याशी इस बार चुनावी मैदान में है। इसमें भाजपा से सुशील कुमार सिंह और राजद से अभय कुमार सिन्हा मैदान में हैं। इस सीट पर तीन निर्दलीय उम्मीदवार चुनावी मैदान में एनडीए और महागठबंधन को टक्कर देंगे। इसके अलावा जमुई लोकसभा सीट से सात कैंडिडेट चुनावी मैदान में है। इसमें महागठबंधन से अर्चना कुमारी और एनडीए से अरुण कुमार भारती चुनाव मैदान में हैं। इस सीट पर मात्र एक निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

## बस्तर लोकसभा सीट पर निष्पक्ष-शांतिपूर्ण मतदान कराने की तैयारी पूर्ण : सुंदरराज पी.

एजेंसी

**जगदलपुर :** लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में 19 अप्रैल को छत्तीसगढ़ की सिर्फ बस्तर लोकसभा क्षेत्र में मतदान होंगे। बस्तर लोकसभा सीट पर मतदान निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस ने तैयारी पूरी कर ली है। वहीं लोकसभा चुनाव के लिए केंद्रीय सुरक्षा बल की 200 कंपनियां पहुंच चुकी है। जवानों को प्रथम चरण के तहत बस्तर में होने वाले मतदान को लेकर विभिन्न क्षेत्रों में तैनात किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था करने के लिए केंद्रीय फोर्स और राज्य पुलिस के जवानों को तैनात किया जाएगा। इसमें केंद्र से मिलने वाली अतिरिक्त जवान शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार यह फोर्स ओडिशा, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र के विभिन्न रास्तों से होते हुए जगदलपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा



जिला मुख्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहे हैं। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि बस्तर लोकसभा सीट पर मतदान निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस ने तैयारी पूरी कर ली है। बस्तर लोकसभा सीट पर मतदान 19 अप्रैल को बस्तर और 26 अप्रैल को कांकेर लोकसभा क्षेत्र में होना है। मतदान की संपूर्ण कार्यवाही को सुरक्षित तरीके से संपन्न करने के लिए हमारे पास डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा फाइटर्स, सीआरपरएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी उपलब्ध थी। इसके अलावा केंद्रीय चुनाव आयोग ने हमें अतिरिक्त सुरक्षा बल उपलब्ध करवाया है। सीमावर्ती इलाकों में महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और ओडिशा के साथ समन्वय बैठक हो रही हैं।